नई दिल्ली
शनिवार, 30 मार्च 2024
चैत्र मास कृष्ण पक्ष, पंचमी वर्ष : 27, अंक : 353
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 34
न्यून. 21

haribhoomi.com

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



रंग पंचमी की शुभकामनाएं

जयशंकर बोले- आपकी यात्रा हमें आपके क्षेत्र की स्थिति को समझने का अवसर देती है

भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मिले यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा

# यूक्रेन ने जंग को खत्म करने के लिए भारत से मांगी मदद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

युद्ध शुरू होने के दो साल बाद पहली बार नई दिल्ली की यात्रा पर आए यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने शुक्रवार को भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से मुलाकात की है। भारत के निमंत्रण पर गुरुवार को दो दिनों की यात्रा पर दिल्ली पहुंचे यूक्रेनी विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने भारत के साथ रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध में 'शांति कैसे लाई जाए' इस मुद्दे पर बात की है। भारतीय विदेश मंत्री से मुलाकात के दौरान भी यूक्रेन के विदेश मंत्री ने युद्ध को लेकर बात की है और जंग को खत्म करने के लिए भारत की मदद मांगी है। भारतीय विदेश मंत्री ने अपने यूक्रेनी समकक्ष से कहा कि आपकी यात्रा हमें आपके अपने क्षेत्र की स्थिति को समझने का अवसर देती है।

1 जयशंकर बोले- रूस को जंग रोकने के लिए मनाएगा भारत

2 दोनों नेताओं ने वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा की



## मलेशियाई दौरा सफलतापूर्वक संपन्न, डिजिटल क्षेत्र के विकास पर जोर

विदेश मंत्री एस. जयशंकर विगत दिनों दो दिवसीय मलेशियाई की यात्रा पर गए थे। वे 28 मार्च को वापस आ गए थे। अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर बिन इब्राहिम से मुलाकात की। विदेश मंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि यह दृष्टिकोण दोनों देशों के बीच संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण एजेंडे को तैयार करने में मददगार साबित होगा। इस दौरान क्षेत्रीय विकास पर भी बातचीत हुई। विदेश मंत्री मोहम्मद हसन से भी मुलाकात की और विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग के विषयों पर भी चर्चा किया। वहीं एस.जयशंकर ने डिजिटल मंत्री गोबिंद सिंह देव से भी डिजिटल क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग पर बातचीत हुई।

### मोदी बनें शांतिदूत

इस महीने की शुरुआत में, यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की और पीएम नरेंद्र मोदी ने टेलीफोन पर बातचीत की थी, जिसमें यूक्रेनी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शांतिदूत की भूमिका निभाने का आग्रह किया था। बदले में पीएम ने भी यही बात दोहराई थी। इससे पहले, जनवरी में भी जयशंकर और कुलेबा ▶▶ शेष पेज 5 पर

### दोनों की भूमिका अहम

यूक्रेनी विदेश मंत्री कुलेबा ने कहा कि वह रूस के साथ शांति समझौता कराने में पीएम मोदी और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच संचार माध्यम के रूप में काम करेंगे। यूक्रेनी विदेश मंत्री दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय साझेदारी और आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा हुई। सहयोग से संबंधित मामलों ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पीएम ने ईसा मसीह के बलिदान को याद किया

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गुड फ्राइडे के मौके पर देशवासियों को संदेश दिया। पीएम ने ईसा मसीह के बलिदानों को याद किया और उनसे मिलने वाली क्षमा की शिक्षा के मजबूत होने की कामना की। पीएम ने ट्विटर पर पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि गुड फ्राइडे के दिन हम ईसा मसीह के बलिदान याद करते हैं। इससे हमें करुणा और क्षमा की शिक्षा मिलती है।



### चीता शावक 'मुखी' का मना जन्मदिन

**श्योपुर।** श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में खुशियां दिख रही हैं। मादा चीता ज्वाला की नन्हीं शावक मुखी एक साल की हो चुकी है, शुक्रवार को उसका पहला जन्मदिन मनाया गया। शावक के जन्म दिन पर बाकी चीता मित्रों के साथ केक काटा गया और मिठाइयां भी बांटी गई। शावक का नामकरण हुआ। अब मुखी के नाम से बुलाएंगे।



### वाहन खाई में गिरने से 10 लोगों की मौत

**जम्मू।** जम्मू से श्रीनगर जा रही एक यात्री कैब रामबन जिले में बैटरी चश्मा के पास देर रात करीब सवा एक बजे जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर 300 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई। घटनास्थल पर पुलिस, एसडीआरएफ और सिविल क्यूआरटी रामबन ने रेस्क्यू ऑपरेशन किया। सभी मृत यात्रियों के शव बरामद कर लिए गए हैं।



पीएम मोदी ने बिल गेट्स के साथ की खास बातचीत, जी-20 से लेकर डिजिटल इंडिया और ड्रोन दीदी तक साझा किए अनुभव

# पीएम बोले-तकनीक के प्रति लोगों की सोच में लाना चाहता हूं 'बदलाव'

पीएम ने काशी-तमिल संगमम का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां तमिल लोग आए हुए थे। तमिल भाषा मैं बोल नहीं सकता हूं तो मैंने एआई का यूज किया। मैं हिंदी में बोला और सबने मेरा भाषण तमिल में सुना।

1 मैं बच्चों तक बेस्ट एजुकेशन पहुंचाना चाहता हूं

2 टीचर्स की जो कमियां हैं, मैं उसे टेक्नोलॉजी से भरना चाहता हूं

3 हमारे यहां एग्रीकल्चर सेक्टर में भी बहुत बड़ा बदलाव आ रहा है



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी और दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों में शुमार बिल गेट्स ने शुक्रवार को कई मुद्दों पर खास बातचीत की।

इस दौरान जी20 शिखर सम्मेलन 2023 से लेकर डिजिटल इंडिया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डिजिटल रेवोल्यूशन, हेल्थकेयर, एजुकेशन, एग्रीकल्चर, नारी शक्ति, क्लाइमेट चेंज और गवर्नेंस जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स को बताया कि मैं बच्चों तक बेस्ट एजुकेशन पहुंचाना चाहता हूं। टीचर्स की जो कमियां हैं, मैं उसे टेक्नोलॉजी से भरना चाहता हूं। हमारे यहां एग्रीकल्चर सेक्टर में भी बहुत बड़ा बदलाव ला आ रहा है। पीएम मोदी ने कहा तकनीकी के प्रति लोगों की मानसिकता बदलना चाहता हूं। मुझे लगता है मुख्य बात यह है कि डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर लगातार समृद्ध होता जा रहा है। अब बहुत से लोग आइडेंटिटी सिस्टम और डिजिटल पेमेंट के बारे में जानते हैं। सरकार ने सभी गवर्नमेंट पेमेंट प्रोग्राम को डिजिटलाइज कर लिया है। लेकिन अब जब आप विभिन्न क्षेत्रों में जा रहे हैं किसानों को एडवाइज, जमीन का रजिस्ट्रेशन, बच्चों को शिक्षा, हेल्थ रिकॉर्ड्स जैसे अन्य मुद्दों ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पीएम ने 'नमो ड्रोन दीदी' के बारे में बताया

इसी के साथ पीएम मोदी और बिल गेट्स ने भारत में डिजिटल क्रांति के बारे में बात की। पीएम ने बिल को 'नमो ड्रोन दीदी' योजना के बारे में भी बताया। पीएम ने कहा कि जब मैं दुनिया में डिजिटल डिवाइड के बारे में सुनता था तो सोचता था कि मैं अपने देश में ऐसा कुछ नहीं होने दूंगा। डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर अपने आप में एक बड़ी जरूरत है और ये महिलाओं के लिए ज्यादा जरूरी है। पीएम ने कहा कि मैं भारत में नई तकनीक अपनाने के लिए तैयार हूं, मैंने 'नमो ड्रोन दीदी' योजना शुरू की है और यह बहुत सफलतापूर्वक चल रही है। पीएम ने कहा कि महिलाएं बताती हैं कि पहले उन्हें एक साइकिल तक ▶▶ शेष पेज 5 पर

पीएम ने दिए 'वोकल फॉर लोकल' गिफ्ट्स

### तमिलनाडु के खास मोती और टेराकोटा की मूर्ति दी



पीएम मोदी ने उन्हें केसर, दार्जिलिंग की नीलगिरी चाय भी गिफ्ट में दी

बातचीत के बाद गेट्स ने पीएम मोदी को कुछ पोषण से जुड़ी किताबें उपहार में दीं। वहीं, प्रधानमंत्री ने उन्हें 'वोकल फॉर लोकल' गिफ्ट हैंपर दिया। बिल गेट्स ने पीएम मोदी को उपहार में किताबें देते हुए कहा कि ये कुछ पोषण से जुड़ी की किताबें हैं। अंततः हम पोषण पर प्रगति कर रहे हैं। इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने उनका आभार जताया। वहीं, नरेंद्र मोदी ने 'वोकल फॉर लोकल' गिफ्ट हैंपर दिया। इसमें एक मोती का बॉक्स था, जिस पर मोदी ने कहा कि यह तमिलनाडु के थूथुकुडी में बनाए गए मोती हैं। उन्होंने कहा कि तूतीकोरिन या थूथुकुडी को तमिलनाडु के पर्ल सिटी के रूप में जाना जाता है। वहां के मछुआरे इस क्षेत्र में बहुत बड़ा काम करते हैं। मोदी ने कहा कि मैं एक बार तूतीकोरिन ▶▶ शेष पेज 5 पर

सी-विजिल एप से मिलीं 79 हजार शिकायतें

# चुनाव आयोग का दावा- 99 फीसदी का हुआ समाधान

**58,500** शिकायतें अवैध बैनर होर्डिंग्स को लेकर दर्ज

**1,400** शिकायतें पैसे, उपहार बांटने और शराब वितरण के बारे में




**89** प्रतिशत का समाधान 100 मिनट में किया गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने सी-विजिल एप को आचार संहिता का उल्लंघन को चिन्हित करने के लिए एक प्रभावशाली उपकरण बताया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से इस एप के माध्यम से 79,000 से अधिक शिकायतें मिलीं है।

आयोग ने आगे बताया कि 99 प्रतिशत से अधिक शिकायतों का समाधान कर दिया गया है । उनमें से 89 प्रतिशत का समाधान 100 मिनट में किया गया है।

### एक हजार शिकायतें प्रचार अवधि से संबंधित

आयोग ने बताया कि 58,500 शिकायतें अवैध बैनर होर्डिंग्स को लेकर दर्ज की गई थी, जबकि 1,400 शिकायतें पैसे, उपहार बांटने और शराब वितरित करने के संबंध में थे। वहीं तीन प्रतिशत शिकायतें संपत्ति को नष्ट करने को लेकर थी। डराने-धमकाने की 535 शिकायतों में से 529 का समाधान हो चुका है। एक हजार शिकायतें निषिद्ध अवधि के बाद प्रचार करने से संबंधित थी। बता दें कि 16 मार्च को सात चरण के चुनाव की घोषणा की गई थी और मतदान 19 अप्रैल से शुरू होगा, जो कि एक जून तक चलेगा। नतीजे चार जून को जारी होंगे।

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की नई सूची जारी

# 5 नामों का ऐलान, तीन कर्नाटक से, राजस्थान में 2 प्रत्याशी बदले



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने लोकसभा चुनावों के लिए प्रत्याशियों की नई सूची जारी की है। सूची में कांग्रेस ने 5 प्रत्याशियों के नाम का ऐलान किया है। इसमें राजस्थान की दो सीटों पर भी प्रत्याशियों के नाम का ऐलान किया गया है। कांग्रेस ने राजसमंद से डॉ. दामोदर गुर्जर और भीलवाड़ा से सीपी जोशी को मैदान में उतारा है। कर्नाटक में बेल्लारी (एसटी) सीट से ई. थुकाराम, कामराजनगर से सुनील बोस और चिकबल्लापुर से रक्षा रमैया को प्रत्याशी बनाया गया है।

### राजसमंद और भीलवाड़ा पर बदले प्रत्याशी

*राजस्थान की जिन दो सीटों पर कांग्रेस ने प्रत्याशियों को बदला है, उनमें राजसमंद और भीलवाड़ा सीटें शामिल है। राजसमंद से कांग्रेस ने सुदर्शन रावत की जगह डॉ. दामोदर गुर्जर को टिकट दिया है। बता दें कि पहले कांग्रेस ने दामोदर गुर्जर को भीलवाड़ा सीट से लोकसभा का टिकट दिया था लेकिन, नई सूची में दामोदर गुर्जर की सीट बदल दी गई है। अब उन्हें राजसमंद से टिकट दे दिया गया है। भीलवाड़ा से उनकी जगह पर सीपी जोशी को टिकट दिया गया है। इसके साथ ही अब राजस्थान की सभी सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों का ऐलान किया जा चुका है। साल 2019 में हुए लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को शिकस्त का सामना करना पड़ा था। उन चुनावों में भाजपा ने प्रदेश की सभी सीटों पर कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर दिया था।*

97.62% बैंकिंग प्रणाली में वापस आए

# 1 अप्रैल को आरबीआई 2000 रु. के नोट नहीं करेगा स्वीकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार 29 फरवरी 2024 तक, 2,000 रुपएके नोटों का लगभग 97.62% बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गया है। अब

भारतीय रिजर्व बैंक ने घोषणा की है कि वह खातों के वार्षिक समापन के कारण 1 अप्रैल को 2,000 रुपए नोटों को एक्सचेंज और स्वीकार नहीं करेगा।



आरबीआई ने कहा है कि यह सेवा 2 अप्रैल को फिर से शुरू होगी। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि खातों की वार्षिक क्लोजिंग के कारण भारतीय रिज़र्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में सोमवार, 1 अप्रैल, 2024 को 2,000 रुपए के बैंक नोटों ▶▶ शेष पेज 5 पर

जेल में बंद सत्येंद्र जैन की मुश्किलें और बढ़ीं

# ठग सुकेश से उगाही केस में सीबीआई जांच को मंजूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महाठग सुकेश चंद्रशेखर से कथित तौर पर 10 करोड़ रुपए की उगाही के मामले में गृह मंत्रालय ने सत्येंद्र जैन के खिलाफ सीबीआई जांच की मंजूरी दी है।

दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने फरवरी के महीने में इस मामले में सीबीआई जांच की सिफारिश गृह मंत्रालय से की थी। सुकेश चंद्रशेखर ने जैन पर आरोप लगाया कि बतौर प्रोटेक्शन मनी तिहाड़ जेल में रहते हुए उससे 10 करोड़ रुपए की उगाही की गई थी।



सीबीआई जांच को मंजूरी देते हुए उपराज्यपाल ने मामले में जरूरी कार्रवाई के लिए गृह मंत्रालय के पास भेज दिया था।

इसके साथ ही सीबीआई ने भी दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन और पूर्व जेल अधीक्षक राज कुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले के तहत जांच करने के लिए दिल्ली के उपराज्यपाल ▶▶ शेष पेज 5 पर

### जेल से सत्येंद्र जैन सरकार चला रहे

उपराज्यपाल ने 9 फरवरी को तिहाड़ जेल के पूर्व डीजी संदीप गोयल, तिहाड़ जेल के तत्कालीन अधीक्षक राज कुमार के खिलाफ भी सीबीआई जांच की मंजूरी दी थी। दरअसल, करोड़ों रुपए की ठगी और मनी लांड्रिंग के आरोप में सुकेश ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना को पत्र लिखा था। जिसमें उसने आरोप लगाया था कि जेल में सत्येंद्र जैन की अपनी सरकार चलती है।

यात्री को सीने में दर्द हुआ था

# इंदौर में इंडिगो फ्लाइट की कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

मध्यप्रदेश के इंदौर शहर के देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट पर गुरुवार को अचानक हड़कंप मच गया। मेडिकल इमरजेंसी के चलते पटना से अहमदाबाद जा रही इंडिगो फ्लाइट की यहां पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। फ्लाइट में सवार एक यात्री की तबीयत खराब हो गई थी।



एयरपोर्ट प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार निजी एयरलाइंस इंडिगो की उड़ान पटना से अहमदाबाद के लिए थी। यात्री अभिषेक नाथ माथुर (29) ने केबिन क्रू को घबराहट और सीने में दर्द होने की जानकारी दी। इसके बाद पायलट को सूचना को दी गई। प्राथमिक उपचार से लाभ नहीं होने पर पायलट ने इंदौर एटीसी से संपर्क किया। विमान को इंदौर एयरपोर्ट पर उतारने का निर्णय लिया गया। एयरपोर्ट पर संपर्क करके इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मांगी गई और रात 9 बजे लैंडिंग कराई गई। एयरपोर्ट प्रबंधन का कहना है कि लैंडिंग होते ही यात्री को बाहर लाया गया। उसकी जांच के बाद नजदीक के बांठिया अस्पताल भेजा गया। रात 9.30 बजे विमान को इंदौर से अहमदाबाद के लिए भी रवाना कर दिया गया था। बांठिया अस्पताल के संचालक अंशुल बांठिया ने बताया कि यात्री को घबराहट और चेस्ट पैन था। सभी जांच नॉर्मल आई है। उन्हें पहले से ऐसिडिटी की परेशानी थी। इलाज के बाद देर रात अस्पताल से रवाना कर दिया गया। उनकी तबीयत अब ठीक है।

अजय माकन का सवाल, क्या भाजपा से 4617 करोड़ की वसूली करेगा आयकर विभाग?

इस बार हिसाब किताब 1993-1994 से लेकर 2022-2023 तक का

# कांग्रेस को इनकम टैक्स से 1823 करोड़ रुपए का एक और नोटिस, अब सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

आयकर विभाग की एक नोटिस का मामला अभी निपटा भी नहीं था कि कांग्रेस पार्टी को एक और नोटिस मिलने से समूची पार्टी आगबबूला है। इस बार हिसाब किताब 1993-1994 से लेकर 2022-2023 तक का है। बकाया वसूली का नोटिस है कुल जमा 1,823.08 करोड़ रुपए। कांग्रेस पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन का दावा है कि जिस फार्मूले के आधार पर आयकर विभाग ने कांग्रेस पार्टी पर 'डिमांड' चस्पा किया है उसी आधार पर हिसाब-किताब किया जाए तो भाजपा पर 4,617 करोड़ रुपए का डिमांड निकलता है, माकन ने आयकर विभाग की ओर सवाल उछाला- क्या भाजपा को भी नोटिस भेजा गया है? क्या भाजपा से भी वूसली होगी? समूचे मामले को जनहित याचिका के रूप में सोमवार को सर्वोच्च ▶▶ शेष पेज 5 पर




### वामदलों को भी नोटिस

*कांग्रेस पार्टी समेत सीपीआई और सीपीएम जैसे वामदलों को भी आयकर विभाग ने नोटिस भेजा है। सीपीएम के पूर्व महासचिव प्रकाश करात ने कहा, कुछ तकनीकी खामियों की वजह से पार्टी पर 1.9 करोड़ का डिमांड आयकर विभाग ने भेजा है। मामला दिल्ली हाईकोर्ट में लंबित है। सीपीआई के कुछ प्रदेश इकाईयों के नए पैन नहीं बनाए जाने को लेकर आयकर विभाग ने पेनाल्टी लगाकर नोटिस भेजे हैं। सीपीआई के वरिष्ठ नेता ने कहा कि मामले में कोर्ट से गुहार लगाई गई है।*

### ऐसी कार्रवाई होगी कि किसी की हिम्मत नहीं होगी

इस बीच राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट कर अपने गुस्से का इजहार किया। उन्होंने लिखा, जब सरकार बदलेगी तो लोकतंत्र का चीरहरण करने वालों पर कार्रवाई जरूर होगी। और ऐसी कार्रवाई होगी कि दोबारा किसी की हिम्मत नहीं होगी ये सब करने की। ये मेरी गारंटी है। विदित हो कि पहले से ही भारी आर्थिक तंगी से जूझ रही कांग्रेस पार्टी ने 'क्राउड फंडिंग' करने की योजना बनाई थी। दो महीने से कम समय में पार्टी को 25 करोड रुपए का चंदा क्राउड फंडिंग से आया, लेकिन आयकर विभाग द्वारा बैंक ▶▶ शेष पेज 5 पर

### चोरी किये गये पांच लाख में से दो लाख कैश बरामद

# गुजराती गैंग का पर्दाफाश महिला समेत तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



कोतवाली थाना अंतर्गत लाल किला चौकी पुलिस ने गुजराती गैंग का पर्दाफाश किया है। एक महिला सहित गैंग के तीन सदस्यों को पकड़ा गया है। गिरफ्त में आये चोरों के नाम पूजा, रोहित और अक्षय हैं। इनके पास से चोरी किये गये पांच लाख में से दो लाख कैश बरामद हो गया है। इसके अलावा छह मोबाइल, ज्वैलरी कटर आदि सामान भी जब्त किया गया है। पुलिस को इस गैंग के तीन अन्य चोरों की अभी तलाश है।

पुलिस के अनुसार यह गैंग भोले भाले बिजनेसमैन या कलेक्शन एजेंट को टारगेट करता था। इन्हें पकड़ने के लिए पुलिस टीम ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद ली और साथ ही 150 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। इनके खिलाफ छह मार्च को एक शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता ने बताया था कि वह चांदनी चौक काम से आया था। उसने पांच लाख कैश कलेक्शन किया था। रकम लेकर वह ई रिक्शा से जाने लगा तो उसमें तीन महिलाएं और एक पुरुष पहले से मौजूद था। रास्ते में मौका देखकर उनके बैग से कैश चोरी कर लिया गया। सीसीटीवी से पता चला कि जिस रिक्शा में वारदात हुई। उस पर नंबर प्लेट नहीं था। पुलिस टीम ने ई रिक्शा के ड्राइवर का फोटो सीसीटीवी से निकाला और उसे पुलिस के रिकॉर्ड से मिलान किया। ड्राइवर की पहचान श्याम के रूप में हुई। वह पश्चिम विहार में हुई चोरी के मामले में गिरफ्तार हुआ था। उसके साथी की पहचान भी हो गई। इसके बाद पुलिस टीम ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से एक-एक करके तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को केस में इनके तीन अन्य साथियों की तलाश है। उनमें दो महिलाएं और एक श्याम नामक शख्स शामिल है।

### बर्थडे पार्टी के दौरान बैंक कर्मी की हत्या का आरोपी बाउंसर अरेस्ट

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के मंगोलपुरी थाना इलाके में एक महीने पहले हुई बैंक कर्मी युवक की हत्या के एक मामले में क्राइम ब्रांच ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इसका नाम अमन बताया गया है। वह बार में बाउंसर के रूप में कार्यरत था। डीसीपी सतीश कुमार के अनुसार एसीपी विवेक त्यागी की देखरेख में इंस्पेक्टर संजय कौशिक की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। हत्या का यह केस 21 फरवरी को सामने आया था। पुलिस को तफ्तीश में पता चला कि मृतक जतिन शर्मा प्राइवेट बैंक का कर्मचारी था। वह यारा दा अड्डा रेस्टोरेंट व बार में देर रात बर्थडे पार्टी में शामिल होने गया था। घटना में जतिन के दो दोस्त भी गंभीर रूप से घायल हुए थे। हत्या के इस मामले में पुलिस को अमन की तलाश थी। आरोपी पहले पहाड़गंज के एक बार में काम करता था। पूछताछ में इसने पुलिस को बताया कि जब जतिन अपने दोस्तों के साथ बर्थडे सेलिब्रेट करने आया तो केक कटिंग के बाद किसी बात को लेकर जतिन का बार में काम करने वाली एक लड़की से झगड़ा हो गया था। इसके बाद वहां पर मारपीट होने लगी, जिसमें जतिन और उसके दोस्तों पर जानलेवा हमला किया गया था।

## अदालत ने नाबालिग बेटी को गर्भवती करने वाले व्यक्ति को उम्र कैद की सजा सुनाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी में एक विशेष अदालत ने अपनी नाबालिग बेटी के साथ बलात्कार करने और उसे गर्भवती करने को लेकर दोषी करार दिये गए व्यक्ति को उम्र कैद की सजा सुनाते हुए कहा है कि यह एक निर्मम अपराध है और इसपर कोई नरमी नहीं बरती जा सकती। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश बबीता पूनिया 44 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ मामले की सुनवाई कर रही थी, जिसे अदालत ने जनवरी में दोषी करार दिया था। अभियोजन ने व्यक्ति को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के प्रावधानों और बलात्कार के लिए दंडनीय प्रावधानों के तहत आरोपित किया था। अदालत ने कहा कि अपराध की पैशाचिक प्रकृति और यह तथ्य कि पीड़िता, दोषी की बेटी थी और उसकी देखभाल और संरक्षण में थी, स्पष्ट रूप से दोषी की उम्र सहित उसकी व्यक्तिगत परिस्थितियों से अधिक महत्वपूर्ण है। दोषी व्यक्ति ने दलील दी थी कि अपने परिवार का गुजारा करने की जिम्मेदारी उसी पर है और परिवार में उसके बूढ़े माता-पिता, उसकी पत्नी और चार बच्चे हैं। उसने यह भी कहा था कि शराब के नशे में, वह यह भेद नहीं कर सका था कि वह (पीड़िता) उसकी बेटी थी या पत्नी। न्यायाधीश ने कहा कि मैं दोषी की सजा कम करने की दलील से प्रभावित नहीं हूं।

मैं ऐसे पिता की कल्पना नहीं कर सकती जो अपनी पत्नी और नाबालिग बेटी के बीच अंतर नहीं कर सकता। वैसे भी, यह पैशाचिक कृत्य एक बार नहीं किया गया बल्कि उसने अपनी नाबालिग बेटी के साथ कई बार बलात्कार किया और उसे गर्भवती कर दिया। न्यायाधीश ने 22 मार्च के एक फैसले में कहा कि दोषी व्यक्ति अधिकतम दंड पाने का हकदार है।

अदालत ने उल्लेख किया कि पीड़िता ने जब शिशु को जन्म दिया था उस वक्त उसकी (पीड़िता की) आयु 17 वर्ष थी।

न्यायालय ने यह भी कहा कि मुकदमे की सुनवाई के दौरान दोषी ने अपनी बेटी को एक पत्र लिखा था और उसे भावनात्मक रूप से 'ब्लैकमेल' करने की कोशिश की थी। न्यायाधीश ने कहा कि उम्र कैद की सजा न्याय प्रदान करेगा और समाज के हित में होगा।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो युवकों को घसीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




■ एक की हालत नाजुक

पश्चिमी जिले के तिलक नगर इलाके में गुरुवार रात रफ्तार का कहर देखने को मिला। एक कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार दो युवक काफी दूर तक घसीटे गये। बाइक भी कार में फंस गई थी। घायलों को दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। कार चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। यह हादसा तिलक नगर थाने से चंद कदमों की दूरी पर हुआ है। पुलिस के अनुसार हादसा रात करीब साढ़े 11 बजे हुआ। पुलिस मेट्रो पिलर नंबर 497 के पास पहुंची। फोर्ड कार ने पल्सर बाइक को कुचला हुआ था। ईआरवी के जरिये घायल बाइक सवारों को डीडीयू भिजवाया गया। पूछताछ में पता चला कि बाइक मनप्रीत (21) चला रहा था। पीछे पारस (19) पीछे बैठा था। कार चालक का नाम हरकिरत (27) पता चला है।

## झगड़े में बीच बचाव नहीं किया तो जांघ में घोंप दिया चाकू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



न्यू उस्मानपुर इलाके में झगड़े में बीच बचाव न करवाना एक युवक को महंगा पड़ा। गुस्साए शख्स ने दुकान में बैठे युवक की जांघ में चाकू घोंप दिया। लहूलुहान कर आरोपी मौके से फरार हो गया। घायल कुणाल को इलाज के लिए जग प्रवेश चंद अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। शिकायत पर न्यू उस्मानपुर पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। कुणाल अपने परिवार के साथ न्यू उस्मानपुर दूसरा पुश्ता पर रहता है। वह गुरुवार शाम कोचिंग गया था। वापस घर लौटते समय लाल अस्पताल के पास कुछ लोगों के बीच झगड़ा हो रहा है। वह बिना रुके अपने घर चला गया। रात को अपने घर के नीचे किराने की दुकान पर बैठा हुआ था। आरोप है कि उसी दौरान उसी इलाके का रहने वाला रोशन दुकान पर पहुंचा। उसने कहा कि जब उसके भाई धीरज को पीटा जा रहा था तो उसे बचाया क्यों नहीं। इस पर पीड़ित ने कहा कि वह किसी के झगड़े में नहीं पड़ता। इतना सुनते ही रोशन ने चाकू निकालकर उसकी जांघ में घोंप दिया।

## पंजाबी बाग फ्लाईओवर के ऊपर से ले जाते हैं बस, यात्री बेबस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पंजाबी बाग से आजादपुर की तरफ जाने वाले पंजाबी बाग गोल चक्कर के पास बने बस स्टैंड के सामने फ्लाईओवर हैं जिसके चलते अधिकतर बस चालक बसों को फ्लाईओवर के ऊपर से ले जाते हैं और बस यात्री बस के लिए फ्लाईओवर के नीचे इंतजार करते रहते हैं और इस हरकत को देख बेबस हैं क्योंकि ऐसे में बस यात्री शिकायत के लिए बस का नंबर भी नोट नहीं कर पाते है साथ ही दिल्ली सरकार की वन ऐप पर बस की जानकारी लेना चाहे तो वहां भी जीपीएस सिस्टम पर बस नजर नहीं आती है।

यात्रियों ने बताया कि इसी बस स्टैंड की शिकायत होने के बाद डीटीसी प्रशासन ने फ्लाईओवर के नीचे से बसों के संचालन के निर्देश दिए थे और यहां से बसों का संचालन शुरू हो गया था। लेकिन फिर कुछ दिनों के बाद बसों को फ्लाईओवर के ऊपर से ले जाना शुरू कर दिया जिसके चलते यात्री परेशान हैं।

### आगे जाम लगा है, बस नहीं जाएगी : चालक

किसानों के आंदोलन के मामले को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग 44 के जीटी करनाल मार्ग स्थित सिंघू बॉर्डर पर हर दिन अभी भी यातायात जाम लगा रहता है जिसके चलते सिंघू बॉर्डर से नरेला जाने वाली दिल्ली सरकार की बसों को सिंघोला फ्लाईओवर से नरेला की तरफ मोड़ लिया जाता है। बस यात्री सिंघू बॉर्डर से बसों को लेकर जाने की बात कहते हैं तो बस चालक कहते हैं कि आगे यातायात जाम है और यात्रियों को वहीं उतार दिया जाता है। ऐसे में यात्रियों को करीब दो किमी तक पैदल ही जाना पड़ता है। यात्री बताते हैं कि यह एक दो दिन की समस्या नहीं है और अब बस चालक से सिंघू बॉर्डर की तरफ जाने की बात कही जाती है तो चालक और संवाहक कहासुनी तक पर उतर आते हैं। सिंघू बॉर्डर से आवागमन करने वाले दैनिक बस यात्रियों ने बताया कि सिंघू बॉर्डर के लंबे जाम को देखते हुए सिंघू बॉर्डर से नरेला व सिंघू बॉर्डर तक जाने वाली डीटीसी, डिम्ट्स कंपनी की बसें अपने रूट पर 131,136,144,193 पर नहीं चल रही है।

## बकाया राशि जमा करने के लिए आज और कल भी खुलेंगे एनडीएमसी के काउंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ बकाया राशि को जमा करने की योजना समय रहते बना सकते

नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के संपत्ति - कर, वाणिज्यिक, संपदा विभाग और कैश काउंटर निवासियों, करदाताओं, सेवा उपयोगकर्ताओं, बिजली और पानी के उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए आज, 30 और कल, 31 मार्च, 2024 को शनिवार और रविवार होने पर भी खुले रहेंगे, जिससे एनडीएमसी क्षेत्र में रहने वाले उपभोक्ता बकाया संपत्ति कर, बिजली और पानी के बिल और सम्पदा बकाया के भुगतान करवा सके। एनडीएमसी कर, संपदा, वाणिज्यिक विभाग और कैश शाखा वित्तीय वर्ष 2023-2024 के समापन के कारण 30 और 31 मार्च, 2024 (शनिवार और रविवार) को खुले रहेंगे 'संपत्ति कर और बिलों के संग्रह के लिए रात 8 बजे तक और गोल मार्केट में शहीद भगत सिंह प्लेस (केवल 30 मार्च 2024 को), संसदीय सौध के साथ-साथ संसद मार्ग पर पालिका केंद्र पर स्थित सभी कलेक्शन काउंटर भी शाम 6 बजे तक खुले रहेंगे।

एनडीएमसी प्रशासन ने यह जानकारी देते हुए बताया कि एनडीएमसी के सभी सेवा उपयोगकर्ताओं, करदाताओं, बिजली और पानी के उपभोक्ताओं को यह सलाह दी जाती है कि आखिरी घंटे की भीड़ से बचें और जहां तक संभव हो कलेक्शन काउंटर बंद होने के आखिरी घंटों का इंतजार न करें। इच्छुक नागरिक अपने संपत्ति कर, बिजली, पानी के बिल और संपदा की बकाया राशि को जमा करने की योजना समय रहते बना सकते हैं। इसके अलावा, एनडीएमसी क्षेत्र के निवासी, करदाता, सेवा उपयोगकर्ता अपना भुगतान ऑनलाइन मोड के माध्यम से भी जमा कर सकते हैं।

## भाजपा ने पुलिस लगाकर महारैली का निमंत्रण देने से रोका : भारती




हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

इंडिया गठबंधन से नई दिल्ली के प्रत्याशी सोमनाथ भारती ने शुक्रवार को आरोप लगाया है कि इंडिया गठबंधन की एक एकजुटता से भाजपा बुरी तरह से घबरा गई है। इसलिए भाजपा ने पुलिस लगाकर 31 मार्च को रामलीला मैदान में होने वाली महारैली में निमंत्रण देने से उन्हें और विधायक वीरेंद्र कादियान को रोक दिया। भारती ने कहा कि जब वह शुक्रवार को दिल्ली कैंट में विधायक वीरेंद्र कादियान के साथ महारैली के लिए लोगों को निमंत्रण दे रहे थे तभी पुलिस ने निमंत्रण देने के लिए रोका और कहा कि आप यहां पर प्रचार नहीं कर सकते हैं। इसलिए हम वापस जा रहे हैं। सोमनाथ भारती ने कहा कि जब मैंने प्रचार से रोकने का कारण पूछा तो 144 लगे होने का दावा किया गया। लेकिन इस प्रकार का कोई आदेश दिखा नहीं पाए। उन्होंने कहा कि भाजपा क्या चाहती है? आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेताओं को जेल में बंद कर दो और फिर उनके उम्मीदवारों को चुनाव प्रचार भी नहीं करने दो। आज इस क्षेत्र का हर व्यक्ति कह रहा है कि आप चिंता ना करो, भाजपा हार रही है और ये आपको प्रचार करने से रोक सकते है लेकिन जनता को प्रचार करने से कैसे रोकेंगे। आज हर व्यक्ति कह रहा है मैं भी केजरीवाल। भारती ने कहा कि आज हमारा नेता जेल में है और हम प्रचार भी नहीं कर सकते हैं। आखिर भाजपा क्या चाहती है कि हम प्रचार भी ना करें और घर बैठ जाएं। भाजपा साफतौर पर क्यों नहीं कह देती है कि हिंदुस्तान में इमरजेंसी लग गई है और आप लोग घर में बैठ जाओ। ये लोग प्रचार के दौरान चार लोगों को भी अनुमति नहीं कर रहे हैं। हालांकि, इसमें पुलिस भी कुछ नहीं कर सकती है, क्योंकि उनको भी ऊपर से ऐसे निर्देश मिले हुए हैं। लेकिन मैं इस का पुरजोर विरोध दर्ज करता हूं। भारती ने कहा कि इस तरह के हालात लोकतंत्र के लिए खतरा है। इसलिए सभी लोग 31 मार्च को रामलीला मैदान में होने वाली महारैली में जरूर शामिल हों। जिससे इन अलोकतांत्रिक और लोकतंत्र के दुश्मन लोगों को पता चले कि हिंदुस्तान में अभी भी लोकतंत्र, प्रजातंत्र जिंदा है और जो प्रजा चाहेगी, वही इस देश में होगा। वहीं विधायक वीरेन्द्र कादियान ने कहा कि हम कानून को मानने वाले लोग हैं। जबकि, प्रचार न करने को लेकर कोई पत्र और आदेश नहीं है। लेकिन पुलिस कह रही है आम आदमी पार्टी वालों को प्रचार नहीं करने देना है तो हम लोग वापस जा रहे हैं। जिससे किसी प्रकार की दिक्कत ना हो।


## गुमशुदा की तलाश



निभा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका **नाम:** निभा, **पत्नी:** रामदरश, **पता:** घिटोरनी तालाब के पास, नई दिल्ली, **उम्र:** 32 साल, **कद:** 4'11", **रंग:** सांवला, **शरीर:** मध्यम, **चेहरा:** गोल, **पहनावा:** आसमानी रंग का सूट और सलवार पहने है, जो दिनांक 18.03.2024 से अपने घर से लापता है। इस बाबत **DD No. 122A, दिनांक: 19.03.2024, थाना: वसंत कुंज दक्षिण, दिल्ली** में दर्ज है।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता महिला के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता महिला के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

**फोन: 011-24368638, 24368641**
**वेबसाईट: http://cbi.nic.in**
**ई–मेल: cic@cbi.gov.in**
**फैक्स: 011-24368639**
**DP/3577/SW/2024**

**थाना प्रमुख**
**पुलिस स्टेशन: वसंत कुंज दक्षिण, दिल्ली**
**फोन: 011–26139361, 26139360, 7065036225**


### सभी सब्जियों में हल्की सिंचाई करने की सलाह

## अपनी कटी फसलों को ढ़ककर रखें किसान : पूसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




मौसम को ध्यान में रखते हुए किसान अपनी कटी फसलों को ढ़ककर रखे। पूर्ण रूप से पके तोरिया या सरसों की फसल को अतिशीघ्र काट दें। 75-80 प्रतिशत फली का रंग भूरा होना ही फसल पकने के लक्षण हैं। फलियों के अधिक पकने की स्थिति में दाने झड़ने की संभावना होती है। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (पूसा) के कृषि भौतिकी संभाग में नोड्ल अधिकारी डॉ. अनन्ता वशिष्ठ ने साप्ताहिक मौसम पर आधारित कृषि सम्बंधी सलाह 2 अप्रैल, 2024 तक की जानकारी देते हुए उक्त सलाह दी है। नोड्ल अधिकारी डॉ. वशिष्ठ ने बताया कि अधिक समय तक कटे फसलों को सुखने के लिए खेत पर रखने से चितकबरा बग से नुकसान होता है। इसे देखते हुए किसान जल्द से जल्द गहाई करें। गहाई के बाद फसल अवशेषों को नष्ट कर दें, इससे कीट की संख्या को कम करने में मदद मिलती है।

मौसम शुष्क रहने की संभावना को ध्यान में रखते हुए सभी सब्जियों में हल्की सिंचाई करने की सलाह दी जाती है, सिंचाई सुबह या शाम के समय ही करें। टमाटर, मटर, बैंगन व चना फसलों में फलों/ फल्लियों को फल छेदक/फली छेदक कीट से बचाव के लिए किसान खेत में पक्षी बसेरा लगाए। वे कीट से नष्ट फलों को इकट्ठा कर जमीन में दबा दें। साथ ही फल छेदक कीट की निगरानी हेतु फिरोमोन प्रपंश 2-3 प्रपंश प्रति एकड़ की दर से लगाएं। यदि कीट की संख्या अधिक हो तो बीटी 1.0 ग्राम/लीटर पानी की दर से छिड़काव करें फिर भी प्रकोप अधिक हो तो 15 दिन बाद स्पिनोसैड कीटनाशी 48 ईसी प्रति 1 मिली प्रति 4 लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।

## दिल्ली नगर निगम के आदेश के विरोध में डीबीसी कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ महापौर, निगमायुक्त से लगाई गुहार

दिल्ली नगर निगम के डीबीसी कर्मचारी निगम प्रशासन के उस आदेश का विरोध कर रहे हैं जिसमें डीबीसी कर्मियों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। एंटी मलेरिया एकता कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष देवानंद शर्मा ने बताया कि 26 मार्च 2024 को जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा डीबीसी कर्मियों के 25 अक्टूबर 2023 में प्रस्ताव पारित होने के बाद एक आदेश जारी किया गया है। जिसमें एक एमटीएस पद के लिए एक नया एग्रीमेंट मांगा गया है। जिसको लेकर सभी करीब 3000 कर्मियों में भारी रोष व्याप्त है और उनकी खुशियों को लगाम लगा दी गई है। वहीं, यूनियन वरिष्ठ सचिव रामपाल ने बताया कि हम महापौर डॉ. शैली ओबरॉय, निगमायुक्त और निगम स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से गुहार लगाते हुए कहा कि डीबीसी कर्मियों की पुरानी सेवाओं को ध्यान में रखते हुए जीवन उद्धार करें। यूनियन का कहना है कि ऐसा लगता है कि डीबीसी कर्मियों को जन स्वास्थ्य विभाग अधिकारी कुछ देना ही नहीं चाहते हैं, क्योंकि इस एग्रीमेंट के मुताबिक कर्मचारी को सिर्फ फांसी ही नहीं लगाई गई है बाकी सारे उनके अधिकार छीन लिए गए हैं। यूनियन कर्मियों का कहना है कि जो रोटी वह दाल से खाता था आज उसका नमक भी निकाल लिया गया है। जिसकी वजह से वह ना तो बोलने लायक है और ना कुछ कहने लायक। सिर्फ एक बंधुआ मजदूर की तरह 28 साल बाद भी वह कार्य करेगा। डीबीसी कर्मियों का कहना है कि करीब तीस साल से उन्हें कोई सम्मान जनक पद नहीं मिल पाया है।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अविनाश उर्फ डॉक्टर, पुत्र अनिल निवासी गली नंबर 12, समता विहार, मुकुंदपुर, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 19/2020 धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, थाना बुराड़ी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **अविनाश उर्फ डॉक्टर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **अविनाश उर्फ डॉक्टर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 19/2020 धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, थाना बुराड़ी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अविनाश उर्फ डॉक्टर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.04.2024** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री मयंक अग्रवाल**
**एलडी. महानगर दण्डाधिकारी, कमरा नं.286**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

दि.पु./3605/उत्तर/2024

# महारैली में शामिल होने के लिए घर-घर जाकर न्यौता दे रही 'आप' : राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

रामलीला मैदान में 31 मार्च को होने वी इंडिया महारैली को सफल बनाने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) घर-घर जाकर लोगों को न्यौता दे रही है। इस बात की जानकारी दिल्ली के प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने शुक्रवार को दी है। शुक्रवार को दिल्ली के प्रदेश संयोजक गोपाल राय कार्यकर्ताओं के साथ करोल बाग के रैगरपुरा पहुंचे और घर-घर जाकर लोगों को महारैली में आने के लिए अपील की। उन्होंने कहा कि आप के मंत्री, विधायक, पदाधिकारी और कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को न्यौता दे रहे हैं। इस महारैली में विपक्षी दलों के नेताओं की गिरफ्तारी के खिलाफ जनता के साथ आवाज बुलंद जाएगी। राय ने कहा कि



सीएम केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर जनता में भारी आक्रोश है। लोग देख रहे हैं कि कैसे सारे भ्रष्टाचारी बीजेपी में शामिल होकर बेदाग हो जा रहे हैं और ईमानदारी से दिल्लीवालों के लिए काम करने वाले सीएम केजरीवाल को जेल में डाल दिया गया है। दिल्ली की जनता अब इस तानाशाही को बर्दाश्त नहीं करेगी। गोपाल राय ने कहा कि महारैली में इंडिया गठबंधन के सभी प्रमुख नेता नजर आएंगे। यह रैली अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ और देश के लोकतंत्र को बचाने को लेकर है। क्योंकि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी लोकतंत्र की हत्या है और लोकतंत्र की ये हत्या तानाशाही तरीके से की जा रही है। दिल्ली में यह तानाशाही इतनी बढ़ गई कि मुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर लिया गया। इसलिए महारैली में सभी लोग इन्हीं बातों पर अपनी चिंता व्यक्त करने के लिए इकट्ठा हो रहे हैं। जिस तरह से तानाशाही हो रही है, लोकतंत्र की हत्या हो रही है और विपक्ष के चुने हुए मुख्यमंत्रियों को गिरफ्तार किया जा रहा है, वो गलत है और इसके खिलाफ महारैली में आवाज उठाई जाएगी।

## इंडिया गठबंधन की रैली की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे लवली

**नई दिल्ली।** इंडिया गठबंधन की 31 मार्च को होने वाली लोकतंत्र बचाओ देश बचाओ रैली की तैयारियों का जायजा लेने कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली शुक्रवार को रामलीला मैदान पहुंचे। इस अवसर पर लवली के अलावा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा, निगम प्रभारी जितेंद्र कुमार जीतू व अन्य मौजूद थे। लवली ने अंतिम चरण में चल रही तैयारियों का अवलोकन किया व कुछ दिशा निर्देश भी दिए। सूत्रों के अनुसार रैली में राहुल गांधी सहित कई अन्य बड़े नेता भी शामिल होने वाले है। रैली को लेकर उन्होंने कहा कि रामलीला मैदान की रैली में कांग्रेस पार्टी के पांच न्याय हिस्सेदारी न्याय, युवा न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय, किसान न्याय के संबधित 25 न्याय की मांगों को प्रमुखता से उठाएगी।






## खबर संक्षेप

### एमसीडी 700 से अधिक संपत्तियों को कर चुका है सील : पूर्व महापौर

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम 700 से अधिक संपत्तियों को सील कर चुका है। इससे यह स्पष्ट होता है कि दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय जनता को राहत देने की बजाय उनके लिए मुसीबत बनी हुई हैं। दिल्ली नगर निगम की पूर्व महापौर सत्या शर्मा ने महापौर डॉ. ओबरॉय की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा है कि नगर निगम के आम माफी योजना ना लाने की वजह से राजस्व एकत्रित करने के अपने लक्ष्य से कोसों दूर है। शाहदरा उत्तरी ज़ोन ने मार्च 2024 में सिर्फ 1900 करोड़ रुपए का राजस्व ही एकत्रित हो सका है जबकि बीते वित्त वर्ष में 2400 करोड़ रुपए टैक्स एकत्र हुआ था। निगम की पूर्व महापौर सत्या शर्मा ने कहा है कि अगर दिल्ली नगर निगम ने जनता को आम माफी योजना का लाभ दिया होता तो अधिक से अधिक राजस्व एकत्रित हो सकता था। उन्होंने कहा कि अब राजस्व एकत्र करने के लिए निगम विभाग के अधिकारी निगम अधिनियम का हवाला देकर कर बकायेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दे रहे हैं, जो उचित कदम नहीं होगा।

### यमुना सफाई के लिए डीजेबी तेज करेगा जागरूक अभियान

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड समय समय पर यमुना की सफाई और पानी बचाने के लिए लोगों को जागरूक करता आया है। ऐसे में आगामी गर्मियों के मद्देनजर डीजेबी जल्द ही व्यापक स्तर पर अभियान चलाकर लोगों को यमुना व तालाबों को साफ रखने सहित रोज पानी कैसे बचाएं यह बताएगा। इस बारे में डीजेबी के एक आला अधिकारी ने बताया कि वैसे तो समय समय पर ऐसे जागरूकता अभियान चलाए जाते रहे है। लेकिन आने वाला समय गर्मियों का है जिसमें पानी की डिमांड बहुत ज्यादा बढ़ जाती है। ऐसे में पानी किल्लत को कम करने में सबसे अहम भूमिका पानी बचाने की होती है। इसलिए जल्द ही डीजेबी दिल्ली वालों को पानी बचाने के लिए प्रेरित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाएगा। अधाकरी की माने तो इस अभियान में बताया जाएगा कि दांत साफ करते समय, पुरुष शेव बनाते समय पानी का नल खुला न रखें।

## 'लोकसभा चुनाव में विघ्न पैदा करने के लिए किया गया है केजरीवाल को गिरफ्तार'

# केजरीवाल के फोन से 'आप' की चुनावी रणनीति हासिल करना चाहती है ईडी : आतिशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता आतिशी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राजनीतिक हथियार के तौर पर काम कर रहा है और वह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का फोन हासिल कर आप की लोकसभा चुनाव की रणनीति की जानकारियां पाना चाहता है। आतिशी ने शुक्रवार को प्रैसवार्ता में आरोप लगाया कि ईडी को केजरीवाल के मोबाइल फोन की जांच करने की जिद यह साबित करती है कि ईडी भाजपा के राजनीतिक हथियार के रूप में काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि यह मोबाइल फोन कुछ महीने पुराना है तथा यह तब नहीं था जब नीति बनायी व लागू की गयी थी। केजरीवाल सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा कि दरअसल, यह भाजपा है न कि ईडी जो यह जानना चाहती है कि केजरीवाल के फोन में क्या है। उन्होंने दावा किया कि आबकारी नीति 2021-22 में लागू की गयी और मुख्यमंत्री का मौजूदा फोन महज कुछ महीने पुराना है।



आतिशी के अनुसार, ईडी ने कहा है कि उस वक्त का केजरीवाल का फोन उपलब्ध नहीं है और अब वह उनके नए फोन का पासवर्ड चाहती है। आतिशी ने कहा कि हकीकत यह है कि ईडी को किसी जांच के लिए नहीं बल्कि अपने आका भाजपा के लिए अरविंद केजरीवाल के फोन का पासवर्ड चाहिए। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के फोन में उन्हें लोकसभा चुनावों में लड़ने की रणनीति मिलेगी। इस फोन से इंडिया एलायंस के नेताओं से अरविंद केजरीवाल की क्या बातचीत चल रही है वो मिलेगा। फोन में आम आदमी पार्टी जिन 23 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, उसका सर्वे मिलेगा, पूरा कैंपेन प्लान मिलेगा। इस फोन में लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी का कम्युनिकेशन प्लान, मीडिया और सोशल मीडिया प्लान मिलेगा। अरविंद केजरीवाल के फोन के जरिए भाजपा जानना चाहती है कि आप की दिल्ली, पंजाब, गुजरात, असम के चुनाव लड़ने की क्या रणनीति है। आतिशी ने कहा कि, ईडी ने फिर से एक बार साबित कर दिया है कि, वो भाजपा का मात्र एक राजनीतिक हथियार है। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का किसी जांच से कोई लेना देना नहीं है। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी लोकसभा चुनाव में विघ्न पैदा करने के लिए है।

वरिष्ठ आप नेता व कैबिनेट मंत्री आतिशी ने कहा कि, कल राउज एवेन्यू कोर्ट में अरविंद केजरीवाल के रिमांड के बहस के दौरान ईडी के वकील एएसजी एसवी. राजू ने अनजाने में ईडी के असली मक़सद को कोर्ट और पूरी दुनिया के सामने रख दिया। गुरुवार को एसवी राजू ने कोर्ट में कहा कि हमें अरविंद केजरीवाल जी को कुछ दिन और हिरासत में रखने की जरूरत है क्योंकि उन्होंने हमें अपने फोन का पासवर्ड नहीं बताया है। उन्होंने कहा कि ये वही ईडी है जिसने खुद बयान देकर कुछ दिन पहले ही बताया था कि जो फोन एक्साइज पॉलिसी के बनने और लागू होने के समय अरविंद केजरीवाल के पास था, वो फोन ईडी को नहीं मिला है। वो फोन अरविंद केजरीवाल के पास नहीं है।

आतिशी ने कहा कि एक्साइज पॉलिसी 2021 में बनती है और लागू नवंबर 2021 से अगस्त 2022 के बीच लागू होती है। अगस्त 2022 से अब अरविंद केजरीवाल की ईडी द्वारा गिरफ्तार करने के बीच 1.5 साल से ज्यादा समय बीत जाता है। ईडी खुद ये बयान देती है कि हमने अरविंद केजरीवाल का जो फोन जब्त किया है वो मात्र कुछ महीने पुराना है। तो फिर मैं ईडी से पूछना चाहती हूं कि मात्र कुछ महीने पुराने फोन को ईडी क्यों देखना चाहती है, जबकि ईडी को पता है कि वो फोन पॉलिसी के दौरान का नहीं है।

### 'ईडी, सीबीआई के राजनीतिकरण से समूचा देश शर्मिंदा, जनता चुनाव में देगी जवाब'

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जैसी केंद्रीय एजेंसियों के राजनीतिकरण को लेकर समूचा देश शर्मिंदा है और आगामी चुनाव में जनता इसका जवाब देगी। आप प्रवक्ता जस्मीन शाह ने शुक्रवार को प्रैसवार्ता में आरोप लगाया कि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों में सबसे बड़ी राजनीतिक वाशिंग मशीन विकसित की है, जिसमें भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे व्यापारियों और राजनेताओं को डालकर उनसे चुनावी चंदा हासिल किया जाता है और उनके सारे आरोप धूल जाते हैं। आप नेता के आरोपों पर भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है। जस्मीन शाह ने कहा कि कई मामलों का सामना कर रहे राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) के नेता प्रफुल्ल पटेल को सीबीआई से क्लीनचिट मिल गई है। उन्होंने दावा किया कि जिस मामले में उन्हें (पटेल को) क्लीन चिट दी गई है, उसमें उनके नागरिक उड्डयन मंत्री रहने के दौरान इंडियन एयरलाइंस और एयर इंडिया का विलय का मामला शामिल था। सीबीआई के आरोप-पत्र और सीएजी की रिपोर्ट के अनुसार, इसमें एक बड़ा घोटाला शामिल था और इस मामले में सरकारी खजाने को 840 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। जस्मीन शाह ने कहा कि पटेल को एक के बाद एक समन भेजे गए और जुलाई 2023 में अजित पवार गुट के महाराष्ट्र में भाजपा-शिवसेना (शिंदे गुट) गठबंधन में शामिल होने तक उनकी संपत्तियां कुर्क की गईं। उन्होंने कहा कि उसके बाद समन और संपत्तियों की कुर्की रोक दी गई और कोई आरोप-पत्र दायर नहीं किया गया तथा पूरी जांच ठंडे बस्ते में डाल दी गई है। शाह ने दावा किया कि इसी तरह एक अन्य राजनेता छगन भुजबल से जुड़े मामले में ईडी ने उनकी जमानत याचिका का यह कहते हुए विरोध नहीं किया कि संबंधित फाइल गायब है।

### केजरीवाल-सिसोदिया रहस्यमय ढ़ग से बदलते रहे अपने फोन : सचदेवा

सचदेवा ने कहा है कि जांच एजेंसी द्वारा मुख्यमंत्री केजरीवाल से फोन मांगे जाने पर मंत्री आतिशी की ब्यानबाजी को भ्रामक बताते हुए कहा है कि आखिर क्या कारण है कि चाहें आज केजरीवाल हों या कल मनीष सिसोदिया दोनों रहस्यमय ढ़ग से अपने फोन बदलते खोते रहे हैं। एक साधारण व्यक्ति एक फोन को दो से तीन साल चलाता है पर गजब है कि केजरीवाल एवं सिसोदिया हर दिन के हिसाब से फोन बदलते हैं और दोनों मान रहे हैं कि बहुत फोन बदले हैं।

### दिल्ली में तापमान बढ़कर 37 डिग्री पार, कई जगह हुई बूंदाबांदी दर्ज

नई दिल्ली। मौसम के मिजाज बदलने के चलते शुक्रवार को दिल्ली में कई जगह हल्की बूंदाबांदी दर्ज हुई। लेकिन दूसरी तरफ पारा चढ़कर 37 डिग्री को पार कर गया जो इस मौसम का सबसे ज्यादा है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली में शाम के समय आसमान पर घने बादलों ने डेरा डाला और कई जगह बूंदाबांदी दर्ज हुई। आईएमडी के अनुसार शनिवार को भी कई क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी देखने को मिल सकती है। आईएमडी का कहना है कि दिन के समय सूरज के तेवर कड़े रहे जिसके चलते अधिकतम तापमान बढ़कर 37.8 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया जो इस मौसम के सामान्य से 5 डिग्री अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान भी इस मौसम के सामान्य से 2 डिग्री अधिक 20.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आईएमडी के अनुसार दिल्ली में सबसे ज्यादा तापमान स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स क्षेत्र में 38.5 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि नजफगढ़ क्षेत्र में अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। आईएमडी का अनुमान है कि शनिवार को तापमान में एक डिग्री की कमी के साथ कई क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी देखने को मिल सकती है। जबकि रविवार से मौसम खुला रहेगा। अनुमान है कि आने वाली चार अप्रैल को फिर से दिल्ली में बूंदाबांदी दर्ज हो सकती है।

## केजरीवाल की पत्नी ने समर्थन जुटाने के लिए शुरू किया व्हाट्सएप अभियान

### आप व्हाट्सएप्प नं. पर शुभकामनाएं, दुआएं और प्रार्थना के साथ भेज सकते हैं कोई भी संदेश : सुनीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने समर्थन जुटाने के लिए शुक्रवार को 'केजरीवाल को आशीर्वाद' नाम से व्हाट्सएप्प कैंपेन शुरू किया है। इस कैंपेन के लिए दो व्हाट्सएप्प नंबर जारी करते हुए सुनीता केजरीवाल ने दिल्ली और देशवासियों से अपील करते हुए कहा कि आप इन व्हाट्सएप्प नंबरों पर अपना संदेश जरूर भेजें। आप शुभकामनाएं, दुआएं और प्रार्थना के साथ कोई भी संदेश भेज सकते हैं। आप किसी भी पार्टी से हों, संदेश जरूर भेजें। मैं अरविंद केजरीवाल तक आपका हर संदेश पहुंचाऊंगी। उन्हें आपका संदेश पढ़कर बहुत अच्छा लगेगा। उन्होंने कहा कि गुरुवार को सीएम केजरीवाल ने राउज एवेन्यू कोर्ट के सामने जो कुछ बोला, उसके लिए बहुत हिम्मत चाहिए। उन्होंने देश के



सबसे भ्रष्टाचारी व तानाशाही ताकतों को ललकारा है। मुझे पूरा भरोसा है कि आप इस लड़ाई में अपने भाई-अपने बेटे अरविंद केजरीवाल का साथ जरूर देंगे। प्रैसवार्ता में सुनीता केजरीवाल ने कहा कि कि गुरुवार को अरविंद केजरीवाल ने कोर्ट में अपना पक्ष रखा था। पूरा देश ने सुना। मेरी अपील है कि अगर किसी ने अरविंद केजरीवाल के कोर्ट में रखा गया पक्ष नहीं सुना है तो वो जरूर सुनें। उन्होंने कोर्ट के सामने जो कुछ बोला, उसके लिए बहुत हिम्मत चाहिए। अरविंद केजरीवाल सच्चे देशभक्त हैं। बिल्कुल ऐसे ही स्वतंत्रता सेनानी भी अंग्रेजों की तानाशाही से लड़ते थे। सुनीता ने कहा कि पिछले 30 साल से मैं अरविंद केजरीवाल के साथ हूं। देशभक्ति उनके रोम-रोम में बसी हुई है। अरविंद केजरीवाल ने देश के सबसे भ्रष्टाचारी और तानाशाही ताकतों को ललकारा है। उन्होंने दिल्लीवालों से कहा कि आपने अरविंद केजरीवाल को अपना भाई-अपना बेटा कहा है। क्या इस लड़ाई में आप अपने भाई-अपने बेटे का साथ नहीं देंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि हम सब साथ मिलकर यह लड़ाई लड़ेंगे।

### व्हाट्सएप्प नंबर पर आप के पेशेवर कार्यकर्ता भेजेंगे संदेश : सचदेवा

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी मैं भी केजरीवाल जैसे अनेक राजनीतिक अभियान चलाती है लेकिन सब जनता के बीच जाकर फेल हो जाते हैं। अब शुक्रवार को आम आदमी पार्टी ने संवेदना बटोरने के लिए जो व्हाट्सएप्प नंबर सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी से जारी करवाते हैं इन पर दिल्ली के आम नागरिक नहीं केवल आम आदमी पार्टी के पेशेवर कार्यकर्ता संदेश भेजेंगे। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने शुक्रवार को उक्त आरोप लगाए। इस दौरान उन्होंने कहा है कि सीएम अरविंद केजरीवाल जेल में हैं तो सोचने वाला विषय है कि व्हाट्सएप्प संदेश उन तक कैसे पहुंचेंगे, यह सब केवल आप का खबरों मे बने रहने का अभियान है। सचदेवा ने कहा है कि आम आदमी पार्टी और उनके आतिशी जैसे नेता जितना भी प्रयास कर लें ना तो दिल्ली की जनता अब भ्रमित होगी ना केजरीवाल की गिरफ्तारी से गलतफहमी में आयेगी।



## दिल्ली के अंदर केजरीवाल की राजनीति अब बची है सीमित समय के लिए : हरदीप सिंह

### दिल्ली भाजपा चुनाव कार्यालय का विजयश्री पूजन के साथ हुआ उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के अंदर सीएम अरविंद केजरीवाल की राजनीति अब सीमित समय के लिए ही बची है। केजरीवाल आरोप लगा रहे हैं कि उन्हें बिना किसी कारण के गिरफ्तार कर लिया गया जबकि वह इस बात को क्यों नहीं बताते कि नवम्बर 2023 से नौ समन के बाद उन्हें ईडी ने 10वें समन पर गिरफ्तार किया है। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दिल्ली भाजपा के विशेष चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर शुक्रवार को केन्द्रीय मंत्री सरदार हरदीप सिंह पुरी ने उक्त संबोधन दिया। इस चुनाव कार्यालय का उद्घाटन केन्द्रीय मंत्री सरदार हरदीप सिंह पुरी के अलावा लोकसभा चुनाव प्रभारी ओम प्रकाश धनखड़, सह प्रभारी डॉ. अल्का गुर्जर, प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा और अन्य नेताओं ने विजयश्री के साथ सामूहिक पूजन के साथ सम्पन्न किया। पार्टी कार्यालय के पीछे बड़े बाग में लगाये गये विशेष स्वीस टैंट में 400 सीटर एक सभा हाल के साथ विभिन्न चुनाव संचालन समितियों के कक्ष बनाये गये है तो वहीं कार्यालय के प्रवेश द्वार के दायीं ओर स्थित बाग में स्वीस टैंट लगा कर प्रेस कॉन्फ्रेंस हाल, मीडिया कर्मियों के बैठने का स्थान, पार्टी प्रवक्ता कक्ष एवं भोजन कक्ष बनाये गए हैं।

पूजन कार्यक्रम में सांसद डॉ. हर्षवर्धन और रमेश बिधूड़ी, संगठन महामंत्री पवन राणा, सभी सात प्रत्याशी मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, हर्ष मल्होत्रा, कमलजीत सहरावत, योगेंद्र चंदोलिया, प्रवीन खंडेलवाल एवं बांसुरी स्वराज, चुनाव संचालन समिति संयोजक अजय महावर, पूर्व अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता एवं आदेश गुप्ता के अलावा पार्टी के वरिष्ठ नेता, चुनाव संचालन समिति सदस्य, प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, विधायक, पार्षद और कार्यकर्ता शामिल हुए।




# लोकसभा आम चुनाव में 100% मतदान के लिए प्ररित करें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पोलिंग स्टेशनों पर सेल्फी पॉइंट तैयार किए जाए। इसके अलावा युवा मतदाताओं को मतदान करने के लिए अधिक से अधिक प्रेरित किया।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे 18वीं लोकसभा आम चुनाव-2024 के दौरान मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को स्वीप (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी) गतिविधियां चलाकर विभिन्न माध्यमों से जागरूक करते हुए उन्हें मतदान केंद्र तक चलकर आने के लिए प्रेरित करें ताकि वे स्वयं अपना वोट डालने के लिए आगे आएं।

संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी पोलिंग स्टेशनों पर सेल्फी पॉइंट तैयार किए जाए। इसके अलावा युवा मतदाताओं को मतदान करने के लिए अधिक से अधिक प्रेरित किया जाए। इसके साथ ही मतदान करने के बाद क्यूआर कोड को स्कैन करके फोटो अपलोड करने के लिए भी प्रेरित करें। उन्होंने मतदाताओं से आह्वान किया कि वे लोकसभा आम चुनाव में शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लें। उन्होंने बताया कि मतदाता ऑनलाइन संकल्प लेकर सर्टिफिकेट भी डाउनलोड कर सकते हैं।

**लोकतंत्र के महापर्व में आहुति डालने के लिए करें प्रेरित**

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं का स्वीप गतिविधियों के माध्यम से करें जागरूक



## आयोग की ओर से बनाया गया वीडियो-ऑडियो जागरूकता के लिए प्रसारित करने के निर्देश

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के दौरान जिला में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को अधिक जागरूक करने के लिए ईसीआई और हरियाणा निर्वाचन कार्यालय द्वारा तैयार की गई वीडियो को स्थानीय केबल टीवी नेटवर्क के माध्यम से दिखाया जाए और ऑडियो को एफएम के माध्यम से प्रसारित किया जाए। हरियाणा राज्य परिवहन की बसों पर मतदान जागरूकता व स्वीप से संबंधित प्रचार सामग्री चस्पा की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिला सचिवालय, सरकारी भवनों आदि के पास मतदाता जागरूकता संबंधित बैनरए पोस्टर व स्टीकर लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि जिला में 18-19 वर्ष के युवाओं को वोट बनवाने के लिए जागरूक करें और लोकतंत्र के महापर्व में आहुति डालने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जिला में स्थित विद्यालयोंए महाविद्यालयों व विश्वविद्यालय में ऐसे युवा जिनकी आयु 18 वर्ष या इससे अधिक हो चुकी है और उनकी वोट अभी तक भी नहीं बनी है ऐसे युवाओं को वोट बनवाने व वोट डालने बारे प्रेरित व जागरूक किया जाए। युवाओं को वोट डालने के लिए शपथ दिलाई जाए। इसके अलावा ट्रांसजेंडर को भी मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें।

## खबर संक्षेप

### महेंद्र प्रताप सिंह होंगे लोस में कांग्रेस प्रत्याशी



**फरीदाबाद।** फरीदाबाद लोकसभा से एआईसीसी पूर्व मंत्री महेंद्र प्रताप सिंह को चुनावी समर में उतारेगी। वर्किंग कमेटी की बैठक में उनकी उम्मीदवारी पर अंतिम फैसला ले लिया है और 31 मार्च को इसकी पचारिक घोषणा कर दी जाएगी। वर्ष 2024 का लोकसभा चुनाव दो चिर प्रतिद्वन्द्वीयों कांग्रेस के महेaद्र प्रताप सिंह और भाजपा के कृष्णपाल गुर्जर के बीच होगा मुकाबला।

### ननि संपत्ति कर भुगतान करने पर दी जा रही छूट




**फरीदाबाद।** ननि आयुक्त मोना ए श्रीनिवास ने बताया कि हरियाणा सरकार की अधिसूचना के तहत नगर निगम द्वारा उन संपत्ति मालिकों को वर्ष 2010-11 से 2022-23 के लिए बकाया संपत्ति कर की मूल राशि पर 15 प्रतिशत की एकमुश्त छूट दी जाएगी जो वर्ष 2010-11 से 2022-23 तक के सभी संपत्ति कर बकाया भुगतान करेंगे ।

### गाजियाबाद से अंशय कालरा बसपा प्रत्याशी



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद लोकसभा सीट से बहुजन समाज पार्टी से अंशय कालरा उर्फ रोकी कालरा चुनाव लड़ेंगे। पश्चिम उत्तर प्रदेश उत्तराखंड के बसपा प्रभारी शमसुद्दीन राईन ने कालरा को बसपा से गाजियाबाद लोकसभा प्रत्याशी बनाने की घोषणा की। राईन ने कहा कि बसपा सुप्रीमो व यूपी की पूर्व सीएम मायावती के आदेश के बाद प्रत्याशी बनाया गया है।

### देशी कट्टे सहित आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल



**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सेक्टर-48 प्रभारी हिमांशु की टीम ने गस्त के दौरान अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी विशाल उर्फ दीपक भरतपुर के कामा जिले का रहने वाला है जो फिलहाल फरीदाबाद की पर्वतीय कॉलोनी में रह रहा था। आरोपी के कब्जे से देसी कट्टा बरामद किया गया है।

### फर्जी लूट की घटना रचने वाले 3 गिरफ्तार



**गाजियाबाद।** स्वॉट टीम डीसीपी ट्रांस हिंडन जोन तथा थाना साहिबाबाद पुलिस ने 3 लुटेरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लूट के दो लाख रुपए नगद व घटना में प्रयुक्त एक बाइक बरामद की है। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि थाना साहिबाबाद पर गौरव शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि नरेन्द्र मोहन अस्पताल के सामने सर्विस रोड पर दो लाख रुपए बैग में रखकर ले जा रहा था।

## व्यय प्रेक्षकों की अध्यक्षता में व्यय सम्बंधित बैठक संपन्न

# आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

प्रेक्षकों ने चेतावनी दी कि निर्वाचन क्षेत्र में किसी भी प्रकार से अवैध शराब नहीं आनी चाहिए। इसके लिए सख्त कदम उठाये जाए। किसी भी प्रत्याशी या उसके शुभचिंतकों या समर्थकों द्वारा किसी भी रूप में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया जाता हैं।

लोकसभा गाजियाबाद के प्रेक्षकों (व्यय) सौरभ नायक तथा टी. अरिवाझगन की अध्यक्षता में महात्मा गांधी सभागार कलैक्ट्रेट में व्यय सम्बंधि दो बैठकें आयोजित की गई। जिसमें दोनों प्रेक्षकों ने चेतावनी दी कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर की जाए सख्त कार्रवाई की जाएगी।

प्रेक्षकों ने प्रभारियों/सह प्रभारियों से जानकारी हासिल की कि उनके सामने निर्वाचन से संबंधित कितने प्रकरण आए और किस प्रकार का निराकरण किया गया और कितनों को नोटिस दिया साथ ही कितनों का चालान किया गया और कितने लोगों से चालान की धनराशि वसूल की गई। प्रेक्षकों ने कहा कि चुनाव के दौरान चुनाव से संबंधी सामग्री प्रत्याशियों द्वारा ट्रेन, बस, ट्रक सहित अन्य वाहनों के माध्यम से निर्वाचन क्षेत्र में लाई जाती हैं।

जिस पर विशेष निगरानी रखने की आवश्यकता है। साथ ही निर्वाचन क्षेत्र में किसी भी प्रकार से अवैध शराब नहीं आनी चाहिए। इसके लिए सख्त कदम उठाये जाए। किसी भी प्रत्याशी या उसके शुभचिंतकों या समर्थकों द्वारा किसी भी रूप में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया जाता हैं तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाये। प्रेक्षकों ने कहा कि चुनाव के दौरान दोगुनी जिम्मेदारी आ जाती हैं । इस दौरान कार्यालय का कार्य के साथ-साथ विशेष ध्यान निर्वाचन के कार्यों पर भी होना चाहिए, निर्वाचन के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बहुत से लोग ऐसे हैं जिनकी निर्वाचन में पहली बार तैनाती हुई होगी ऐसे लोगों को यदि अपने पद या कार्य की जिम्मेदारी के बारे में जानकारी कम हैं तो अपने प्रभारी से जानकारी ले सकते है।

**खास बातें**

- चुनाव से संबंधी सामग्री की विशेष निगरानी रखने की आवश्यकता
- चुनाव संबंधी जानकारी नहीं है तो अपने प्रभारी से जानकारी ले सकते है

**निर्वाचन के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं**



### आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन पर तुरंत टेलीफोन पर शिकायत दर्ज करवाएं

निर्वाचन अधिकारियों ने जनता से अपील की कि कहीं भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए कोई भी व्यक्ति दिखाई देता है तो 24 घंटे सातों दिन तुरंत टेलीफोन पर शिकायत दर्ज कराएं या मेल करें या सी-विजिल एप का प्रयोग करने स्मार्टफोन पर गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर अपना मोबाइल नंबर डालकर ओटीपी के माध्यम से ऐप में लॉगिन कर शिकायत दर्ज करें। शिकायत पर यदि त्वरित कार्यवाही नहीं हो रही है तो प्रेक्षक सौरभ नायक का संपर्क कर सकते हैं। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन शरणविजय सिंह नोडल अधिकारी टेन्टेज व्यवस्था, स्ट्रांग रूम, मानचित्रों की तैयारी, लेखन सामग्री/लाजिस्टिक व्यवस्था एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सौरभ भट्ट नोडल अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण कन्ट्रोल रूम/कॉल सेन्टर/निर्वाचन सम्बंधी शिकायत प्रकोष्ठ सूचना सेल/मीडिया/एमसीएमसी, कम्यूनिकेशन प्लान एवं रूट चार्ट से संबंधित मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया।

## अध्यापक संघ ने शिक्षा मंत्री को दिया ज्ञापन

# स्थाई जिले में कार्यग्रहण की कर्मियों ने रखी मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

राज्य कार्यकारिणी के आह्वान पर हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के शिष्टमंडल ने शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा से उनके निवास स्थान पर मुलाकात की। इसकी अध्यक्षता अध्यापक संघ के जिला प्रधान भीम सिंह ने की।

प्रदेश की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा को ज्ञापन देते हुए जिला प्रधान भीम सिंह ने कहा कि जेबीटी शिक्षकों की भर्ती 2017 में अस्थाई जिले आवंटन करते हुए की गई थी। काफी जद्दोजहद के बाद 16 मार्च 2024 को अलॉटमेंट की सूची जारी की गई, लेकिन उसी दिन आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के कारण लगभग 9200 शिक्षकों की स्थाई जिले में कार्य ग्रहण की प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई। उसके पश्चात निदेशक शिक्षा विभाग ने मुख्य चुनाव अधिकारी हरियाणा को पत्र लिखकर इसकी अनुमति मांगी।

मुख्य चुनाव अधिकारी हरियाणा चंडीगढ़ ने कुछ शर्तों के साथ 22 मार्च 2024 को अनुमति दे दी। परंतु अभी तक वर्ष 2017 वालों को स्थाई जिले में कार्यग्रहण नहीं कराया गया। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने मंत्री श्रीमती त्रिखा से मांग की कि जिन जेबीटी अध्यापकों की ड्यूटी चुनाव के कार्य में नहीं लगी है, उन्हें शीघ्र ही अपने नये विद्यालय में कार्यग्रहण कराया जाए और जिनकी ड्यूटी चुनाव के कार्य में लगी हुई है, उनको लोकसभा के चुनाव समाप्त होने के तुरंत बाद नये स्थान पर कार्यग्रहण कराया जाए। शिक्षा मंत्री श्रीमती त्रिखा ने ज्ञापन लिया और इस पर विचार करने के लिए कहा।

## सवैतनिक अवकाश लाभ के हकदार

# श्रमिकों को मतदान के लिए वेतन सहित छुट्टी के निदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिलाधीश ने कहा कि श्रमिकों को वेतन के साथ उद्योग मतदान के लिए अवकाश देना सुनिश्चित करें। जिलाधीश ने कहा कि आकस्मिक श्रमिक लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 बी (1) के तहत विस्तारित सवैतनिक अवकाश लाभ के हकदार हैं। श्रमिकों को मतदान के लिए वेतन के साथ अवकाश न देने वाले उद्योगों के खिलाफ भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार कार्रवाही की जाएगी।

जिलाधीश ने लोकसभा के आम चुनावए 2024 और विभिन्न राज्यों की विधानसभा सीटों के लिए उप-चुनाव, चरण-वार वैतनिक अवकाश के संबंध में जानकारी देते हुए कहा




निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा, 2024 के आम चुनाव और विभिन्न राज्यों के विधानसभा के लिए उप.चुनाव की घोषणा की है। आयोग द्वारा दिशा निर्देश दिए गए हैं। किसी व्यक्ति के वेतन में कोई कटौती या कटौती उप.धारा (1) के अनुसार दी गई छुट्टी के कारण नहीं की जाएगी।

## पुलिस के पहुंचने से पहले हुए फरार

# सेक्टर 46 के एक मकान में छिपे नाइजीरियन के घर छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सेक्टर 46 के एक मकान में छिपे नाइजीरियन के यहां जब पुलिस रेड करने पहुंची तो हैरान रह गई कि उनके पहुंचने से पहले ही वो लोग फरार हो चुके थे।

नाइजीरियन ने यहां एक मकान किराए पर लिया हुआ था। इस मकान के आसपास रहने वाले लोगों को नाइजीरियन की हरकतों पर शक हुआ तो उन्होंने पुलिस को जानकारी दी। बताया जा रहा है कि नाइजीरियन नशीले पदार्थों का सेवन करते थे और उसे तैयार भी करते थे। यहां रहने वाले एक व्यक्ति ने सेक्टर-46 पुलिस चौकी को नाइजीरियन की सूचना दे दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मकान पर छापा मारा लेकिन वहां नाइजीरियन नहीं




मिले। पूरी आशंका है कि नाइजीरियन को पुलिस के आने की सूचना मिल गई थी। पुलिस की टीम आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है और मकान मालिक से भी पूछताछ की है। नाइजीरियन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

लोहे की तार से कटकर हो गए शव के हुए दो टुकड़े

# तेज रफ्तार बाइक खंभे से टकराने पर इंजीनियर की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶

डीएलएफ फेज-2 थाना एरिया में तेज रफ्तार स्पोर्ट्स बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में लोहे की तार से कटकर कंप्यूटर इंजीनियर के शरीर के 2 हिस्से हो गए और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक निजी कंपनी में काम करता था। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने परिजनों के बयान पर सीआरपीसी की धारा 174 के तहत कार्रवाई की है।

दरअसल, राजस्थान के रहने वाले 27 वर्षीय रितुज बेनीवाल कानपुर आईआईटी से पासआउट था। वह गुरुग्राम में एक कंप्यूटर



हार्डवेयर कंपनी में कार्यरत था और सुशांत लोक फेज-3 में अपने दोस्त शानतम शर्मा के साथ एक फ्लैट में किराए पर रह रहा था।

उसे बाइक चलाने का शौक था जिसके कारण उसने कावासाकी निंजा बाइक ली हुई थी। प्रत्येक रविवार को वह बाइक लेकर घूमने जाता था। शानतम शर्मा ने बताया कि आज सुबह भी रितुज बाइक लेकर गया था। सुबह उन्हें पुलिस ने सूचना दी कि रितुज को एक्सीडेंट के कारण निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जब वह अस्पताल पहुंचे तो पता लगा कि एक्सीडेंट में उसके शरीर और बाइक के दो टुकड़े हो गए हैं।

वह पुलिस के साथ घटनास्थल पर गए और पास ही लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज जांच की तो पाया कि रितुज बेनीवाल की बाइक तेज रफ्तार जा रही है जिसने कुछ गाड़ियों को ओवरटेक करने का प्रयास किया, लेकिन गाड़ियों को ओवरटेक करने से पहले ही उसकी बाइक अनबैलेंस हो गई और बाइक

## नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की बड़ी कार्यवाही

# 2 लाख रुपए का 11 किलो 790 ग्राम गांजा बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो युनिट ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए रोशन नगर, पल्ला थाना क्षेत्र से करीब 2 लाख रुपए का 11 किलो 790 ग्राम गांजा बरामद कर नशा तस्कर को पकड़ने में सफलता हासिल की है।

प्रभारी उप निरीक्षक कीमती लाल ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि सुनीता बाई पत्नी इन्द्र सिंह निवासी रोशन नगर फरीदाबाद व अनिल पुत्र कमल सिसोदिया नशीला पदार्थ गांजा बेचने का काम करते है। मौके पर रेड की जाएं तो सफलता हासिल हो सकती है। टीम व महिला सिपाही की सहायता से दोनों को काबू करने की कोशिश की गई। टीम के पहुंचते ही वहां भीड़ इकट्ठा हो गई, अनिल सिसोदिया को हाथ में लिए कट्टे सहित काबू कर लिया ।

## फरीदाबाद, गुरुग्राम व पलवल से आई दमकल की गाड़ियां

दूर तक सुनाई दी कैमिकल ब्लास्ट की आवाज

# फरीदाबाद में तीन कंपनियों में लगी भीषण आग, वेयर हाऊस से शुरू होकर फैली आग, केमिकल में ब्लास्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

गांव भांखरी स्थित आसाराम बापू आश्रम के समीप बने वेयर हाउस में भीषण आग लग गई। आग की शुरुआत रबड़ के कबाड़ से हुई। कुछ ही देर में आग बढ़ती हुई पास की दो कंपनियों तक फैल गई।

केमिकल होने की वजह से बाहर तक ब्लास्ट की आवाज सुनाई दीं। जिसके बाद आग पर काबू पाने के लिए फरीदाबाद, पलवल, गुरूग्राम जिलों से फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची हैं। आग पर कंट्रोल पाने के प्रयास किए जा रहे हैं। जिस कंपनी में पहले आग लगी, उसमें अलग-अलग प्रकार के सामान की लोडिंग व अनलोडिंग का काम होता है। बाद में अतुल लिमिटेड व एसएस इंजीनियरिंग तक फैल गई। इन दोनों में रबड़ पेंट का काम किया जाता है। यहां रखे पेंट व केमिकल के ड्रमों में ब्लास्ट हो रहा है।



### सबसे पहले आग कबाड़ में पड़े रबड़ में लगी


रौकवेल कंपनी के सिक्योरिटी गार्ड सुरेश ने बताया कि सवा 11 बजे जब आग लगी तो आग पर फायर सिस्टम की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया, लेकिन आग इतनी तेजी से फैली कि पूरी कंपनी को चपेट में ले लिया। आग धीरे-धीरे पास की कंपनी अतुल लिमिटेड व एसएस इंजीनियरिंग तक फैल गई। सुरेश के मुताबिक, कंपनी में लोडिंग-अनलोडिंग का काम होता है। यहां पर वेयर हाउस बनाया हुआ है। अतुल कंपनी का रीजनल ऑफिस भी यही बना हुआ है। बताया जा रहा है कि आग कबाड़ में पड़े रबड़ में लगी थी। इसके बाद यह फैल गई।

आग पर काबू पाने के लिए फरीदाबाद के अलावा पलवल और गुरुग्राम से भी फायर ब्रिगेड की गाड़ियां पहुंची हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग के बाद धुएं के गुबार को देखकर वे मौके पर पहुंचे। आग एक नहीं बल्कि तीन-तीन कंपनियों में लगी हुई है। आग लगने के कारणों का अभी कुछ खुलासा नहीं हो पाया है, लेकिन आग लगने से भारी नुकसान हुआ है। आग लगने के चलते कंपनियों में कई बार धमाके की आवाज भी सुनाई दी। किसी जानी नुकसान की सूचना अभी नहीं मिली है। एनआईटी फरीदाबाद फायर स्टेशन के अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि फरीदाबाद के पांचों स्टेशनों के अलावा गुरूग्राम, पलवल, सोहना, एस्कोर्ट्स, व्हर्लपूल सहित अन्य स्थानों से फायर बिग्रेड़ की गाड़ियों ने कई चक्कर लगाकर आग पर देर सायं काबू पाया।

## खबर संक्षेप

### वृक्षों को नष्ट करना पड़ा भारी, 12 पर मुकदमा

**अलीगढ़।** वन दरोगा योगेश कुमार गौतम ने दादों थाने में तहरीर दी कि ग्रामीण वृक्षारोपण को ग्रामीण नष्ट कर रहे हैं।



सुरक्षा गश्त के दौरान किरतौली वृक्षारोपण को चंद्रकेश, प्रशांत, कालू, रोम सिंह, तेजवीर, अमित, रामखिलाड़ी, राजवीर, महेश, शेष कुमार, सतीश ने जानबूझकर अपने पालतू पशुओं द्वारा लगभग 2500 शीशम, कजी, जामुन आदि प्रजाति के पौधों को नष्ट कर राजकीय संपत्ति को नुकसान किया है।

### पुलिस व पशु तस्करों के बीच मुठभेड़, 1 गिरफ्तार

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले के फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के खानजहांपुर स्थित इंटर कॉलेज



के पास पुलिस और पशु तस्करों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। जबकि तीन बदमाश भागने में सफल रहे। पुलिस ने घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है और फरार बदमाशों की तलाश में जुट गई है। घायल की पहचान अबू तालिब उर्फ तालिब के रूप में की गई।

### बांके बिहारी मंदिर में आस्था का सैलाब, पांव रखने की जगह नहीं रही

**मथुरा।** वृंदावन में बांकेबिहारी मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं की पांच सौ मीटर लंबी कतार लग गई। बांकेबिहारी मार्ग पर जबर्दस्त भीड़ के दबाव के बीच मिनटों का रास्ता घटों में तय किया। धक्के खाते हुए श्रद्धालुओं ने जन-जन के आराध्य बांकेबिहारी के दर्शन किए। गुड फ्राइडे की छुट्टी होने के साथ ही अगले दिन शनिवार और रविवार का भी अवकाश होने पर बांकेबिहारी मंदिर में सुबह से ही आस्था का सैलाब उमड़ा पड़ा। पट खुलने से करीब डेढ़ घंटे पहले से ही मंदिर की गलियां, बांकेबिहारी बाजार श्रद्धालुओं की भीड़ से खचाखच भर गया।

# प्रदेश की सभी सीटों पर जीत, असम में खिलेंगे 14 कमल : अभिमन्यु

## पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने खांडाखेड़ी में कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

पूर्व वित्तमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा 370 से और ज्यादा सीटों पर कमल खिलाने का काम करेगी। पार्टी ने उन्हें असम में जो जिम्मेदारी दी है, उसको ईमानदारी से निभाकर सभी 14 सीटों पर भारी बहुमत से जीत हासिल करेंगे। कैप्टन अभिमन्यु गांव खांडा खेड़ी में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

> ■ भाजपा 370 और एनडीए 400 पार का लक्ष्य होगा पूरा

पूर्व वित्तमंत्री ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया है कि आने वाले दो महीनों में एक-एक कार्यकर्ता पार्टी को मजबूत करने के लिए घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार करेंगे ताकि भारतीय जनता पार्टी का 370 सीटों पर कमल खिला सके और एनडीए 400 पार के लक्ष्य को प्राप्त कर सके। विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर देश को महान बनाने का काम करेंगे। सबने निश्चय किया है कि इस बार देश में मोदी सरकार बनाने के लिए घर-घर जाकर प्रचार करने के कार्य में आज से ही जुट जाएं। मोदी की गारंटी का संदेश घर-घर तक ले जाने का काम करें।



नारनौंद। खांडा खेड़ी में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु।





नारनौंद। पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु व कार्यकर्ता हाथ उठाकर भारी बहुमत से जीताने का संकल्प लेते हुए।

### हमारा प्रत्याशी कमल का फूल : कैप्टन अभिमन्यु

वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु ने इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में हिसार लोकसभा की टिकट को लेकर कहा कि हमारा प्रत्याशी कमल का फूल है। भारी बहुमत से हिसार सहित प्रदेश की सभी सीटों पर जनता कमल खिलाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता अपने आप को कैप्टन अभिमन्यु समझकर भाजपा के सभी प्रत्याशियों को भारी बहुमत से जीताने के लिए कमर कस लें। पार्टी की जीत कार्यकर्ताओं की जीत होगी। पार्टी ने लोकसभा चुनाव में उनको असम का प्रभारी बनाकर जो जिम्मेदारी दी है। उसकी पूरी ईमानदारी और मेहनत से निभाकर असम की सभी 14 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झोली में डालने का काम किया जाएगा।

### मोदी के नेतृत्व में विश्व में देश का मान-सम्मान बढ़ा

कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विदेशों में भी हमारे देश का मान सम्मान बढ़ा है। आज पूरी दुनिया भारत देश की तरफ देख रही है। पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ प्रत्याशियों को ज्यादा बहुमत से जीताने के लिए दिन रात मेहनत करनी शुरू कर दें। पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि विपक्ष के पास आज कोई मुद्दा नहीं बचा है। पिछले 10 साल में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को ऊंचाइयों तक ले जाने में अपनी अहम भूमिका अदा की है। इस अवसर पर भाजपा युवा नेता अजय सिंधु, पार्षद संजय खरब, महावीर शर्मा, एडवोकेट दीपक लोहान, अमरजीत लोहान, प्रेम वर्मा, नरेश वर्मा, कुलदीप गौतम, धर्मबीर गुराना, कप्तान सिंघवा, आजाद शर्मा, कमलेश, मास्टर चंद्र प्रकाश, फूल कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

### सपा, बसपा व कांग्रेस के कई नेता भाजपा में शामिल

# डिप्टी सीएम बोले- हर बूथ पर बढ़ाने होंगे 370 वोट

> उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि राजग के 400 सीटें जीतने के लिए यूपी की सभी 80 सीटों पर जीतना जरूरी है। उन्होंने हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाने का संकल्प लिया है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में शुक्रवार को सपा, बसपा व कांग्रेस के नेताओं ने भाजपा कार्यालय में पार्टी की सदस्यता ले ली। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि भाजपा परिवार में शामिल होने वाले सभी लोगों का स्वागत है। उन्होंने कहा कि लोकसभा का चुनाव घोषित हो चुका है और हमें जुटकर पिछले चुनाव की अपेक्षा प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में 400 सीटें जीतने का लक्ष्य भाजपा व सहयोगी दलों के लिए लिया है। उन्होंने कहा कि इस संकल्प की पूर्ति



तभी हो सकेगी जब प्रदेश की सभी 80 सीटें भाजपा की झोली में आएं। आप सभी को अपने क्षेत्रों में भाजपा को मजबूत करने के लिए जुट जाना है और प्रदेश की सभी 80 सीटों पर भाजपा की बड़ी विजय में सहभागी बनना है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में जनता का गठबंधन मोदी और भाजपा के साथ हो चुका है। केन्द्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी और मोदी के नेतृत्व में राजग गठबंधन को 400 से अधिक सीटें मिलेंगी।

### श्रद्धालुओं के लिए सुगम दर्शन, पेयजल, मेडिकल सहित सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश

# प्राण प्रतिष्ठा से भव्य होगी अयोध्या में रामनवमी 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद

> लंबे इंतजार और संघर्षों के बाद जब रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं तो राम भक्तों की श्रद्धा साफ देखी जा सकती है। अब श्रद्धालुओं को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में पहली रामनवमी का इंतजार है।

- *2 लाख भक्त औसतन रोज कर रहे हैं दर्शन*
- *सीएस व डीजीपी ने भीड़ नियंत्रण के लिए निर्देश*
- *9 दिनों तक अयोध्या में अनुष्ठानों की धूम रहेगी*

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में पहली रामनवमी को लेकर विशेष उत्साह है। प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र और डीजीपी प्रशांत कुमार ने अयोध्या पहुंचकर तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक की। इससे पहले दोनों अधिकारियों ने मंदिर परिसर का भ्रमण कर सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। बैठक में राम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा को लेकर भी अधिकारियों को निर्देश दिए गए। बैठक में श्रद्धालुओं के लिए सुगम दर्शन, ठहरने, पेयजल, मेडिकल सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए गए।

इस साल 17 अप्रैल को रामनवमी है। अयोध्या में रामनवमी मेला 9 दिनों का होता है। मुख्य पर्व चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को रामजन्मोत्सव में रूप में मनाया जाता है। उत्सव की शुरुआत चैत्र नवरात्रि के आरंभ के साथ हो जाएगी जिसके बाद 9 दिनों तक अयोध्या में अनुष्ठानों की धूम रहेगी।

### सीएम योगी ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर की बैठक



आईजी ने कहा कि सभी निर्देशों का पालन कराया जाएगा। गत दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अधिकारियों के साथ राम नवमी मेले में देश के कोने-कोने से आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर बैठक की थी। मुख्यमंत्री की बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन कराने के लिए दोनों अधिकारियों ने स्थानीय अधिकारियों को निर्देश दिए।

### 17 अप्रैल को मनाई जाएगी भव्य और दिव्य राममंदिर में पहली रामनवमी

लंबे इंतजार और संघर्षों के बाद जब रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं तो राम भक्तों की श्रद्धा साफ देखी जा सकती है। लगभग 2 लाख भक्त औसतन रोज दर्शन कर रहे हैं। कभी-कभी यह संख्या 4 से 5 लाख तक पहुंच जाती है। अब इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि आम दिनों में जब इतने श्रद्धालु अयोध्या पहुंचते हैं तो रामनवमी में कितनी बड़ी संख्या राम भक्तों की आमद अयोध्या में होगी। आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि श्रीरामनवमी के पर्व पर लगभग 50 लाख श्रद्धालुओं के अयोध्या पहुंचने की उम्मीद है। 17 अप्रैल को भव्य और दिव्य मंदिर में पहली रामनवमी मनाई जाएगी। मुख्य सचिव व डीजीपी ने क्राउड मैनेजमेंट के लिए कई दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

## पेज एक का शेष

### मोदी बनें शांतिदूत ...

ने यूक्रेन में चल रहे संघर्ष और कीव के शांति फॉर्मूले पर ध्यान केंद्रित करते हुए फोन पर बातचीत की थी। बातचीत के बाद, कुलेबा ने कहा था, कि उन्होंने अपने भारतीय समकक्ष को शांति सूत्र और नेताओं के वैश्विक शांति शिखर सम्मेलन के लिए यूक्रेन की योजना से अवगत कराया है। आने वाले महीनों में स्विट्जरलैंड में एक शिखर सम्मेलन आयोजित होने वाला है। इसमें रूस को आमंत्रित नहीं किया गया।

### दोनों की भूमिका...

पर चर्चा हुई। इसके अलावा, दोनों देशों के व्यापारिक समुदायों के बीच भी बैठक होने की उम्मीद है।

### पीएम बोले...

को जोड़ना। पीएम मोदी ने बताया कि वो कैसे एआई को यूज करते हैं। उन्होंने कहा, मैंने जी 20 के परिसर में एआई का इस्तेमाल कर के सारे इंटरप्रेटर्स (ट्रांसलेटर्स) की व्यवस्था एआई से की थी, मैने मेरे सभी ड्राइवर्स को मोबाइल फोन पर एप डाउनलोड करवा दिया, उसके साथ बैठे हुए गेस्ट को भी डाउनलोड करवा दिया। पीएम ने काशी-तमिल संगम में का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां तमिल लोग आए हुए थे। तमिल भाषा में बोल नहीं सकता हूं तो मैने एआई का यूज किया। मैं हिंदी में बोला और सबने मेरा भाषण तमिल में सुना। बातचीत के दौरान बिल गेट्स ने कहा कि भारत को जी20 की मेजबानी करते हुए देखना शानदार था। उन्होंने इसी के साथ पीएम मोदी से कई सवाल भी किए, जिसके पीएम ने दमदार जवाब दिए। बिल ने पूछा कि आप भारत में डिजिटलीकरण को कैसे देखते हैं। इस पर पीएम ने कहा कि इस पर मेरी साफ राय है कि डिजिटल इंडिया के हमारे अभियान से हर कोई भारतीय जुड़े, यही हमारा फोकस है।

### पीएम ने 'नमो ड्रोन दीदी'...

की सवारी करनी नहीं आती थी, लेकिन वे अब पायलट हैं और ड्रोन उड़ा सकती हैं। रिसाइकिल सामग्री से बनी जैकेट पहनते हैं पीएमः- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत पवन और सौर ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में अपनी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को बढ़ाने में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। भारत परमाणु ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन में तेजी से आगे बढ़ना चाहता है। माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स के साथ बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने कचरे के पुनर्चक्रण की भारत की संस्कृति के बारे में बात की। पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने जो जैकेट पहनी है, वह रिसाइकिल सामग्री से बनी है। इसकी खासियत यह है कि इसमें कपड़े के छोटे-छोटे टुकड़ों और रिसाइकिल प्लास्टिक की बोतलों का उपयोग किया गया है। यह जैकेट पुनर्चक्रित सामग्री से बनाई गई है। पुनर्चक्रण और पुनःउपयोग हमारी प्रकृति में निहित है। इस जैकेट में चालीस प्रतिशत बेकार प्लास्टिक की बोतलों का उपयोग किया गया है। पीएम मोदी ने बिल गेट्स से कहा कि देश नवीकरणीय ऊर्जा में तेजी से विकास कर रहा है और युवा पीढ़ी को नवीन विचारों के साथ योगदान करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बजट में 1 लाख करोड़ रुपये के कॉर्पस फंड का प्रावधान किया है। युवा पीढ़ी को अपने नए विचारों में योगदान देने के लिए एक कोष भी स्थापित किया है। जिससे युवाओं को 50 वर्षों के लिए ब्याज मुक्त ऋण मिलता है।

### तमिलनाडु के खास ...

गया था, तभी वहां से यह लाया था। मैंने उसी वक्त सोचा था कि आपको यह दिखाऊंगा और आपके लिए लेकर भी आऊंगा। इस पर गेट्स ने पीएम धन्यवाद किया। पीएम ने टेराकोटा की मूर्ति देते हुए कहा कि यह भारत की बहुत पुरानी परंपरा है, लेकिन यह तमिलनाडु की कला है। इन्हें वहां के मंदिरों, घरों में रखा देख सकते हैं। वो लोग पूजा के लिए भी इसी तरह की खास चीजें बनाते हैं। वहीं, बिल गेट्स को पश्मीना देते हुए पीएम ने कहा कि यह हमारे यहां काफी प्रसिद्ध है। इसे कश्मीर से लाया गया है। इसके अलावा पीएम मोदी ने उन्हें केसर, दार्जिलिंग की नीलगिरी चाय भी गिफ्ट में दी।

### 1 अप्रैल को आरबीआई ...

को एक्सचेंज और जमा करने की सुविधा उपलब्ध नहीं मिलेगी। 19 मई 2023 को, बैंक ने 2,000 के बैंक नोटों को प्रचलन से बाहर करने का निर्णय लिया था और जनता से उन्हें बैंकों में जमा करने या अन्य मूल्यवर्ग के बैंक नोटों में एक्सचेंज करने का आग्रह किया था। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी क्लीन नोट पॉलिसी के तहत यह कदम उठाया था। हालांकि, आरबीआई ने अहमदाबाद, बेंगलुरु, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, पटना, तिरुवनंतपुरम, रांची और रायपुर जैसे प्रमुख स्थानों पर देश भर में अपने 19 कार्यालयों में 2000 रुपए के नोट जमा करने या बदलने की सुविधा देती है।

### ठग सुकेश से ...

से मंजूरी मांगी थी। दिल्ली सरकार के दो पूर्व मंत्री मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन लगभग एक साल से तिहाड़ में हैं। तत्कालीन जेल अधीक्षक राज कुमार पर आरोप है कि उन्होंने दिल्ली सरकार में मंत्री रहे सत्येंद्र जैन के कहने पर ठग सुकेश चंद्रशेखर से 10 करोड़ रुपए की उगाही की थी। ऐसा कहा जा रहा है कि राज कुमार तिहाड़ जेल से सत्येन्द्र जैन और संदीप गोयल द्वारा चलाए जा रहे जबरन वसूली सिंडिकेट का हिस्सा थे।

### कांग्रेस को इनकम...

न्यायाल में लेकर कांग्रेस पार्टी जा रही है। अजय माकन ने कहा, भाजपा पर बकाये की राशि चुनाव आयोग में दाखिल भाजपा के हिसाब किताब से निकाला गया है। जो सुप्रीम कोर्ट में केस बनाने का मजमून बनेगा। पत्रकारों से बातचीत में अजय माकन और पार्टी के मुख्य प्रवक्ता जयराम रमेश ने एक के बाद एक भाजपा पर कई हमले किये। उन्होंने कहा, चुनाव के समय जानबूझकर आयकर विभाग की आड़ में भाजपा कांग्रेस पार्टी को आर्थिक रूप से पंगु बना देना चाहती है ताकि 'लेवल प्लेयिंग फील्ड' ही न रहे। जयराम ने कहा, इन सबके बावजूद कांग्रेस पार्टी न डरेगी, न झुकेगी। कार्यक्रम अनवरत चलते रहेंगे। केंद्र सरकार का पोल खोलना जारी रहेगा। उन्होंने आशा जताते हुए कहा कि 'टैक्स टेरोरिज्म' के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट राहत जरूर मिलेगी। चुनाव से पहले मिलेगी ताकि कांग्रेस पार्टी अपने फंड का उपयोग कर सके, ऐसी उम्मीद है। अजय माकन ने जोर देकर कहा, भाजपा ने जो चुनाव आयोग को 2016-2017 से 2022-2023 तक के चंदे का हिसाब दिया है उसमें वैसी ही खामियां हैं जिसके आधार पर कांग्रेस पार्टी पर डिमांड जारी किया गया है। आयकर विभाग के नये नोटिस को आधार बनाते हुए अब सुप्रीम कोर्ट के मार्फत बडे प्रहार की तैयारी है।

### ऐसी कार्रवाई होगी कि...

एकाउंट फ्रीज कर लेने की वजह से अभियान को मोमेंटम नहीं दिया गया, क्यों कि जो भी पैसे बैंक में आते सब अंततः फ्रिज हो जाने थे उसका उपयोग नहीं किया जा सकता था।

## आरजेडी का गठबंधन कांग्रेस से, किसी व्यक्ति के साथ नहीं



**पटना।** पूर्णिया लोकसभा सीट आरजेडी के खाते में जाने के बाद कांग्रेस के सिंबल पर चुनाव लड़ने का दावा करने वाले पप्पू यादव को बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने दो-टूक जवाब दिया है। तेजस्वी ने कहा कि आरजेडी का गठबंधन कांग्रेस के साथ है, किसी व्यक्ति के साथ नहीं है। दोनों पार्टियों के बीच सीट बंटवारा हो गया है। पप्पू यादव का मामला कांग्रेस पार्टी के अंदर का मसला है। इस पर वह कोई टीका-टिप्पणी नहीं करना चाहते हैं। पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव शुक्रवार को दिल्ली से पटना लौटे। पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में उन्होंने कई सवालों का जवाब दिया। पप्पू यादव के पूर्णिया लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के दावे पर तेजस्वी ने कहा कि आरजेडी और कांग्रेस के बीच जनवरी से ही सीट शेयरिंग पर बात चल रही थी। कांग्रेस के साथ आरजेडी का गठबंधन बहुत पहले से है। सबकुछ पहले ही तय हो गया था। पप्पू यादव का मामला हमारा विषय नहीं है।

## गिरीडीह सीट से आजसू ने प्रत्याशी का किया ऐलान

> बैठक में चंद्रप्रकाश चौधरी के नाम पर सहमति बनी

एजेंसी ▶▶ रांची

झारखंड के गिरिडीह लोकसभा सीट से आजसू ने एक बार फिर चंद्रप्रकाश चौधरी को मैदान में उतारा है। पार्टी की संसदीय बोर्ड की बैठक में विचार विमर्श के बाद उनके नाम पर सहमति बनी। भाजपा ने गठबंधन के तहत गिरिडीह की सीट आजसू के लिए छोड़ी है। इससे पहले 2019 के चुनाव में चंद्रप्रकाश चौधरी ने गिरिडीह में चुनाव जीता था। संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि चंद्र प्रकाश चौधरी ने जनता की सेवा के साथ गिरिडीह संसदीय क्षेत्र का विकास किया है। विकास का एजेंडा लेकर हम फिर जनता के बीच जाएंगे और निःसंदेह जनता फिर एक बार हमें मौका देगी।



इसके साथ ही उन्होंने कहा कि झारखंड में एनडीए सभी 14 सीटों पर जीत दर्ज करने के लक्ष्य को हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन का उद्देश्य राष्ट्र एवं राज्य के व्यापक हित में काम करना है। जबकि इंडी गठबंधन नेतृत्व विहीन है। इंडी गठबंधन के पास देशहित में कोई एजेंडा नहीं है। चुनावों में जनता उन्हें सिरे से नकारने वाली है।

### रामबन में 300 फीट नीचे खाई में गिरी एसयूवी कार, 9 की हुई मौत

# कार में 10 लोग थे सवार, इसमें बिहार के 9 प्रवासी मजदूर, रोजगार के सिलसिले में गए थे जम्मू-कश्मीर

> तेज आंधी व बारिश के चलते नेशनल हाइवे 44 पर हादसा

एजेंसी ▶▶ पटना

जम्मू-कश्मीर नेशनल हाइवे 44 पर रामबन के पास सड़क हादसे में बिहार के 9 लोगों की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार एक एसयूवी कार पर 10 लोग सवार थे। देर रात जम्मू से कश्मीर जाने के दौरान तेज आंधी और बारिश होने के चलते उनकी गाड़ी सड़क से 300 फीट नीचे गहरी खाई में गिर गई।

गाड़ी में सवार सभी 10 लोगों की मौत की खबर है। मृतकों में 9 लोग बिहार के रहने वाले थे, जिनमें से अधिकांश पश्चिम चंपारण जिले के बगहा अनुमंडल के थे। जानकारी के अनुसार मृतकों में तीन पिपरासी प्रखंड के हैं। एक भैरोंगंज का थाना ,एक सिरसिया नौरंगिया थाना एवं एक व्यक्ति कैलाश नगर का निवासी है।

पिपरासी प्रखंड के सेमरा लबेदाहा पंचायत के भैसहिया गांव निवासी इंद्रजीत बीन एवं अवधेश बिन




अपने बहनोई, मौसेरे भाई के साथ कश्मीर जा रहे थे। इसी दौरान रामबन के पास यह हादसा हो गया। इसमें गांव के इंद्रजीत बिन एवं अवधेश बिन, भैरोगंज के जुडापाकड़ निवासी विपिन मुखिया की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सभी प्रवासी मजदूर थे और रोजगार के सिलसिले में जम्मू-कश्मीर गए थे।



### पीएम मोदी ने जताया दुख, मृतकों के परिजन को 2-2 लाख व घायलों को 50 हजार रुपए की मदद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस हादसे पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने पीएम राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपये देने की घोषणा की है। साथ ही घायलों को इलाज के लिए 50 हजार रुपए की आर्थिक मदद की जाएगी।



# 'द फॉरगॉटन आर्मी' के लिए शाहरुख ने नहीं लिए थे पैसे

**मुंबई।** फिल्ममेकर कबीर खान इन दिनों कार्तिक आर्यन के साथ अपनी आगामी निर्देशित फिल्म 'चंदू चैंपियन' में बिजी हैं। इसी बीच उन्होंने बॉलीवुड किंग शाहरुख खान को याद करते हुए उनकी सराहना की है। उन्होंने बताया कि शाहरुख ने उनकी वेब सीरीज 'द फॉरगॉटन आर्मी' में बिना किसी फीस के वॉयसओवर करने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि वह थोड़ा डर के साथ शाहरुख के पास ये ऑफर लेकर पहुंचे थे और उन्होंने तुरंत हां कह दिया। कबीर खान ने कहा, 'जब मैंने द फॉरगॉटन आर्मी बनाई थी और जिन्होंने इसे देखा है। हर एपिसोड से पहले 30 सेकंड का एक परिचय होता है, जिसमें एक वॉयसओवर होता है। वो आपको उस एपिसोड के बारे में बताता है।



## लाइफ Style

# अनन्या पांडे

## सुहाना और अगस्त्य को दी नसीहत

एजेंसी ⏭ मुंबई

धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द इयर-2' से अपने करियर की शुरुआत करने वाली अनन्या पांडे आज इंडस्ट्री का जाना-माना नाम बन चुकी हैं। कुछ सालों पहले अनन्या पांडे को उनकी एक्टिंग और बोलचाल के स्टाइल के लिए सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया जाता था, लेकिन अब समय के साथ उन्होंने अपनी एक्टिंग स्किल्स में काफी इम्प्रूव किया।

अपनी लास्ट रिलीज फिल्म 'खो गए हम कहां' के लिए उन्हें दर्शकों ने खूब प्यार दिया। अनन्या इन दिनों अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ आदित्य रॉय कपूर संग अपने रिलेशनशिप को लेकर भी चर्चा में बनी हुई हैं। हाल ही में अनन्या पांडे ने नेहा धूपिया के शो में अपनी जिंदगी से जुड़े कई राज खोले, लेकिन साथ ही उन्होंने शाह रुख खान की लाडली सुहाना खान और उनके रूमर्ड ब्वॉयफ्रेंड अगस्त्य नंदा को एक बड़ी सलाह दी। नेहा धूपिया हर साल की तरह एक बार फिर से अपने चैट शो 'नो फिल्टर नेहा' के साथ लौट आई हैं। उनके इस शो पर खास मेहमान बनीं 'गहराइयां' एक्ट्रेस अनन्या पांडे। इस दौरान नेहा से बातचीत करते हुए अनन्या ने बताया कि उनकी बेस्ट फ्रेंड सुहाना खान और शनाया कपूर उनकी फैमिली की तरह है।

इस बातचीत में जब नेहा ने उनसे अपने दोस्तों को सलाह देने के लिए कहा, तो अनन्या ने सबसे पहले शाहरुख खान की लाडली सुहाना खान को एडवाइज दी। उन्होंने सुहाना को सलाह देते हुए कहा कि हर चीज को अपने दिल पर लगाने की जरूरत नहीं है। अनन्या पांडे ने शनाया को तो नहीं, लेकिन अमिताभ बच्चन के नाती और कथित तौर पर सुहाना खान के ब्वॉयफ्रेंड अगस्त्य नंदा को सलाह दे दी।

## हॉलीवुड मसाला



# स्क्रीनिंग में छाई 'द फर्स्ट ओमन'

**लॉस एंजिलिस।** हॉरर फ्रेंचाइजी द ओमन की अगली फिल्म द फर्स्ट ओमन सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। रिलीज से पहले बुधवार को 20th सेंचुकी स्टूडियोज ने लॉस एंजिलिस में फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग रखी, जिसमें फिल्म से जुड़े लोग भी शामिल हुए।फिल्म देखकर दर्शकों की शानदार प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। 5 अप्रैल को रिलीज हो रही द फर्स्ट ओमन द ओमन की प्रीक्वल फिल्म है। फिल्म देखने के बाद ऑडिएंस ने अपनी प्रतिक्रियाएं सोशल मीडिया पर लिखी हैं। कई लोगों को फिल्म की सिनेमैटोग्राफी काफी पसंद आई।




# एना की फिल्म के सीक्वल का ऐलान

**लॉस एंजिलिस।** अमेजन एमजीएम स्टूडियोज ने 2018 की हिट फिल्म अ सिम्पल फेवर के दूसरे भाग की घोषणा की है। फिल्म में एना केंड्रिक, ब्लेक लाइवली, हेनरी गोल्डिंग, एंड्रू रैनल्स और बशीर सलाहुद्दीन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे, जबकि पॉल फीग निर्देशन कर रहे हैं। पॉल ने पहले भाग को भी निर्देशित किया था। अ सिम्पल फेवर बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी और क्रिटिक्स ने भी फिल्म को सराहा था। दुनियाभर में फिल्म ने 97 मिलियन डॉलर (लगभग 800 करोड़ रुपये) का कारोबार किया था। डार्सी बेल के किरदारों को जेसिका शॉरजर ने स्क्रीनप्ले में ढाला था। फिल्म में एना स्टेफनी स्मोदर्स का किरदार निभाती हैं, जबकि लाइवली का किरदार एमिली नेल्सन का है। दूसरे भाग में एमिली की शादी दिखाई जाएगी, जो इटली के एक अमीर बिजनेसमैन से कैपरी में हो रही है। हालांकि, इसमें ट्विस्ट आएगा। शादी में जगमगाते मेहमानों के साथ एक कत्ल और धोखे की भी तैयारी है।



# शादी के बाद शेयर कीं पहली तस्वीर

**मुंबई।** तापसी पन्नू पिछले कुछ दिनों से अपनी गुपचुप शादी की खबरों को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। ऐसा माना जा रहा है कि एक्ट्रेस ने अपने परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में बॉयफ्रेंड मैथियास बो के साथ गुपचुप तरीके से शादी की है। हालांकि, एक्ट्रेस ने इस पर कोई पुष्टि नहीं की है, लेकिन फैंस को यकीन है कि एक्ट्रेस अब सिंगल नहीं हैं और इसी चर्चा के बीच, उन्होंने शुक्रवार को कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं, जिनमें उनकी रिंग देखकर कई लोग बातें कर रहे हैं। रिपोर्ट्स की मानें, तो ये फोटो तापसी ने शादी के बाद पहली बार शेयर की है। तापसी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी अनोखी साड़ी दिखाते हुए कुछ तस्वीरें शेयर कीं। उन्हें फ्लेयर्ड पैंट और पीले और काले रंग की साड़ी के साथ काले रंग का लंबा कोट पहने देखा जा सकता है।



# 'दबंग 4' पर साझा किया अपडेट

**मुंबई।** सलमान खान को उनकी फिल्म 'दबंग' के बाद से 'दबंग खान' कहा जाने लगा। दर्शकों को यह फिल्म खास तौर पर पसंद आई थी, जिसके बाद 'दबंग 2' और 'दबंग 3' ने भी दर्शकों का दिल जीता। वहीं, अब दर्शक फिल्म की चौथी किस्त का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सलमान खान ने अपने भाई अरबाज खान द्वारा निर्मित डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग फिल्म 'पटना शुक्ला' के प्रीमियर में भाग लिया, जहां अभिनेता से 'दबंग 4' के बारे में सवाल किया गया। इस पर जवाब देते हुए सलमान खान ने कहा कि यह बहुत जल्दी होगा, जैसे ही हम दोनों भाई एक ही स्क्रिप्ट में लॉक हो जाएंगे तो यह मुमकिन हो पाएगा। अभी वे कुछ बनाना चाहते हैं और मैं कुछ और बनाना चाहता हूं, लेकिन जैसे ही एक स्क्रिप्ट फाइनल होगी और हम दोनों भाई साथ आएंगे, तब 'दबंग 4' रिलीज हो जाएगी।

## टीवी मसाला



# 11 साल बाद 'पतिदेव' रणबीर से मिली गुत्थी

**मुंबई।** 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' ने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आते ही कब्जा कर लिया है और दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। कपूर खानदान ने पहले एपिसोड की शोभा बढ़ाई। 26 मार्च को शो का पहला एपिसोड आया। ये अब तक कई लोगों का दिल जीत रहा है। सोशल मीडिया हैंडल पर जारी की गई छोटी सी क्लिप में, रणबीर कपूर को अपनी मां नीतू कपूर और बहन रिद्धिमा कपूर साहनी के साथ कुछ प्यार भरे पल शेयर करते देखा जा सकता है। प्रोमो में रणबीर की 'एक्स वाइफ' गुत्थी भी हैं। दरअसल, कपिल शर्मा शो के एक एपिसोड में सुनील ग्रोवर ने खुद को रणबीर कपूर की पत्नी बताया था और उनके बिना ही शादी भी कर ली थी। तब से उन्हें रणबीर की पत्नी कहा जाता है। इस क्लिप ने न केवल स्टार्स को बल्कि दर्शकों को भी हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया। गुत्थी और रणबीर की प्रेम कहानी 2013 से शुरू होती है जब रणबीर 'कॉमेडी नाइट्स विद कपिल' में दिखाई दिए थे। तब से, गुत्थी कपूर परिवार की स्व-घोषित 'बहू' रही हैं।

# सलमान के कहने पर कटरीना ने साइन की थी न्यूयॉर्क



**मुंबई।** कबीर खान बॉलीवुड इंडस्ट्री के पॉपुलर फिल्ममेकर हैं। कबीर ने अपने करियर में कई बेहतरीन फिल्में दी हैं और उनके साथ कई स्टार्स काम कर चुके हैं। बता दें कि कबीर की फिल्म न्यूयॉर्क में कटरीना कैफ ने काम किया था। आदित्य चोपड़ा ने कबीर को कटरीना की सलाह दी थी। हालांकि कटरीना उस वक्त फिल्म करने के लिए तैयार नहीं थी। हालांकि फिर सलमान खान ने कटरीना को इस फिल्म के लिए मनाया। कबीर ने दोनों का किस्सा शेयर किया है। कबीर ने कहा, 'उस वक्त कटरीना, सलमान को डेट कर रही थीं। सलमान ने उनसे पूछा कि मीटिंग कैसी रही? उन्होंने कहा कि कोई नया फिल्ममेकर है जिन्होंने एक फिल्म बनाई है और अब वह मुझे कास्ट करना चाहते हैं।

# मैडम तुसाद म्यूजियम में लगा अल्लू अर्जुन का पुतला




**मुंबई।** 'पुष्पा' एक्टर अल्लू अर्जुन इंटरनैशनल लेवल पर अपनी पहचान रखते हैं। उनका हाल ही में शानदार वैक्स स्टैच्यू दुबई के मैडम तुसाद म्यूजियम में रखा गया है। इस पुतले के साथ अल्लू अर्जुन ने पोज भी दिए जिसे देखकर ये बता पाना मुश्किल है कि कौन असली है और कौन नकली। इस स्टैच्यू की लॉन्चिंग पर एक्टर खुद दुबई पहुंचे थे और वो तस्वीरें भी उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। सबसे मजेदार वीडियो है जिसमें अल्लू अर्जुन नहीं बल्कि उकी बेटी सारी लाइमलाइट चुराती दिख रही। दरअसल अल्लू अर्जुन ने लॉन्च के दौरान का वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है जिसमें वह हूबहू वही कपड़ों में हैं जिसमें स्टैच्यू को तैयार किया गया है। अब जैसे ही उनके पुतले के सामने रखा पर्दा हटाया जाता है, एक्टर की बेटी उसी अंदाज में (फ्लावर नहीं फायर है मैं) पुतले के पास खड़ी दिख रही जिस पोज में वो स्टैच्यू है।

# रश्मिका ने विजय को बुलाया 'डार्लिंग'



**मुंबई।** रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा अपनी लव लाइफ को लेकर चर्चा में रहते हैं। भले ही दोनों ने अपने रिलेशनशिप को कन्फर्म नहीं किया है, लेकिन उनका क्लोज बॉन्ड फैंस को सोचने पर मजबूर कर ही देता है। खैर, रिलेशनशिप को तो पता नहीं लेकिन रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा एक-दूसरे के साथ बहुत अच्छा बॉन्ड शेयर करते हैं। दोनों एक-दूसरे को बेस्ट फ्रेंड कहते हैं। विजय और रश्मिका एक-दूजे को चीयर करना भी नहीं भूलते हैं। हाल ही में, रश्मिका ने भी 'खुशी' एक्टर को चीयर किया है। हाल ही में, विजय देवरकोंडा स्टारर फिल्म फैमिली स्टार का ट्रेलर रिलीज किया गया है। लोगों ने फिल्म का ट्रेलर बहुत पसंद किया। रश्मिका को भी विजय की फिल्म का ट्रेलर भा गया। उन्होंने सोशल मीडिया पर रिएक्शन दिया है। 'एनिमल' एक्ट्रेस ने एक्स पर फैमिली स्टार का ट्रेलर रीशेयर किया और कैप्शन में लिखा, मैं फैमिली स्टार के लिए डार्लिंग परशुराम और विजय देवरकोंडा को सबसे अच्छे की बधाई देती हूं।

# बायोपिक फिल्मों की बाढ़, दमदार कंटेट पर टिका भविष्य

## 'यूपी फाइल्स', 'जेएनयू' से लेकर 'साबरमती रिपोर्ट' रिलीज को तैयार

एजेंसी ⏭ मुंबई

पिछले कुछ समय में सिनेमाघरों रिलीज हो चुकी 'आर्टिकल 370', 'बस्तरः द नक्सल स्टोरी', 'स्वातंत्र्य वीर सावरकर' और आने वाले दिनों में रिलीज होने वाली 'यूपी फाइल्स', 'जेएनयू' और 'साबरमती रिपोर्ट' जैसी फिल्मों को लेकर चर्चा का दौर जारी है। चर्चित घटनाओं व मुद्दों से प्रेरित फिल्मों की रिलीज का सिलसिला पिछले कई सालों से जारी है। यह बात और है कि कुछ राजनीतिक दल इन फिल्मों का इसलिए विरोध करते हैं। वहीं कुछ राजनीतिक दल इन फिल्मों को लोगों को सच्चाई से रूबरू कराने के लिए जरूरी मानते हैं।




### ब्रिटिश इंडिया से आजादी तक की कहानी

फिल्मवालों ने इस साल की शुरुआत से ही असल घटनाओं से प्रेरित तमाम ऐसी फिल्मों की रिलीज का सिलसिला शुरू कर दिया था, जिनको लेकर चर्चा हो सकती है। बीते साल 'द केरल स्टोरी' फिल्म बनाकर चर्चा में आए निर्माता विपुल शाह ने अबकी बार छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद पर आधारित फिल्म 'बस्तर द नक्सल स्टोरी' रिलीज की, जिसे दर्शकों ने साफ नकार दिया। इस फिल्म का न सिर्फ कई राज्यों में विरोध जारी रहा।

### रिलीज होंगी रियल फिल्में

असल विषयों से प्रेरित फिल्मों की रिलीज का सिलसिला यहीं थमने वाला नहीं है। मार्च महीने के आखिरी शुक्रवार को 'बंगाल 1947' फिल्म रिलीज हुई, जिसमें भारत विभाजन की दास्तान को बंगाल के संदर्भ में दिखाया गया। इसके साथ ही एक और फिल्म 'यूपी फाइल्स' रिलीज होगी, जिसका हाल ही में ट्रेलर रिलीज हुआ है। वहीं अप्रैल के पहले हफ्ते में जहांगीर नैशनल यूनिवर्सिटी पर बनी फिल्म 'जेएनयू' रिलीज होगी। इस फिल्म के टीजर रिलीज के साथ ही यह विवादों में आ गई है और इसका विरोध हो रहा है।

### गोधरा कांड पर प्रकाश डालेंगे मैसी

वहीं 3 मई को गोधरा ट्रेन कांड पर आधारित फिल्म 'साबरमती रिपोर्ट' की रिलीज तय है, जिसमें चर्चित ऐक्टर विक्रांत मैसी नजर आएंगे। इसी दौरान फिल्म गुजरात दंगों पर आधारित फिल्म 'गोधरा फाइल्स' के भी रिलीज होने की चर्चा है। जून के महीने में कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' रिलीज होगी, जिसमें सत्तर के दशक में देश में लगे आपातकाल को दिखाया जाएगा।

### अब समझदार हो गए हैं दर्शक

फिल्मी दुनिया के जानकारों की अगर मानें तो असल घटनाओं से प्रेरित फिल्मों का जनता पर कम ही प्रभाव पड़ता है। जाने-माने फिल्म निर्माता और फिल्म स्वांतत्र्य वीर सावरकर के प्रोड्यूसर आनंद पंडित से जब हमने आजकल रिलीज हो रही रियलिटी बेस्ड फिल्मों के ट्रेंड पर सवाल पूछा, तो उन्होंने बताया, 'मुझे नहीं लगता कि रियलिटी बेस्ड फिल्में किसी खास रिलीज डेट पर रिलीज की जाती हैं। यह सिर्फ एक संयोग हो सकता है कि आजकल लगातार कुछ असल घटनाओं से प्रेरित फिल्में रिलीज हो रही हैं। वैसे भी आजकल दर्शक काफी समझदार हो गए हैं। वे सिर्फ और सिर्फ दमदार कॉन्टेंट वाली फिल्में ही देखना पसंद करते हैं। इसलिए बॉक्स ऑफिस पर फिल्में चलाने के लिए विवाद की बजाय उसका कॉन्टेंट होना ज्यादा जरूरी है।'



# हीरोपंती के बाद 'टाइगर दीदी' के नाम से जानी जाती थीं कृति

**मुंबई।** अभिनेत्री कृति सेनन अपनी फिल्म 'द क्रू' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इस फिल्म में अभिनेत्री करीना कपूर और तब्बू के साथ मुख्य भूमिका में हैं। कृति सेनन फिल्मों के अलावा तमाम विषयों पर अपनी राय देने के लिए भी जानी जाती हैं। हाल ही में, एक इंटरव्यू के दौरान कृति सेनन ने बताया कि उनकी पहली फिल्म हीरोपंती के बाद लोग उन्हें टाइगर श्रॉफ की फिल्म में नजर आने वाली लड़की कहकर बुलाते थे। उन्होंने आगे बताया कि जब टाइगर श्रॉफ के साथ उनकी पहली फिल्म हीरोपंती रिलीज हुई थी तो लोग उन्हें 'टाइगर दीदी' कहकर बुलाते थे। अभिनेत्री ने कहा कि जब आप फिल्म इंडस्ट्री से नहीं होते हैं तो लोगों को आपका नाम जानने और आपके नाम को आपके चेहरे से मिलाने में थोड़ा समय लगता है। उन्होंने बताया कि काफी लंबे समय तक लोग उन्हें टाइगर श्रॉफ की फिल्म में नजर आने वाली लड़की कहकर कहते थे। वर्कफ्रंट की बात करें तो कृति 'क्रू' के बाद 'दो पत्ती' में नजर आएंगी। 'द क्रू' रिया कपूर द्वारा निर्देशित और एकता कपूर द्वारा निर्मित है। वहीं फिल्म 'दो पत्ती' में कृति सेनन अभिनय के साथ-साथ निर्माण भी कर रही हैं।



# रॉयल ब्ल्यू स्कूल का परीक्षा परिणाम जारी

**नई दिल्ली।** रघुबीर नगर दिल्ली के रॉयल ब्ल्यू बेल्स स्कूल में नर्सरी के बच्चों का वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी किया गया। परीक्षा में गायत्री, युगम, दैविक, मिताक्षी, मानस, अरहान, दिव्यांश, अंश ने सफलता हासिल की। सफलता हासिल करने वाले बच्चों को स्कूल की तरफ से सम्मानित किया गया।

# नाबालिग का अपहरण कर तीन ने किया रेप

**बिलासपुर।** बिलासपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक नाबालिग का अपहरण के बाद दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का पूरा मामला है, जहां 16 साल की एक नाबालिग दुकान में काम करती है। बीती रात करीब 9:30 बजे वह दुकान से काम करके अपने घर लौट रही थी, तभी कुछ युवक बाइक पर सवार होकर उसके पास पहुंचे और नाबालिग को जबरदस्ती बाइक पर बैठाकर सुनसान इलाके में ले गए जहां उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया है। आरोपी दूसरे दिन सुबह करीब 7 बजे जहां से नाबालिग को उठाए थे, वहां वापस लाकर छोड़ दिया और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़िता ने अपने परिजनों के साथ कोतवाली थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। देर रात तक पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले मे एडिशनल एसपी सिटी उमेश कश्यप ने बताया कि नाबालिग प्रार्थिया लगभग 16 साल की है।

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 104 दिनांक 14.03.2024 धारा 346 IPC थाना कलानौर रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**
नाम – सुरेन्द्र
पिता/पति का नाम – पुत्र धर्मबीर
पता- गांव निगांना कलानौर जिला -रोहतक
उम्र- 32 वर्ष
कद- 5 फुट 9 ईंच

**हुलिया-** रंग साफ,लम्बुतरा चेहरा, पतला शरीर, लम्बी-लम्बी दाढी।

**पहनावा-** नही पता।



दिनांक 14.03.2024 को सुरेन्द्र पुत्र धर्मबीर निवासी गांव निंगाना कलानौर जिला रोहतक थाना कलानौर रोहतक से बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना कलानौर रोहतक – 70829-99126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता कलानौर रोहतक- 9896619814


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 78 दिनांक 17.03.2024 धारा 346 IPC थाना आई.एम.टी. रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**
नाम – प्रवीन उर्फ मणीया
पिता/पति का नाम – पुत्र बलबीर
पता- गांव कारौर जिला - रोहतक
उम्र- 36 वर्ष
कद- 5 फुट 9 ईंच

**हुलिया-** रंग गेहुआ, दाहिना हाथ कटा हुआ, दाहिने पैर का अंगुठा कटा हुआ व बाए पैर की दो उंगली कटी हुई।

**पहनावा-** नही पता।



दिनांक 17.03.2024 को प्रवीन उर्फ मणिया पुत्र बलबीर निवासी गांव कारौर थाना आई.एम.टी. जिला रोहतक से बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना थाना आई.एम.टी. रोहतक – 70829-99124
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना आई.एम.टी. रोहतक - 9466778632

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 64 दिनांक 18.03.2024 धारा 346 IPC थाना पी.जी.आई.एम.एस रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**
नाम – निशा
पिता/पति का नाम – पुत्री अनिल
पता- गांव घसौला जिला चरखी दादरी हाल किराएदार देव कालोनी जिला - रोहतक
उम्र- 22 वर्ष
कद- 5 फुट 2 ईंच

**हुलिया-** रंग गेहुआ, दुबला पतला शरीर।

**पहनावा-** क्रीम रंग का सुट सलवार व नजर का चश्मा पहने हुए।



दिनांक 18.03.2024 को निशा पुत्री अनील निवासी गांव घसौला जिला चरखी दादरी हाल किराएदार देव कालोनी रोहतक थाना पी.जी.आई.एम.एस जिला रोहतक से बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना थाना पी.जी.आई.एम.एस रोहतक – 70829-99121
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना पी.जी.आई.एम.एस रोहतक - 9466256256

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 94 दिनांक 14.03.2024 धारा 346 IPC थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**
नाम – मनीषा
पिता/पति का नाम – पुत्री राजु
पता- बी ब्लाक इन्द्रपुरी दिल्ली हाल पाहडा मौहल्ला जिला -रोहतक
उम्र- 20 वर्ष
कद- 5 फुट 2 ईंच

**हुलिया-** रंग गोरा, लम्बुतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर व दाहिने हाथ पर औम गुदा हुआ।

**पहनावा-** काले रंग का सुट सलवार छिटदार, पिंक कलर का दुपट्टा, पैरो मे पजेब व पैरो मे चप्पल व नाक की बाली डाले हुए।



दिनांक 14.03.2024 को मनीषा पुत्र राजु निवासी बी ब्लाक इन्द्रपुरी दिल्ली हाल पाहडा मौहल्ला रोहतक जिला रोहतक थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक से बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक – 70829-99116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक- 9416004222

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 62 दिनांक 17.03.2024 धारा 346 IPC थाना पी.जी.आई.एम.एस रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**
नाम – प्रिया
पिता/पति का नाम – पुत्री जगत सिंह
पता- गांव भैसवान खुर्द हाल पी.जी.आई.एम.एस जिला - रोहतक
उम्र- 27 वर्ष
कद- 5 फुट 2 ईंच
**हुलिया-** रंग गोरा, पतला शरीर।

**पहनावा-** पीले रंग का सुट पहने हुए।



दिनांक 17.03.2024 को प्रिया पुत्र जगत सिंह निवासी गांव भैसवान खुर्द हाल पी.जी.आई.एम.एस रोहतक थाना पी.जी.आई.एम.एस जिला रोहतक से बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना थाना पी.जी.आई.एम.एस रोहतक – 70829-99121
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना पी.जी.आई.एम.एस रोहतक - 9467818424

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 65 दिनांक 18.03.2024 धारा 346 IPC थाना पी.जी.आई.एम.एस रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**
नाम – निकेता
पिता/पति का नाम – पत्नी साहिल
पता- गांव टिटौली जिला - रोहतक
उम्र- 25 वर्ष
कद- 5 फुट

**हुलिया-** रंग गोरा।

**पहनावा-** हरे रंग का सुट पहने हुए।



दिनांक 18.03.2024 को निकेता पत्नी साहिल निवासी गांव टिटौली रोहतक जो पी.जी.आई.एम.एस मे ईलाज करवाने के लिए आई थी थाना पी.जी.आई.एम.एस जिला रोहतक से बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना थाना पी.जी.आई.एम.एस रोहतक – 70829-99121
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना पी.जी.आई.एम.एस रोहतक - 9466256256

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 96 दिनांक 14.03.2024 धारा 346 IPC थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**
नाम – राखी
पिता/पति का नाम – पुत्री उमेश
पता- पाडा मौहल्ला रोहतक जिला -रोहतक
उम्र- 26 वर्ष
कद- 5 फुट 2 ईंच

**हुलिया-** रंग गोरा, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर व बाए हाथ पर जले का निशान।

**पहनावा-** नही पता।



दिनांक 14.03.2024 को राखी पुत्र उमेश निवासी पाहडा मौहल्ला रोहतक जिला रोहतक थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक से बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक – 70829-99116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक- 8059396100

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 190 दिनांक 17.03.2024 धारा 365 IPC थाना शहर रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**
नाम – गुनगुन
पिता/पति का नाम – पुत्री धर्मा
पता- गढी मौहल्ला जिला - रोहतक
उम्र- 16 वर्ष
कद- 5 फुट 3 ईंच

**हुलिया-** रंग सांवला, गोल चेहरा।

**पहनावा-** नही पता।



दिनांक 17.03.2024 को गुनगुन पुत्री धर्मा निवासी गढी मौहल्ल जिला रोहतक थाना शहर रोहतक से बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक – 70829-99115
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता शहर रोहतक- 7988636532


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 57 दिनांक 18.03.2024 धारा 346 IPC थाना सिविल लाईन रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**
नाम – साहर अलि
पिता/पति का नाम – पुत्र सुमेज उदील
पता- गोगुबेरी आसाम हाल आजाद गढ जिला -रोहतक
उम्र- 32 वर्ष
कद- 5 फुट 6 ईंच

**हुलिया-** रंग काला, लम्बुतरा चेहरा, दुबला पतला शरीर।

**पहनावा-** सफेद सर्ट काली पैन्ट व पैरो मे हवाई चप्पल पहने हुए।



दिनांक 18.03.2024 को साहर अनिल पुत्र सुमेज उदील निवासी आजाद गढ रोहतक थाना सिविल लाईन रोहतक से बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सिविल लाईन रोहतक – 70829-99117
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता सिविल लाईन रोहतक- 7015238301

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 151 दिनांक 15.03.24 धारा 346 IPC थाना शिवाजी कालोनी रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**
नाम – रेखा अपने बच्चो सहित
पिता/पति का नाम – पत्नी सन्दीप
पता- अजीत कालोनी जिला -रोहतक
उम्र- 26 वर्ष
कद- 5 फुट 1 ईंच

**हुलिया-** रंग- सांवला, गोल चेहरा, पतला शरीर।

**पहनावा-** सुट सलवार पहने हुए।





दिनांक 15.03.2024 को रेखा अपने बच्चो सहित पत्नी सन्दीप निवासी अजीत कालोनी रोहतक थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक से बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक – 70829-99119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता शिवाजी कालोनी रोहतक- 9992518630

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 44 दिनांक 18.03.2024 धारा 346 IPC थाना बहु-अकबरपुर रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**
नाम – मोनिका
पिता/पति का नाम – पत्नी अशोक
पता- गांव मौखरा पाना श्याम जिला -रोहतक
उम्र- 32 वर्ष
कद- 5 फुट 5 ईंच

**हुलिया-** रंग- गेहुआ, लम्बुतरा चेहरा।

**पहनावा-** आसमानी रंग की लोवर व जाकैट व पैरो मे सफेद जुते पहने हुए है।



दिनांक 18.03.2024 को मोनिका पत्नी अशोक निवासी गांव मौखरा पाना श्याम जिला रोहतक थाना बहु-अकबरपुर रोहतक से बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना बहु-अकबरपुर रोहतक – 70829-99223
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता बहु-अकबरपुर रोहतक- 9466832087

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 107 दिनांक 19.03.2024 धारा 346 IPC थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**
नाम – आशु
पिता/पति का नाम – पुत्री जगदीश किराड
पता- प्याऊ वाली गली किला महोल्ला जिला -रोहतक
उम्र- 23 वर्ष
कद- 5 फुट 2 ईंच

**हुलिया-** रंग गोरा, लम्बुतरा चेहरा, फूर्तिला शरीर

**पहनावा-** सफेद लाईनदार स्वेटर, नीले रंग की जीन्स व पैरो मे सफेद रंग के जूते पहने हुए।



दिनांक 19.03.2024 को आशु पुत्री जगदीश किराड निवासी प्याऊ वाली गली किला महोल्ला जिला -रोहतक थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक – 70829-99116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक- 9996023381

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 94 दिनांक 16.03.2024 धारा 365 IPC थाना सांपला रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**
नाम – रोहित
पिता/पति का नाम – पुत्र रतन कुमार
पता- गढी सांपला जिला -रोहतक
उम्र- 17.4 वर्ष
कद- 5 फुट 6 ईंच

**हुलिया-** रंग गेहुआ, लम्बुतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर।

**पहनावा-** सफेद रंग की टी सर्ट, ग्रे रंग का पजामा व पैरोम मे चप्पल पहने हुए है।



दिनांक 16.03.2024 को रोहित पुत्र रतन कुमार निवासी गढी सांपला जिला रोहतक थाना सांपला रोहतक से बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक – 70829-99125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता सांपला रोहतक- 9812222281

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 115 दिनांक 18.03.2024 धारा 365 IPC थाना महम रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**
नाम – मंजीत
पिता/पति का नाम –पुत्री राकेश
पता- गांव कुलासी जिला झज्जर हाल भैणी मातो जिला -रोहतक
उम्र- 15 वर्ष
कद- 5 फुट
**हुलिया-** रंग- सांवला, लम्बुतरा चेहरा, पतला शरीर।

**पहनावा-** आसमानी कलर की लोवर व जाकेट और पैरो मे सफेद जूते पहने हुए है।



दिनांक 18.03.2024 को मंजीत पुत्र राकेश निवासी गांव कुलासी जिला झज्जर हाल भैणी मातो थाना महम जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना महम रोहतक – 70829-99127
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता महम रोहतक- 9466512667

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 153 दिनांक 19.03.24 धारा 346 IPC थाना शिवाजी कालोनी रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**
नाम – विजय कुमार
पिता/पति का नाम – पुत्र जयभगवान
पता- 308/18 कमला नगर जिला -रोहतक
उम्र- 39 वर्ष
कद- 5 फुट 11 ईंच

**हुलिया-** रंग- गेहुंआ, लम्बूतरा चेहरा, पतला शरीर, गले पर कट का निशान।

**पहनावा-** नही पता।



दिनांक 19.03.2024 को विजय कुमार पुत्र जयभगवान निवासी 308/18 कमला नगर जिला रोहतक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक – 70829-99119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता शिवाजी कालोनी रोहतक- 9467508332

पीआरडीएच-1084/11/2259/2024/26054/88/7 दि. 29.03.24

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 125 दिनांक 26.03.24 धारा 346 IPC थाना महम जिला रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**
**नाम –** रानी
**पिता/पति का नाम –** पत्नी अजीत
**पता-** गांव खरकडा जिला रोहतक।
**उम्र-** 22 वर्ष
**कद-** 5 फुट 3 ईंच

**हुलिया-** रंग सांवल, गोल चेहरा, फुर्तिला शरीर, काले बाल, काली आंखे।

**पहनावा-** संतरिया रंग सूट सलवार व पैरो में चप्पल पहने हुए है।



दिनांक 26.03.24 को रानी पत्नी अजात निवासी गांव खरकडा जिला रोहतक थाना महम बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना महम रोहतक – 7082999127
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना महम रोहतक- 9416520768

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 216 दिनांक 27.03.2024 धारा 346 IPC थाना शहर जिला रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**
**नाम –** मेनका
**पिता/पति का नाम –** पत्नी ललीत शर्मा
**पता-** 1337/77 वार्ज न. 01 सूर्य नगर जिला रोहतक।
**उम्र-** 35 वर्ष
**कद-** 5 फुट 4 ईंच

**हुलिया-** रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, पतला फुर्तिला शरीर, काले बाल काली आंखे।

**पहनावा-** नही पता है।



दिनांक 26.03.21 को मेनका पत्नी ललीत शर्मा निवासी 1337/77 वार्ज न. 01 सूर्य नगर जिला रोहतक अपने दो बच्चो के साथ बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक – 7082999115
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 9813833022


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 217 दिनांक 27.03.24 धारा 346 IPC थाना शहर जिला रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**
**नाम –** सतपाल
**पिता/पति का नाम –**
**पता-** शास्त्री नगर जिला रोहतक।
**उम्र-** 52 वर्ष
**कद-** 5 फुट 5 ईंच

**हुलिया-** रंग गेहुआं, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखे,।

**पहनावा-** क्रीम रंग की टी शर्ट, नीले रंग की लोवर व पैरो में ग्रे रंग की हवाई चप्पल पहने हुए है।



दिनांक 27.03.24 को सतपाल निवासी शास्त्री नगर जिला रोहतक थाना शहर जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शहर रोहतक – 7082999115
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक- 9467569196

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 65 दिनांक 27.03.2024 धारा 346 IPC थाना सिविल लाईन जिला रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**
**नाम –** नरेन्द्र सिंह
**पिता/पति का नाम –**
पता- 1353/12 मैडिकल मोड माडल टाऊन जिला रोहतक।
**उम्र-** 51 वर्ष
**कद-** 5 फुट 6 ईंच

**हुलिया-** रंग गोरा, सम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखे।

**पहनावा-** सफेद रंग की टी शर्ट लाईनदार, काली फोरमल पैन्ट व ब्राउन सैंडल पहने व पैरो में जुते पहने हुए है।



दिनांक 27.03.24 को नरेन्द्र सिंह निवासी 1353/12 मैडिकल मोड माडल टाऊन थाना सिविल लाईन जिला रोहतक बिना किसी को बताए चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना सिविल लाईन रोहतक – 7082999117
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सिविल लाईनरोहतक- 9518204544

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 169 दिनांक 27.03.2024 धारा 365 IPC थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक।**

**गुमशुदा की पहचान**
**नाम –** ईल्लू
**पिता/पति का नाम –** पुत्री अमला
पता- सुनारिया काम्पलैक्स जिला रोहतक।
**उम्र-** 16 वर्ष
**कद-** 4 फुट 6 ईंच

**हुलिया-** रंग गेंहुआ, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट पतला शरीर, काले बाल काली आंखे।

**पहनावा-** नही पता क्या पहने हुआ है।



दिनांक 27.03.24 को ईल्लू पत्नी अमला निवासी सुनारिया काम्लैक्स थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक बिना किसी को बताए चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरो पर सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक – 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 9812324326

पीआरडीएच-1084/11/2260/2024/26055/88/7 दि. 29.03.24

## चिंतन

# दुनिया को 'हरित जीडीपी' मॉडल अपनाने की जरूरत

पर्यावरण को खतरे में डालने वाले विकास मॉडल मानवता के लिए उपयुक्त नहीं है। दुनिया में उत्पादन आधारित विकास मॉडल पर दशको से चर्चा होती रही है। माना जाता है कि उत्पादन आधारित विकास मॉडल से पर्यावरण को खतरा है, खपत से अधिक निर्माण का खतरा है और उत्पादों की डंपिंग का खतरा है। उत्पादन के बाद जरूरतें विकसित करने से असली जरूरतें गौण हो जाती हैं। आज उत्पादन आधारित विकास मॉडल की विडंबना है कि दुनिया कचरा प्रबंधन व ग्लोबल वार्मिंग जैसी विकराल समस्या से जूझ रही है। आधुनिक युग की रक्षा के लिए विश्व के अनेक विचारवान लोगों की ओर से खपत आधारित विकास मॉडल की मांग हो रही है। इसका मूलमंत्र है, जितनी खपत उतना ही उत्पादन उत्पादन भी हरित तरीके से। आज विश्व जब जलवायु परिवर्तन की समस्या का सामना कर रहा है, तो वर्तमान विकास मॉडल को लेकर आलोचना तेज हो गई है। क्लाइमेट सम्मेलन में विश्व में बढ़ रहे तापमान को कम करने का संकल्प लिया जा रहा है, पर कार्बन उत्सर्जन में कमी के लिए हरित विकास मॉडल को अपनाने को लेकर विकसित व विकासशील देशों का रवैया अलग-अलग है। विकसित देश इसके लिए कीमत चुकाने को तैयार नहीं है, जबकि कार्बन उत्सर्जन में औद्योगिक विकसित देशों की ही अधिक भूमिका है। समाजसेवी और माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स के साथ बातचीत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चिंता जाहिर की कि प्रगति को मापने का मौजूदा पैमाना जलवायु विरोधी है। पीएम ने विकास को मापने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले मापदंड को जलवायु के लिए हानिकारक करार दिया। उन्होंने हरित सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की अवधारणा विकसित करने का सुझाव दिया। दुनिया को ग्लोबल वार्मिंग से बचाव के लिए हरित जीडीपी मॉडल अपनाना वक्त का तकाजा है। पिछले साल सितंबर में भारत में जी-20 शिखर सम्मेलन के बाद से जलवायु कार्रवाई को गति मिली है। हरित प्रगति दृष्टिकोण को और अधिक किफायती बनाने के लिए दुनिया को दो-आयामी रणनीति अपनाने की जरूरत है: पहला, प्रकृति और जलवायु के अनुकूल नवाचार, और दूसरा, पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली। हमारी वर्तमान चुनौती यह है कि हम प्रगति को किस नजरिए से देखते हैं। उदाहरण के लिए, किसी देश के विकास को अक्सर उसकी इस्पात खपत और ऊर्जा उपयोग से आंका जाता है। तो इन मानदंडों के आधार पर, हम देश की अर्थव्यवस्था की गणना करते हैं। पर अगर हम इन मापदंडों पर भरोसा करना जारी रखते हैं तो हम अधिक बिजली और स्टील का उपभोग करेंगे, जिसके परिणामस्वरूप कार्बन उत्सर्जन में वृद्धि होगी। इसका मतलब है कि हमें अपनी मानसिकता बदलने की जरूरत है। हमें जीवन शैली के विकल्प बनाने और जलवायु के अनुकूल तरीकों से प्रगति को मापने की आवश्यकता है। वर्तमान में, प्रगति के हमारे सभी उपाय जलवायु के लिए हानिकारक हैं। आज हमें प्रगति के मापदंडों के लिए वैश्विक शब्दावली को बदलने की जरूरत है। स्वच्छ ऊर्जा व हरित ऊर्जा क्षेत्र में तेजी लाने की आवश्यकता है व पेरिस समझौते के लक्ष्यों और नेट-जीरो उत्सर्जन की दिशा में आगे बढ़ते रहने की जरूरत है। हरित विकास के सभी आयामों को अपना कर ही वैश्विक कल्याण का मानवीय मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। हमें अपने उपभोग की आदतों में सुधार की आवश्यकता है, जैसे उपभोक्ताओं को कोई उत्पाद खरीदते समय स्वच्छ उत्पादों को प्राथमिकता देनी चाहिए।



एचडीआई रिपोर्ट
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# मानव विकास पर फोकस की जरूरत

संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) रिपोर्ट 2022 में भारत अब 193 में से 134वें स्थान पर है। भारत की रैंकिंग में पिछले वर्ष की एचडीआई-2021 रिपोर्ट के मुकाबले एक पायदान का सुधार हुआ है, लेकिन अभी भी देश दुनिया के अनेक देशों की तुलना में मानव विकास सूचकांक में बहुत पीछे है। देश में करोड़ों लोगों की गरीबी और स्वास्थ्य की चुनौतियाँ बड़े पैमाने पर स्पष्ट दिखाई दे रही हैं। देश में अभी भी 15 करोड़ से अधिक लोग गरीबी की चिंताओं का सामना कर रहे हैं। 4 जून के बाद जो भी नई सरकार केंद्र में आएगी, उनकी प्राथमिकता में मानव संसाधन व सामाजिक अधोसंरचना के विकास की रूपरेखा होनी चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) रिपोर्ट 2022 में भारत अब 193 में से 134वें स्थान पर है। भारत की रैंकिंग में पिछले वर्ष की एचडीआई-2021 रिपोर्ट के मुकाबले एक पायदान का सुधार हुआ है। नई रिपोर्ट जारी करने के बाद संयुक्त राष्ट्र ने भारतीय लोगों के मानव विकास सूचकांक में भारत की औसत बढ़त को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ कहा है और भारत की सराहना की है। जहाँ 19 मार्च को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में प्रति व्यक्ति आय में लगातार वृद्धि हो रही है, वहीं राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के मुताबिक भारत में आम आदमी की आमदनी बढ़ने और उनके द्वारा भोजन पर कम और कपड़े, मनोरंजन व अन्य मदों पर अधिक खर्च किए जाने से उनके जीवन स्तर में धीरे-धीरे बेहतरी आ रही है। फिर भी अभी दुनिया के अन्य देशों की तुलना में भारत को मानव विकास सूचकांक में आगे बढ़ने के लिए ठोस व कारगर प्रयासों की जरूरत स्पष्ट दिखाई दे रही है।

एचडीआई का तात्पर्य मानव विकास के तीन बुनियादी आयामों-लंबा और स्वस्थ जीवन, शिक्षा तक पहुंच और सभ्य जीवन स्तर में औसत उपलब्धियों के आकलन से है। इस नई रिपोर्ट के लिहाज से एक वर्ष में भारतीयों की औसत आमदनी में 6.3 फीसदी की बढ़ोतरी हुई हैं। भारत में जीवन प्रत्याशा में शानदार वृद्धि हुई है। एक वर्ष पहले भारत में जीवन प्रत्याशा का औसत 62.2 था जो अब बढ़कर 67.7 हो गया है। भारत ने लैंगिक असमानता को कम करने में भी प्रगति प्रदर्शित की है। भारत में लिंग असमानता सूचकांक वैश्विक औसत से बेहतर है। निस्संदेह भारत के मानव विकास सूचकांक में बढ़त का एक प्रमुख कारण भारत में गरीबी में कमी आना है। अमेरिकी के प्रसिद्ध थिंक टैंक द ब्रुकिंग्स इंस्ट्रीट्यूशन की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत को अत्यधिक गरीबी का उन्मूलन करने में सफलता तेज विकास और असमानता में कमी के चलते भारत को यह कामयाबी मिली है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुल आबादी में गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वालों (प्रतिदिन 1.90 डालर से कम खर्च करने वाले) की संख्या 2011-12 की 12.2 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में दो प्रतिशत आ गई है। गरीबों की संख्या में हर वर्ष 0.93 प्रतिशत की कमी के बराबर है। ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबों की संख्या घटकर 2.5 प्रतिशत और शहरी क्षेत्र में एक प्रतिशत रह गई है। भारत में गरीबों की संख्या में जो गिरावट बीते 11 वर्षों में हुई है, इससे पहले वह गिरावट 30 वर्षों में हुई थी।

इसी तरह थिंक टैंक नीति आयोग ने कहा है कि भारत में सरकार के कल्याणकारी कार्यक्रमों से बीते नौ वर्षों में करीब 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने में मदद मिली और भारत वर्ष 2030 तक बहुआयामी गरीबी उन्मूलन के लक्ष्य में सफलता प्राप्त करने की पूरी संभावनाएँ रखता है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज, स्वच्छ ईंधन के लिए उज्ज्वला योजना, सभी घरों में बिजली के लिए सौभाग्य योजना, पेयजल सुविधा के लिए जल जीवन मिशन व जन-धन खाते की सुविधा आदि से लोगों को गरीबी से ऊपर लाने में खासी मदद मिली है। खासतौर से गरीबों के सशक्तिकरण में करीब



51 करोड़ से अधिक जनधन खातों (जे), करीब 134 करोड़ आधार कार्ड (ए) तथा करीब 118 करोड़ से अधिक मोबाइल उपभोक्ताओं (एम), की शक्ति वाले जैम से सुगठित बेमिसाल डिजिटल ढाँचे की असाधारण भूमिका रही है। इसी शक्ति के बल पर देश के गरीब लोगों के खातों में सीधे आर्थिक राहत हस्तांतरित हो रही है। इन सब प्रयासों से देश के करोड़ों गरीबों के मानव विकास सूचकांक में वृद्धि हुई है।

यह बात भी महत्वपूर्ण है कि देश में आम आदमी के कल्याण के लिए लागू की गई विभिन्न सरकारी स्वास्थ योजनाएँ स्वास्थ्य की चुनौती को कम करने में सहायक रही हैं। इन योजनाओं में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, आयुष्मान भारत, राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना, आम आदमी बीमा योजना वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य बीमा योजना महत्वपूर्ण हैं। आम आदमी के स्वास्थ्य में सुधार से भी देश के मानव विकास सूचंकाक में वृद्धि हुई है। ...आगे और होगा।

लेकिन बड़ी बात है कि अभी भी देश दुनिया के अनेक देशों की तुलना में मानव विकास सूचकांक में बहुत पीछे है। ऐसे में हमें यह ध्यान रखना होगा कि जहाँ अर्थव्यवस्था समाज का अहम हिस्सा है, वहीं मानव विकास भी उतना ही महत्वपूर्ण है। सरकार के द्वारा सामाजिक अधोसंरचना पर उसी तरह निवेश करना होगा, जिस तरह भौतिक अधोसंरचना पर खर्च किया जा रहा है। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि अभी देश में करोड़ों लोगों की गरीबी और स्वास्थ्य की चुनौतियाँ बड़े पैमाने पर स्पष्ट दिखाई दे रही हैं। देश में अभी भी 15 करोड़ से अधिक लोग गरीबी की चिंताओं का सामना कर रहे हैं। ज्ञातव्य है कि 2017 में नई राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति में 2025 तक स्वास्थ्य पर खर्च को सकल घरेलू उत्पाद का 2.5 प्रतिशत किया जाना निर्धारित किया गया था।

फिर पंद्रहवें वित्त आयोग ने पहली बार स्वास्थ्य के लिए उच्च-स्तरीय कमेटी गठित की थी। इस कमेटी ने भी स्वास्थ्य पर सरकारी खर्च को 2.5 प्रतिशत तक बढ़ाने की बात कही है। इस मामले में देश अभी भी पीछे है। अब देश में डिजिटल शिक्षा की जरूरत बढ़ गई है और इसकी अहमियत रोजगार में भी बढ़ गई है। ऐसे में देश की नई पीढ़ी के लिए अधिक से अधिक करियर के मौके जुटाने के लिए एक ओर सरकार के द्वारा डिजिटल शिक्षा के रास्ते में दिखाई दे रही कमियों को दूर करना होगा। वहीं दूसरी ओर नई पीढ़ी के द्वारा करियर में आगे बढ़ने और रोजगार में आने के बाद भी काम करते हुए लगातार बदलती हुई रोजगार की दुनिया के अनुरूप नए स्किल्स सीखना होंगी। अर्थव्यवस्था को अधिक दक्ष व योग्य श्रम बल की जरूरत है जिसके लिए शिक्षा पर जीडीपी का करीब छह फीसदी हिस्सा खर्च किया जाना जरूरी है।

ऐसे में हम उम्मीद करें कि सरकार द्वारा यूएनपीडी की मानव विकास सूचकांक रिपोर्ट 2022 के मद्देनजर देश में मानव विकास की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली, न्यायसंगत और उच्च गुणवत्ता वाली सार्वजनिक शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार, सार्वजनिक सेवाओं में स्वच्छता, बहुआयामी गरीबी, भूख और कुपोषण खत्म करने के लिए नई जनकल्याण योजनाओं, सामुदायिक रसोई व्यवस्था तथा पोषण अभियान-2 को पूरी तरह कारगर व सफल बनाया जाएगा। निश्चित रूप से ऐसा होने पर आगामी वर्ष प्रकाशित होने वाले आगामी मानव विकास सूचकांक में भारत की मानव विकास रैंकिंग में सुधार आएगा और देश के आम आदमी के चेहरे पर मुस्कुराहट बढ़ते हुए दिखाई देंगी। देश में आम चुनाव का बिगुल बजा हुआ है। 4 जून के बाद जो भी नई सरकार केंद्र में आएगी, उनकी प्राथमिकता में मानव संसाधन व सामाजिक अधोसंरचना के विकास की रूपरेखा होनी चाहिए। इससे राष्ट्र आत्मनिर्भरता का लक्ष्य भी हासिल करेगा।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

अंतरराष्ट्रीय शून्य अपशिष्ट दिवस
डॉ. मोनिका शर्मा



# रेवड़ियां नहीं, कचरा प्रबंधन बनें आम चुनाव के मुद्दे


कचरे से अटती धरती, नदियां और पहाड़, प्रकृति के रंग ही नहीं छीन रहे, इन्सानों के लिए भी खतरा बन गये हैं। हर ओर फैलते अपशिष्ट पदार्थों से प्रदूषित होता पर्यावरण गंभीर व्याधियों का भी कारण बन रहा है। जल, थल और वायु, कुदरत का हर हिस्सा बढ़ते अपशिष्ट पदार्थों का दबाव झेल रहा है। लेकिन चिंता की बात है कि राष्ट्रीय चुनाव के दौरान कचरा प्रबंधन मुद्दे नहीं बनते हैं, जबकि पर्यावरण व स्वास्थ्य से जुड़ा यह बड़ा मानवीय मुद्दा है। राजनीतिक दल मुफ्त की रेवड़ियां (फ्रीबिज) जैसे अनुत्पादक मुद्दों में तो रुचि लेते हैं, लेकिन व्यापक परिप्रेक्ष्य को प्रभावित करने वाले कचरा प्रबंधन के मसले इनके एजेंडे में नहीं होते हैं। जरूरत स्वच्छ व साफ पर्यावरण की है, हरीभरी प्रकृति की है।

आज ना केवल अपशिष्ट प्रबंधन के महत्व को समझना बल्कि उपभोग की बढ़ती प्रवृत्ति पर लगाम लगाना भी आवश्यक है। ज्ञात हो कि अंतरराष्ट्रीय शून्य अपशिष्ट दिवस वैश्विक स्तर पर अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देने का प्रभावी संदेश देता है। साथ ही उपभोग की व्यावहारिक और सधी आदतों को बढ़ावा देने पर भी प्रकाश डालता है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम और यूएन-हैबिटेट द्वारा मनाया जाने वाला यह दिन उत्पादन के टिकाऊ तौर-तरीकों को भी संबोधित करता है। आज दुनिया के हर देश के लिए कचरे के पहाड़ और नदियों के जल में घुलता जहर चिंता का विषय बन गया है। भारत में भी महानगरों से लेकर दूर-दराज़ के इलाके तक, बढ़ते अपशिष्ट पदार्थों का बोझा ढो रहे हैं। ज्ञात हो कि वैश्विक स्तर पर प्रतिवर्ष इंसान 210 करोड़ से 230 करोड़ टन ठोस कचरा उत्पन्न करते हैं, जबकि करीब 270 करोड़ लोगों के पास आज भी कचरा संग्रहण के इंतजाम तक नहीं हैं। ऐसे में तत्काल कार्रवाई करते हुए कचरा प्रबंधन के लिए उचित कदम ना उठाए गये तो 2050 तक वार्षिक ठोस अपशिष्ट उत्पादन 380 करोड़ टन तक पहुंच जाएगा। यही कारण है कि शून्य-अपशिष्ट जैसे अभियान के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देना जरूरी है। साथ ही इस मुहिम में जन-जागरूकता के माध्यम से अपशिष्ट उत्पादन को घटाने से जुड़े प्रयास भी शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय शून्य अपशिष्ट दिवस का वर्ष 2024 का विषय 'रहने योग्य समुदायों में सतत अपशिष्ट प्रबंध - 2040 तक और फिलीपीन के सभी जल निकायों को शून्य अपशिष्ट करना' है। चिंतनीय है कि हमारा देश भी दुनिया के सबसे बड़े कचरा उत्पादक देशों में से एक है। राजधानी दिल्ली में तो कई जगह कूड़े के बड़े पहाड़ बन गये हैं। जो दुर्घटना तक का कारण बन चुके हैं। भारत में हर साल 1250 हेक्टेयर से अधिक जमीन कचरे तले ढक जाती है। ऐसे में यह अभियान असल में स्वयं इन्सानों का जीवन सहेजने के लिए भी आवश्यक है। प्रकृति के रंग छीनने वाला अपशिष्ट प्रदूषण जन स्वास्थ्य, आर्थिक विकास, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के लिए बेहद नुकसानदायक है, जिसके चलते इसे प्रदूषण के त्रिग्रहीय संकट के रूप देखा जा रहा है। ध्यातव्य है कि जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और जैव विविधता की हानि, प्रकृति के इन तीनों ही पक्षों के लिए जोखिम बने अपशिष्ट पदार्थों का उचित प्रबंधन ही इसका हल है। इसके लिए उपभोक्तावादी सोच को बदलना और रीयूज़ एवं रिसाइकलिंग को बढ़ावा देना आवश्यक है।

आज की उपभोक्तावादी जीवनशैली भी धरती पर अपशिष्ट पदार्थों के बोझ को बढ़ा रही है। सामाजिक समारोहों का खाद्य अपशिष्ट और प्लास्टिक की वस्तुओं से की जाने वाली सज-धज इसी श्रेणी में आती हैं। ऐसे में खपत घटाना और चीजों की बर्बादी रोकना दोनों ही इस अभियान से जुड़े अहम पहलू हैं। यही वजह है कि शून्य अपशिष्ट मुहिम की सफलता हर देश में ही प्रशासनिक प्रयासों के साथ-साथ आम नागरिकों की भागीदारी पर भी निर्भर है। जनचेतना ही जल, जमीन और वायु प्रदूषण पर रोक लगा सकती है। आज जब देश में आम चुनाव हो रहे हैं तो नागरिकों के मन में यह सवाल उठना चाहिए कि वो जिन्हें वोट देने जा रहे हैं, वे पर्यावरण को सुरक्षित रखने के प्रति व कचरा प्रबंधन के प्रति कितने गंभीर हैं? जब तक जनता अपने मतलब के सवालों से दलों व नेताओं को रूबरू नहीं कराएंगे, तब तक वे सजग नहीं होंगे। प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण, धरती, वायुमंडल व पाताल को बचाने और कचरा-अपशिष्टों के निपटान को लेकर राजनीतिक व सामाजिक जागरूकता नहीं होगी, तब तक कचरे के बोझ से होने वाले पर्यावरणीय व स्वास्थ्यगत खतरा मंडराते रहेंगे। पर्यावरण के प्रति जनचेतना जरूरी है।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार व स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है



संकलित
दर्शन

योग प्रकृति की स्वतः स्फूर्त प्रक्रिया है। योग के ही चलते मां के गर्भ में आना और जीवन धारण करना संभव होता है। उसके बाद जन्म लेते ही सांसारिक-योग आरंभ होता है। घर-परिवार और समाज के साथ योग जीवन का मार्ग प्रशस्त करता है तथा जीवन के समापन पर फिर प्रकृति के साथ तादात्म्य बनाकर विलीन होना भी योग है। ऋषियों ने प्रकृति की गूंज सुनकर उसमें त्रिस्तरीय योग का जो स्वरूप देखा उसमें 'ऊं' शब्द दिखाई पड़ा। इस 'ऊं' में 'अ', 'उ' और 'म' का योग है। गर्भ में अस्तित्व में आना 'अ', जन्म के बाद उत्थान 'उ' तथा मृत्यु 'म' का संयुक्त होना भी योग है। ऋषियों ने अंतिम अक्षर 'म' को हलंत कर आधा इसलिए कर दिया, क्योंकि मनुष्य की मृत्यु पूरी नहीं होती। पंच भौतिक शरीर प्राकृतिक पदार्थों के साथ योग कर पुनः अनंत में विलीन हो जाता है, जबकि आत्मा जीवंत रहता है और पुनः नए शरीर के साथ योगभाव में आता है। प्राकृतिक योग को भी देखा जाए तो क्षिति तत्व धरती के साथ योगनिष्ठ होकर धरती में मिल जाता है, अग्नि आकाश की ओर अपने देही सूर्य के साथ योग करने को ऊपर की ओर उठती है तो जल, जल के साथ, वायु, वायु के साथ तथा गगन तत्व शून्य के साथ योग-भाव में हो जाता है। इस तरह देखा जाए तो कदम-कदम पर योग का प्रकट भाव दिखाई पड़ता है। मानव शरीर के अंदर और बाहर जो योग हो रहा है, उसे नियमित जीवन में अपनाकर कोई भी व्यक्ति उर्ध्वमुखी जीवन प्राप्त कर सकता है।

## दान की बड़ी महिमा



संकलित
प्रेरणा

एक बार राजा भोज एक जंगल के रास्ते से जा रहे थे। साथ में उनके राजकवि पंडित धनपाल भी थे। रास्ते में एक विशाल बरगद के पेड़ में मधुमक्खियों का एक बहुत बड़ा छत्ता लगा था। जो शहद के भार से गिरने ही वाला था। राजा भोज ने ध्यान से देखा तो पाया कि मधुमक्खियां उस छत्ते से अपने हाथ पैर घिस रही हैं। उन्होंने राजकवि से इसका कारण पूछा। राजकवि बोले- महाराज ! दान की बड़ी महिमा है। शिवि, दधीचि, कर्ण, बलि आदि अनेक दानियों का नाम उनके न रहने के बाद भी चल रहा है। दधीचि ने तो वज्र बनाने के लिए इंद्र को अपना कंकाल तक दान कर दिया था। कर्ण को आज सभी सबसे बड़े दानी के रूप में जानते हैं। जबकि केवल संचय करने और दान न करने वाले बड़े बड़े राजा महाराजाओं का आज कोई नाम लेने वाला भी नहीं है।

इन मधुमक्खियों ने भी आजीवन केवल संचय ही किया है, कभी दान नहीं किया। इसलिए आज अपनी संपत्ति को नष्ट होते देखकर इन्हें दुःख हो रहा है। इसीलिए ये अपने हाथ पैर घिस रही हैं। अतः आवश्यकता से अधिक संचय हमेशा दुःख का कारण होता है। संचय किए हुए धन पर हमेशा राज दूसरे ही करते हैं, अतः कहा गया है की आप जितनी कमाई करते है उसका कुछ भाग अवश्य दान करे।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**जीना मुश्किल कर रहा वायु प्रदूषण**

हाल ही में स्विस ग्रुप आईक्यू एयर ने विश्व भर के उन देशों की सूची जारी की है जिनमें सबसे ज्यादा प्रदूषण है। इस सूची में हमारे देश की राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली को सबसे ज्यादा प्रदूषित बताया गया है। इस सूची के अनुसार पिछले साल 134 देशों में बांग्लादेश और पाकिस्तान के बाद हमारे देश की वायु गुणवत्ता बेहद खराब थी। वर्ष 2019 में भी ग्रीनपीस और एयर विजुअल की रिपोर्ट में बताया गया था कि दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों में भारत के बहुत से शहरों में प्रदूषण की स्थिति बेहद खराब है। इस रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में भारत के सात शहर भी शामिल हैं। यह भारत के लिए बहुत चिंताजनक है। **-मनोज देवांगन**, धमतरी

## ट्रेंड

### करुणा और क्षमा का पाठ



आज गुड फ्राइडे के दिन हम ईसा मसीह के गहन बलिदान को याद करते हैं। यह हमें करुणा और क्षमा का जो पाठ सिखाता है, उसमें हर किसी को शक्ति मिले। हर किसी के मन में करुणा और क्षमा का भाव पैदा हो।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### एक सच्चा भाई



जैसे ही पुलिस कस्टडी के दौरान उन्हें बोलने का एक मौका मिला और उन्होंने अपने छोटे भाई भगवंत मान को उनकी बच्ची के आगमन पर बधाई देने का फैसला किया। यह अरविंद केजरीवाल है-एक सच्चा भाई, एक सच्चा नेता।

-राघव चड्ढा, आप नेता

### प्रीमियम सुविधाएं मिलेंगी



तय किया गया है कि आगे बढ़ते हुए, 2500 से अधिक सत्यापित सब्सक्राइबर फॉलोअर्स वाले सभी एक्स खातों को मुफ्त में प्रीमियम सुविधाएं मिलेंगी और 5000 से अधिक वाले खातों को प्रीमियम प्लस मुफ्त में दिए जाएंगे।

-एलन मास्क, उद्योगपति

### बहुत खुश हूं



जब मेरे पास दुनिया में कहीं भी घर बनाने का विकल्प था तो मैंने मनाली को चुना। इसलिए आज मैं बहुत खुश हूं कि मेरे लोगों ने मुझे वापस बुलाया। अपने ही प्रदेश, अपनी ही जन्मभूमि हिमाचल के मंडी में आकर बहुत खुश हूं। यहां हर तरफ बहुत प्रेम मिल रहा है।

-कंगना रानौत, अभिनेत्री

## करंट अफेयर

### भारत में होगी हर किसी के अधिकारों की रक्षा : संरा



संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस के एक प्रवक्ता ने कहा कि उन्हें 'उम्मीद' है कि भारत तथा किसी भी अन्य देश में, जहां चुनाव हो रहे हैं, लोगों के 'राजनीतिक और नागरिक अधिकारों' की रक्षा की जाएगी और हर कोई एक 'स्वतंत्र व निष्पक्ष' माहौल में मतदान कर पाएगा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और विपक्षी दल कांग्रेस के बैंक खातों से लेनदेन पर रोक के मद्देनजर भारत में आगामी राष्ट्रीय चुनाव से पहले राजनीतिक स्थिति पर एक सवाल के जवाब में बृहस्पतिवार को ये टिप्पणियां कीं। दुजारिक ने बृहस्पतिवार को एक नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'हमें बहुत ज्यादा उम्मीद है कि भारत तथा किसी भी अन्य देश में जहां चुनाव होने जा रहे हैं, वहां हर किसी के अधिकारों की रक्षा की जाएगी, जिनमें राजनीतिक और नागरिक अधिकार शामिल हैं। तथा हर कोई स्वतंत्र व निष्पक्ष माहौल में मतदान कर पाएगा।' संयुक्त राष्ट्र की इस प्रतिक्रिया से एक दिन पहले अमेरिका ने भी केजरीवाल की गिरफ्तारी तथा कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों से लेनदेन पर रोक लगाये जाने के ऐसे ही सवाल पर प्रतिक्रिया दी थी।

## ऑफ बीट

### क्वांटम कंप्यूटिंग अभी गर्म हुई : शून्य से 1 डिग्री ऊपर



दशकों से, क्वांटम कंप्यूटिंग की खोज बेहद कम तापमान की आवश्यकता से जूझ रही है, परम शून्य से एक डिग्री के अंशमात्र ऊपर (0 केल्विन या –273.15°सी)। ऐसा इसलिए है क्योंकि क्वांटम घटनाएँ जो क्वांटम कंप्यूटरों को उनकी अद्वितीय कम्प्यूटेशनल क्षमताएँ प्रदान करती हैं, उन्हें केवल हमारी दुनिया की गर्मी से अलग करके ही उपयोग किया जा सकता है। एक एकल क्वांटम बिट या 'क्यूबिट', जो शास्त्रीय कंप्यूटिंग के केंद्र में बाइनरी ''शून्य या एक'' बिट के बराबर है, को कार्य करने के लिए एक बड़े प्रशीतन उपकरण की आवश्यकता होती है। हालाँकि, कई क्षेत्रों में जहां हम क्वांटम कंप्यूटरों से सफलता मिलने की उम्मीद करते हैं – जैसे कि नई सामग्री या दवाओं को डिजाइन करने में – हमें समानांतर में काम करने वाले बड़ी संख्या में क्यूबिट या यहां तक कि पूरे क्वांटम कंप्यूटर की आवश्यकता होगी। क्वांटम कंप्यूटर जो विश्वसनीय गणनाओं के लिए आवश्यक, त्रुटियों को प्रबंधित कर सकते हैं और स्वयं–सही कर सकते हैं, उनके पैमाने में विशाल होने का अनुमान है। गूगल, आईबीएम और पीएसआईक्वांटम जैसी कंपनियाँ शीतलन प्रणालियों से भरे संपूर्ण गोदामों के भविष्य की तैयारी कर रही हैं और एकल क्वांटम कंप्यूटर को चलाने के लिए बड़ी मात्रा में बिजली की खपत करती हैं।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।






## बिहार में विपक्षी महागठबंधन के बीच सीटें साझा करने का ऐलान

# 40 लोकसभा क्षेत्रों में से राजद 26 सीटों पर लड़ेगी चुनाव, कांग्रेस को 9, वामदल को 5 व अन्य दलों को 5 सीटों पर होना पड़ा संतुष्ट

महागठबंधन ने सीटों के बंटवारे में लालू यादव के सियासी दांव से कई ऐसी सीटें जो कांग्रेस के दावे वाली थीं, वह राजद के खाते में चली गईं। लालू यादव ने अपने दांव से पप्पू यादव, कन्हैया कुमार के साथ ही कांग्रेस पार्टी का कद भी छोटा किया है। कांग्रेस को जो सीटें मिली उसमें जीतना कठिन चुनौती है।

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में विपक्षी महागठबंधन के आरजेडी, कांग्रेस और वामदलों के बीच सीटें साझा करने का ऐलान किया। महागठबंधन के नेताओं ने पटना में संयुक्त प्रेस कॉफ्रेंस में सीटों के बंटवारे की घोषणा की। कुछ सीटों को छोड़कर मुख्य रूप से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) लोकसभा चुनाव में अपने द्वारा खड़े किए गए उम्मीदवारों की सीटों पर भाग्य आजमाएंगी।

सीटों के बंटवारों के अनुसार लालू प्रसाद के नेतृत्व में राजद 26 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, कांग्रेस अपने 9 उम्मीदवार उतारेगी जबकि वामदलों को 5 सीटें दी गई हैं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-एमएल 3 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसके साथ ही सीपीआई-एम और सीपीआई एक-एक सीट पर उम्मीदवार उतारेंगे। सीट बंटवारे को लेकर केवल राजद के वरीय नेता अब्दुल बारी सिद्दकी ने ही सारी बातें कही। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कुछ नहीं कहा।

**सीपीआई-एम और सीपीआई एक-एक सीट**

- सीट बंटवारे में राजद प्रमुख लालू यादव का दबदबा रहा
- सीट शेयरिंग में कांग्रेस की सीटें भी राजद के पास चली गईं
- लालू की रणनीति से तेजस्वी यादव का रास्ता साफ हुआ



### लालू यादव के सियासी दांव से कांग्रेस पस्त

महागठबंधन ने सीटों के बंटवारे की घोषणा के तहत कई ऐसी सीटें जो कांग्रेस के दावे वाली थीं, वह राजद के खाते में चली गई। लालू यादव ने महागठबंधन में कांग्रेस को 9 सीटें दी हैं। लालू यादव ने किशनगंज, कटिहार, मुजफ्फरपुर, सासाराम, पटना साहिब, समस्तीपुर, भागलपुर, पश्चिम चंपारण और महाराजगंज की सीटें दी हैं। ये सीटें ऐसी हैं जहां कांग्रेस के लिए प्रत्याशी तलाशने से लेकर उसकी कैंपेनिग और उन्हें जीता ले जाना, कठिन चुनौती है। साफ है कि पार्टी के तौर पर कांग्रेस खुश हो सकती है। लेकिन राजनीति के जानकार सवाल उठा रहे हैं कि क्या कांग्रेस को खुश होना चाहिए? वहीं, सीट शेयरिंग को कांग्रेस में नए-नए शामिल हुए पप्पू यादव के लिए बहुत बड़ा झटका माना जा रहा है, क्योंकि यह सीट राजद के खाते में चली गई है। इसी तरह बेगूसराय की सीट पर कांग्रेस के कन्हैया कुमार के लड़ने के दावे किए जा रहे थे, लेकिन यह सीपीआई को दे दी गई है। राजनीति के जानकार बताते हैं कि लालू यादव ने अपने दांव से पप्पू यादव, कन्हैया कुमार के साथ ही कांग्रेस पार्टी का कद भी छोटा ही किया है। लालू की सियासी रणनीति से अब तेजस्वी यादव का रास्ता साफ हो गया है।

**भाजपा का हमला, देश में कांग्रेस की साख गिरी**

महागठबंधन में सीट बंटवारे के बाद भाजपा ने राजद और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला है। डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने कहा कि महागठबंधन में सीट शेयरिंग मजबूरी में हुई। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यह थके हारे लोग हैं। कांग्रेस यहां भी लाचार नजर आई। पूरे देश में कांग्रेस की साख गिर गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पिछलग्गू पार्टी है। वह दया का पात्र है। राजद ने कांग्रेस से उसका सम्मान छीन लिया।

### राजद के पास मुस्लिम-यादव आधार वाली सीटें

सहयोगियों के साथ अंतिम समझौते के अनुसार राजद जिन 26 सीटों पर चुनाव लड़ेगा वह सीधा मुस्लिम और यादव यानी माय समीकरण के मजबूत आधार वाली हैं। राजद गया, नवादा, जहानाबाद, औरंगाबाद, वाल्मीकिनगर, पाटलिपुत्र, मुंगेर, जमुई, बांका, अररिया, पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, वैशाली, सारण, सीवान, गोपालगंज, उजियारपुर, दरभंगा, मधुबनी, झंझारपुर, सुपौल, मधेपुरा, अररिया, हाजीपुर और पूर्णिया शामिल हैं। इनमें से राजद दल के 24 उम्मीदवारों में से 4 ने पहले चरण के अंतर्गत औरंगाबाद, नवादा, जमुई और गया सीटों पर पहले ही नामांकन पत्र भर दिए हैं।




### लालू के दांव के आगे धरी रह गई पप्पू की तैयारी!

महागठबंधन की सीट शेयरिंग में सबसे बड़ी बात जो निकलकर आई है वह है पप्पू यादव की राजनीतिक रसूख पर आघात। दरअसल, पप्पू यादव ने बार-बार कहा कि वह दुनिया छोड़ देंगे, लेकिन पूर्णिया नहीं छोड़ेंगे, लेकिन उनकी एक नहीं सुनी गई। राजद ने पप्पू यादव के लिए पूर्णिया सीट छोड़ने से साफ मना ही नहीं किया उन्हें किनारे करते हुए बीमा भारती को पहले ही राजद का सिंबल भी दे दिया। इतना ही नहीं पप्पू यादव के लिए तो लालू यादव ने पूर्णिया ही नहीं, मधेपुरा और सुपौल तक का रास्ता भी नहीं छोड़ा।

#### 4 अप्रैल को नामांकन भरेंगे पप्पू यादव

पूर्व सांसद और कांग्रेस नेता पप्पू यादव राजद से फ्रेंडली फाइट के लिए तैयार हैं। पप्पू यादव ने स्पष्ट कहा कि 4 अप्रैल को वह पूर्णिया लोकसभा सीट से अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। उन्होंने कहा कि 4 जून को कांग्रेस का झंडा ही पूर्णिया में बुलंद होगा।

#### लालू यादव को इनकार करना पप्पू यादव को पड़ा बहुत भारी

लालू यादव को 'ना' करना पप्पू यादव को भारी पड़ गया है। दरअसल, लालू यादव ने जन अधिकार पार्टी का विलय राजद में करने का ऑफर दिया था। लेकिन, पप्पू यादव ने तब उनकी बात नहीं मानी और अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर लिया। बताया जा रहा है कि उस वक्त से ही लालू यादव नाराज थे और मौके की ताक में थे। पहले मधेपुरा और फिर सुपौल से उनको लड़ने का ऑफर दिया, लेकिन अब तो ये पूर्णिया, मधेपुरा और सुपौल सीट ही राजद के खाते में चली गई।

---

**खबर संक्षेप**

### मोदी ने ईसा मसीह के बलिदान को याद किया

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को गुड फ्राइडे के मौके पर देशवासियों को संदेश दिया। पीएम ने ईसा मसीह के बलिदानों को याद किया और उनसे मिलने वाली क्षमा की शिक्षा के मजबूत होने की कामना की। पीएम ने ट्विटर पर पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि आज गुड फ्राइडे के दिन हम ईसा मसीह के बलिदान याद करते हैं। इससे हमें करुणा और क्षमा की जो शिक्षा मिलता है, वो और भी मजबूत हो।



### राजू पाल हत्याकांड में सभी 7 आरोपी दोषी

**प्रयागराज।** बसपा के पूर्व विधायक राजू पाल हत्याकांड में लखनऊ की सीबीआई कोर्ट ने सभी 7 आरोपियों को दोषी करार दिया है। इस कांड में पुलिस हिरासत में मारे गए अतीक अहमद और अशरफ भी राजू पाल हत्याकांड में नामजद थे। अब बाकी 7 आरोपी आबिद, फरहान, जावेद, अब्दुल कवी, गुल हसन, इसरार और रंजीत पाल को दोषी करार दिया गया है।



### किन्नरों को दिया 100 गज का प्लॉट

**रेवाड़ी।** हरियाणा के रेवाड़ी की सत्ती कॉलोनी में नवजात के जन्म की बधाई लेने गए किन्नरों को खुशी में 100 गज का प्लॉट देने का एलान कर दिया। दरअसल, शमशेर सिंह के घर कुछ दिन पहले पोते का जन्म हुआ था। खुशियों के इसी क्रम में शुक्रवार को किन्नर सपना गुरु, हिना, कोमल शमशेर सिंह के घर पहुंचे। प्लॉट की कीमत 12 से 15 लाख रुपए के बीच है।



---

## यूपी में अलर्ट जारी: पूर्वांचल के माफिया अंसारी के खौफ का हुआ अंत

# मुख्तार को आज किया जाएगा सुपुर्द-ए खाक, बेटा नहीं होगा जनाजे में शामिल

मुख्तार अंसारी का शव पुलिस सुरक्षा के बीच बांदा से गाजीपुर लाया गया। अंसारी के शव को काली बाग कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा जो अंसारी परिवार के आवास से करीब आधा किलोमीटर दूर स्थित है। एम्बुलेंस के साथ पुलिस-प्रशासन के अधिकारी भी रहें।

एजेंसी ▶▶ गाजीपुर

बांदा जेल में बंद पूर्वांचल के माफिया मुख्तार अंसारी की गुरुवार देर रात हार्ट अटैक से मौत हो गई। मुख्तार की मौत के बाद पूरे यूपी में अलर्ट जारी किया गया है। देर रात उनका शव गाजीपुर पहुंचा। जहां शनिवार को मुख्तार को सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। मुख्तार के शव को बांदा मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों के एक समूह द्वारा पोस्टमार्टम किये जाने के बाद गाजीपुर जिले के मोहम्दाबाद यूसुफपुर स्थित उसके पैतृक निवास ले जाया गया। अंसारी के शव को काली बाग कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा, जो उनके आवास से करीब आधा किलोमीटर दूर स्थित है।

### पांच डॉक्टरों की टीम ने उसका पोस्टमॉर्टम किया

**400** किमी के सफर में 26 गाड़ियों का काफिला रहा

**144** धारा कई जिलों में लागू



#### यह भगवान का आशीर्वाद है

डॉन मुख्तार अंसारी की मौत पर पूर्व भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की पत्नी अलका राय ने कहा कि मैं क्या कह सकती हूं? यह भगवान का आशीर्वाद है। मैं न्याय के लिए उनसे प्रार्थना करती थी और आज न्याय मिल गया है। हमें घटना (हत्या) के बाद कभी होली नहीं मनाई, मुझे लगा कि आज हमारे लिए होली है।

**बांदा मेडिकल कॉलेज में हुआ पोस्टमॉर्टम**

बांदा मेडिकल कॉलेज में मुख्तार अंसारी का पोस्टमॉर्टम कराया गया। पांच डॉक्टरों की टीम ने उसका पोस्टमॉर्टम किया। पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी भी की गई। इस दौरान मुख्तार अंसारी के छोटे बेटे उमर अंसारी, दो भतीजे, वकील नईम अंसारी और ड्राइवर ने पंचनामा भरा। हालांकि, मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी ने दिल्ली एम्स के डॉक्टरों से पोस्टमार्टम करवाने की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि हमें यहां की चिकित्सा प्रणाली और शासन-प्रशासन पर विश्वास नहीं है।

#### पूरे राज्य में शांति कायम है: एडीजी

यूपी के एडीजी कानून एवं व्यवस्था, अमिताभ यश ने कहा पूरे राज्य में हाई अलर्ट घोषित किया गया था। कई जिलों में अतिरिक्त बल भेजे गए हैं। सभी को शांति बनाए रखने के लिए निर्देश दिए गए हैं। पूरे राज्य में शांति कायम है।

#### बांदा सीजेएम करेंगे जांच

मुख्तार अंसारी की मौत के मामले की न्यायिक जांच होगी। इस मामले की जांच बांदा के सीजेएम करेंगे। मुख्तार की मौत को लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में मामले की न्यायिक जांच कराने का फैसला लिया गया है।

#### हाईकोर्ट से राहत नहीं

मुख्तार का विधायक बेटा अब्बास अंसारीअपने पिता के जनाजे में शामिल होना चाहता था, जिसके लिए परिवार ने इलाहाबाद हाई कोर्ट में पैरोल याचिका दाखिल की थी। लेकिन अदालत ने मुख्तार के परिवार को फिलहाल इस मामले में राहत नहीं दी।

---

## मसूरी में सिविल सेवकों का प्रशिक्षण

# मसूरी में प्रशासन चलाना सीख रहे कंबोडिया के अधिकारी



एजेंसी ▶▶ मसूरी

राष्ट्रीय सुशासन केंद्र में सार्वजनिक नीति और प्रशासनिक व्यवस्था पर कंबोडिया के सिविल सेवकों के लिए 2 सप्ताह तक चलने वाला चौथा प्रशिक्षण चल रहा है। कंबोडिया के कुल 156 सिविल सेवक राष्ट्रीय सुशासन केंद्र में क्षमता निर्माण कार्यक्रमों में भाग ले चुके हैं। इस प्रशिक्षण में कंबोडिया के निरीक्षण, शिक्षा, युवा और खेल मंत्रालय के 39 वरिष्ठ अधिकारी भाग ले रहे हैं।

यह कार्यक्रम विदेश मंत्रालय की साझेदारी में 26 मार्च को शुरू हुआ था, जो 6 अप्रैल तक चलेगा। कार्यक्रम में एनसीजीजी के महानिदेशक वी. श्रीनिवास ने बताया कि कैसे बेहतर नीति निर्माण, सेवा वितरण, संस्थानों में बदलाव और नागरिकों को सरकार के करीब लाने के लिए भारत में डिजिटल तकनीक को अपनाया गया है।

#### 17 देशों के सिविल सेवक ले चुके प्रशिक्षण

ज्ञात हो कि एनसीजीजी ने विदेश मंत्रालय के साथ साझेदारी में 17 देशों बांग्लादेश, केन्या, तंजानिया, ट्यूनीशिया, सेशेल्स, गाम्बिया, मालदीव, श्रीलंका, अफगानिस्तान, लाओस, वियतनाम, नेपाल, भूटान, म्यांमार, इथियोपिया, इरेट्रिया और कंबोडिया के सिविल सेवकों को प्रशिक्षण दिया है।

---

## भाजपा प्रत्याशी रेखा पात्रा का आरोप

# टीएमसी नेता ने मेरे बैंक खातों का ब्यौरा किया सार्वजनिक

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में स्थित संदेशखाली गांव हाल ही में काफी चर्चाओं में रहा। यहां की महिलाओं ने आरोप लगाया था कि शाहजहां शेख ने उनकी जमीन पर कब्जा करने के साथ-साथ कुछ महिलाओं के साथ यौन शोषण भी किया है, जिसकी जांच चल रही है।



बंगाल की पूरी सियासत अभी संदेशखाली के ईर्दगिर्द भटक रही है। महिलाओं की दुर्दशा को उजागर करने वाली बशीरहाट से भाजपा उम्मीदवार रेखा पात्रा ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) उम्मीदवार देवांग्शु भट्टाचार्य के खिलाफ उनकी निजता के कथित उल्लंघन को लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। रेखा पात्रा ने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को भी एक पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि तामलुक लोकसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार और पार्टी की सोशल मीडिया इकाई के प्रमुख भट्टाचार्य ने उनकी निजी जानकारी और बैंक खातों का ब्यौरा सार्वजनिक किया।

---

## चीन को काउंटर करने के लिए है भारत शक्तिशाली पार्टनर

# चीन विरोधी ताकतों के लिए 'समुद्री जंक्शन' बना भारत

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

इंडो-पैसिफिक में चीन को काउंटर करने के लिए पश्चिमी देशों के पास सिर्फ एक ही शक्तिशाली पार्टनर बचा है, वो है भारत। अमेरिका समेत पश्चिमी देश इंडो-पैसिफिक में अपने युद्धपोतों की मौजूदगी के लिए पूरी तरह से भारत पर निर्भर हो गए हैं। ब्रिटेन के दो युद्धपोत इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में नेविगेशन की स्वतंत्रता की यात्रा पर निकलने से पहले मेंटिनेंस के लिए भारत पहुंचे। अमेरिकी युद्धपोतों को इंडो-पैसिफिक में स्वतंत्र विचरण के लिए मेंटिनेंस की जरूरत होती है, लेकिन उनके पास भारत के अलावा कोई और सेंटर मिल नहीं पा रहा है।





**भारत सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण**

चीन की बढ़ती समुद्री ताकत को चुनौती देने के लिए अमेरिका लगातार कोशिशें कर रहा है और इस कड़ी में एशिया में अमेरिका के जो पुराने शिपयार्ड थे और जो अब खराब हो चुके हैं, उनकी मरम्मत के लिए अमेरिका, लगातार दक्षिण कोरिया और जापान पर प्रेशर बना रहा है।

#### चीन-पाक से एक साथ युद्ध की तैयारी का अभ्यास

पिछले युद्धाभ्यास के पहला चरण में पाकिस्तान के साथ पश्चिमी सीमा पर शुरू हुआ था, जहां सुखोई एसयू -30 एमकेआई और समुद्री जगुआर लड़ाकू विमान पश्चिमी समुद्र तट पर निशाना साधने में लगे हुए थे। दूसरे चरण के दौरान, ध्यान पूर्वोत्तर राज्यों में चीन सीमा के पास पूर्वी गलियारे पर ट्रांसफर किया गया था। भारतीय वायुसेना ने भारतीय नौसेना के साथ मिलकर समुद्री लक्ष्यों पर हमले किए थे। भारतीय सेना की कोशिश अपने आप को हर एक ऐसी स्थिति के लिए तैयार करना है, जिसमें दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके।

# 1 अप्रैल से एनपीएस से लेकर ईपीएफओ तक के नियमों में होगा बदलाव

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

वित्तीय वर्ष 2023-24 अपने आखिरी दौर में है। ऐसे में नए वित्त वर्ष की शुरुआत के साथ ही कई ऐसे नियम हैं जो बदलने वाले हैं। यह आम लोगों की जेब पर सीधा असर डालेंगे।

इसमें एनपीएस में लॉग इन रूल्स से लेकर फास्टैग केवाईसी से जुड़े नियम शामिल हैं। पेंशन नियामक ने एनपीएस खाते में लॉग इन के नियमों में बदलाव कर दिया है। अब आपको एनपीएस खाते में लॉग इन करने के लिए यूजर आईडी और पासवर्ड के अलावा आधार से जुड़े मोबाइल नंबर की जरूरत भी पड़ेगी। अब आपके आधार से जुड़े मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा जिसे दर्ज करने के बाद ही आप एनपीएस खाते में लॉग इन कर पाएंगे। यह नियम 1 अप्रैल से लागू हो जाएगा।

## नियम आम लोगों के जेब पर डालेंगे सीधा असर, एनपीएस के खातों में लॉग इन के नियमों में होगा परिवर्तन

### नौकरी बदलते ही खाता नियोक्ता के पास होगा ट्रांसफर

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के नियमों में 1 अप्रैल से बड़ा बदलाव होने जा रहा है। अब नौकरी बदलने की स्थिति में कर्मचारी का ईपीएफओ खाता खुद-ब-खुद नए नियोक्ता के पास ट्रांसफर हो जाएगा। पहले खाताधारकों की रिक्वेस्ट पर ही खाते को ट्रांसफर किया जाता था।

### एसबीआई के क्रेडिट, डेबिट कार्ड नियम में बदलाव




देश के सबसे बड़े सरकार बैंक ने अपने करोड़ों ग्राहकों को झटका देते हुए अलग-अलग डेबिट कार्ड का सालाना मेंटेनेंस चार्ज को बढ़ाने का फैसला किया है। यह नियम 1 अप्रैल से लागू हो जाएगा। इसके साथ ही बैंक ने क्रेडिट कार्ड यूजर्स को भी झटका देते हुए रेंट पेमेंट पर मिलने वाले रिवार्ड प्वाइंट को 1 अप्रैल से बंद करने का फैसला किया है। यस बैंक ने अपने क्रेडिट कार्ड के नियमों में बदलाव करने का फैसला किया है।

*इंश्योरेंस के नियमों में होने जा रहा बदलाव : इंश्योरेंस सेक्टर में भी 1 अप्रैल से बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। इरडा ने नियमों में बदलाव करते हुए सरेंडर वैल्यू के नियम को बदल दिया है। अब ग्राहक जितनी देर से पॉलिसी को सरेंडर करेंगे उन्हें उतनी ज्यादा सरेंडर वैल्यू मिलेगी। 3 साल के अंदर पॉलिसी सरेंडर करने पर आपको मूल्य से कम सरेंडर वैल्यू मिलेगी। वहीं 4 से 7 साल के अंदर पॉलिसी सरेंडर करने पर सरेंडर वैल्यू पर कुछ बढ़त हो सकती है।*

*न्यू टैक्स रिजीम होगा डिफॉल्ट ऑप्शन : इनकम टैक्स के नियमों में 1 अप्रैल से बड़ा बदलाव होने जा रहा है। अब न्यू टैक्स रिजीम डिफॉल्ट टैक्स रिजीम हो जाएगा। ऐसे में अगर आप पुराने और नए टैक्स रिजीम में से किसी एक का चुनाव नहीं करते हैं तो आपका आईटीआर नए टैक्स रिजीम के तहत फाइल हो जाएगा। न्यू टैक्स रिजीम के तहत आपको 7 लाख रुपए की इनकम पर एक रुपए भी टैक्स नहीं देना है।*

*फास्टैग केवाईसी है जरूरी : एनएचएआई ने लोगों से 1 अप्रैल से पहले केवाईसी अपडेट करने को कहा है। ऐसा न करने पर आपके फास्टैग अकाउंट को डीएक्टिवेट कर दिया जाएगा। इसके बाद आपके खाते में भले ही पैसे हो लेकिन आप अपने टोल का भुगतान नहीं कर पाएंगे।*


### दवाइयों की कीमतों में होने जा रहा इजाफा



भारत की ड्रग प्राइस रेगुलेटर ने नेशनल लिस्ट ऑफ एसेंशियल मेडिसिन के तहत कुछ जरूरी दवाओं की कीमतों में 0.0055 फीसदी की सालाना बढ़ोतरी का ऐलान कर दिया है। इसके बाद पेन किलर, एंटीबायोटिक्स और संक्रमण रोधी दवाओं समेत कई जरूरी दवाओं की कीमतों में 1 अप्रैल 2024 से इजाफा हो जाएगा।

## घरेलू रेटिंग एजेंसी केयर ने लगाया अनुमान

# वित्त वर्ष 2024-25 में बैंकों का कुल एनपीए घटकर 2.1-2.4 प्रतिशत पर आने का अनुमान : रिपोर्ट



### कृषि क्षेत्र का जीएनपीए अनुपात घटा

क्षेत्रीय दृष्टिकोण से, कृषि क्षेत्र का जीएनपीए अनुपात मार्च, 2020 में दर्ज 10.1 प्रतिशत की तुलना में सितंबर, 2023 में घटकर सात प्रतिशत पर आ गया, जबकि औद्योगिक क्षेत्र ने मार्च 2020 में 14.1 प्रतिशत के मुकाबले सितंबर, 2023 में 4.2 प्रतिशत जीएनपीए अनुपात दर्ज किया। यह मार्च, 2018 में 22.8 प्रतिशत था।

एजेंसी ▸▸| मुंबई

भारतीय बैंकिंग प्रणाली की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (जीएनपीए) अगले वित्त वर्ष 2024-25 के अंत तक घटकर 2.1 प्रतिशत के स्तर पर आ सकती हैं। घरेलू रेटिंग एजेंसी केयर रेटिंग्स की रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है।

वित्त वर्ष 2023-24 में जीएनपीए 2.5-2.7 प्रतिशत पर रहने की संभावना है। रिपोर्ट कहती है कि वित्त वर्ष 2024-25 के अंत तक इसमें सुधार होगा और बैंकिंग प्रणाली का कुल एनपीए घटकर 2.1-2.4 प्रतिशत रह जाएगा।

### बैंकों के एनपीए की पहचान की गई




रिपोर्ट के अनुसार, 2015-16 की एक्यूआर प्रक्रिया के कारण वित्त वर्ष 20213-14 में जीएनपीए 3.8 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2017-2018 में 11.2 प्रतिशत हो गया, जिसने बैंकों को एनपीए को पहचानने और अनावश्यक पुनर्गठन को कम करने के लिए प्रेरित किया।

- वित्त वर्ष 2023-24 में जीएनपीए 2.7 फीसदी रहने की संभावना
- वित्त वर्ष 2024-25 के अंत तक बैंकिंग एनपीए में सुधार आएगा

*खराब कर्ज बट्टे खाते में डालने से गुणवत्ता सुधरी : इसमें कहा गया कि जीएनपीए में वित्त वर्ष 2018-19 से सुधार देखा जा रहा है और वित्त वर्ष 2022-23 में यह एक दशक के निचले स्तर 3.9 प्रतिशत पर आ गया। वित्त वर्ष 2023-24 की दिसंबर तिमाही में यह तीन प्रतिशत था। खराब कर्ज की वसूली, बैंकों द्वारा अधिक खराब कर्ज को बट्टे खाते में डालने की वजह से परिसंपत्ति की गुणवत्ता में सुधार हुआ है।*

### सरकार की सकल देनदारियां बढ़ी

सरकार की कुल देनदारी दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही में मामूली बढ़कर 160.69 लाख करोड़ रुपये रही। यह सितंबर के अंत में 157.84 लाख करोड़ रुपये थी। सार्वजनिक ऋण प्रबंधन पर तिमाही रिपोर्ट (अक्टूबर-दिसंबर 2023) के अनुसार, तिमाही आधार पर कुल देनदारी में 1.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### सार्वजनिक ऋण सकल देनदारियों का 90 फीसदी

चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के दौरान सार्वजनिक ऋण कुल सकल देनदारियों का 90 प्रतिशत था। रिपोर्ट में कहा गया है, 'तिमाही के दौरान, घरेलू बॉन्ड पर प्रतिफल शुरू में बढ़ा लेकिन कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट, अक्टूबर और नवंबर के लिए उम्मीद से कम उपभोक्ता मूल्य सूचकांक और भारतीय सरकारी बॉन्ड (आईजीबी) के वैश्विक उभरते बाजार सूचकांक में शामिल होने की संभावना की खबर से इसमें नरमी आई।'

### बांड की राशि हर साल चुकानी होगी

अगले पांच साल में परिपक्व होने वाला बांड दिसंबर, 2023 के अंत में कुल बकाया ऋण का 25.9 प्रतिशत हो गया। यह औसतन बकाये का 5.2 प्रतिशत है। ऐसे में अगले पांच वर्षों में हर साल 5.2 प्रतिशत चुकाने की जरूरत होगी।

*दीर्घकालिक निवेशकों की मांग पूरी करनी होगी : इसके अलावा, दीर्घकालिक निवेशकों की मांग को पूरा करने के लिए 50 साल की काफी लंबी अवधि वाली सरकारी प्रतिभूति पेश की गयी। दूसरी ओर, तिमाही के दौरान अमेरिकी ट्रेजरी पर रिटर्न अस्थिर रहा। इसका कारण मुख्य रूप से अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के कदम, मुद्रास्फीति और रोजगार आंकड़े थे।*

*परिपक्व होने वाली देनदारियां 4.1 फीसदी : एक वर्ष से कम समय में परिपक्व होने वाली प्रतिभूतियों (दिनांकित प्रतिभूतियों) का अनुपात दिसंबर, 2023 के अंत में 4.1 प्रतिशत (सितंबर 2023 के अंत में 4.6 प्रतिशत) रहा। दिसंबर, 2023 के अंत में एक से पांच साल के भीतर परिपक्व होने वाले प्रतिभूतियों का अनुपात 21.8 प्रतिशत था, जो सितंबर, 2023 के अंत के 23 प्रतिशत से कम है।*

# एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग को मिली नाम बदलने की अनुमति

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली




- नाम बदलकर अब एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड किया
- कंपनी एक अग्रणी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है

एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स (एलटीएफएच) का नाम कंपनी पंजीयक (आरओसी) से अनुमोदन के बाद बदलकर एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड कर दिया गया है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

एलएंडटी फाइनेंस का मुख्यालय मुंबई में है। इसे पहले एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स के नाम से जाना जाता था और यह एक अग्रणी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) है, जो वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की एक श्रृंखला पेश करती है।

एलएंडटी फाइनेंस के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुदीप्त रॉय ने कहा कि चार दिसंबर, 2023 से विलय के बाद कंपनी की नई ब्रांडिंग पहल सरलीकृत एकल ऋण इकाई' के निर्माण के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इसमें सभी कर्जदेने वाले कारोबार को एक परिचालन वाली एनबीएफसी के तहत रखा गया है।

### नया नाम प्रभावी हो गया

रॉय ने कहा, 'नाम परिवर्तन सीधे तौर पर हमारे ग्राहकों को मूल्य प्रदान करने और सतत वृद्धि को आगे बढ़ाने पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित करने का प्रतीक है।' कंपनी ने दिसंबर, 2023 में अपनी अनुषंगी कंपनियों- एलएंडटी फाइनेंस, एलएंडटी इन्फ्रा क्रेडिट और एलएंडटी म्यूचुअल फंड ट्रस्टी का विलय सफलतापूर्वक पूरा कर लिया था। नया नाम एलएंडटी फाइनेंस 28 मार्च, 2024 से प्रभावी हो गया है।

# अप्रैल-जून तिमाही के लिए ब्याज दरों में बदलाव नहीं

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सरकार ने कहा कि एक अप्रैल, 2024 से शुरू होने वाले अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही के लिये विभिन्न लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) पर पहले की ही तरह 7.1 प्रतिशत ब्याज मिलता रहेगा। वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के मुताबिक, 'वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च, 2024) के लिए अधिसूचित दरों के समान होंगी।' सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जमा राशि पर 8.2 प्रतिशत का ब्याज मिलेगा, जबकि तीन साल की सावधि जमा पर ब्याज 7.1 प्रतिशत मिलेगा। पीपीएफ और डाकघर बचत जमा पर भी ब्याज दरें क्रमशः 7.1 प्रतिशत और चार प्रतिशत पर बरकरार रखी गई हैं। किसान विकास पत्र पर ब्याज दर 7.5 प्रतिशत होगी और यह निवेश 115 महीनों में परिपक्व होगा। राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी) पर ब्याज दर एक अप्रैल से 30 जून, 2024 की अवधि के लिए 7.7 प्रतिशत होगी।

## शेयर और मुद्रा बाजार रहे बंद


**मुंबई।** गुड फ्राइडे 2024 के उपलक्ष्य में शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार में अवकाश रहा। बीएसई (बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज) और एनएसई (नेशनल स्टॉक एक्सचेंज) बंद रहें और सारे ग्लोबल शेयर बाजार भी इसी वजह से बंद रहे। इसके बाद शनिवार और रविवार के दिन पड़ रहे हैं। जब विदेशी शेयर बाजारों सहित भारतीय शेयर बाजार में भी स्टॉक मार्केट की वीकली क्लोजिंग होती है, लिहाजा ये लॉन्ग वीकेंड रहने वाला है और भारतीय-ग्लोबल बाजार लगातार तीन दिन बंद रहेंगे। बीएसई की वेबसाइट पर भारतीय शेयर बाजार की छुट्टियों की लिस्ट के मुताबिक आज इक्विटी सेगमेंट, इक्विटी डेरिवेटिव सेगमेंट और एसएलबी सेगमेंट में कोई ट्रेड नहीं हुआ। करेंसी डेरिवेटिव सेगमेंट में भी गुड फ्राइडे का अवकाश रहा और इसमें अब 1 अप्रैल सोमवार को ही कामकाज होगा।

**किआ इंडिया 700 बिक्री और सेवा टचपाइंच खोलेगी (नई दिल्ली)।** किआ इंडिया इस साल के अंत तक 300 शहरों में करीब 700 बिक्री और सेवा 'टचपॉइंट' खोलने की योजना बना रही है। सेल्टोस और सोनेट जैसे मॉडल बेचने वाली मोटर वाहन विनिर्माता के पास 236 शहरों में 522 ऐसे 'टचपॉइंट' हैं। वह पहले और दूसरी श्रेणी के बाजारों में अपनी उपस्थिति मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

इंडिया के नं 1 तांत्रिक गुरु भवानी जी
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम 21सालों से एक ही स्थान पर
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन,सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
9988289203

ज्योतिष

समस्या बताएं तुरंत समाधान पाये
नौकरी, व्यापार, मनचाहा प्यार, शादी, ग्रहकलेश, पति पत्नी में अनबन, सौतन–दुश्मनो से छुटकारा, मुकदमा रूठो को मनाना, तलाक में बाधा, बनते–बनते काम बिगड़ जाना, लव मैरिज आदि
दीपक शास्त्री
E-13, आर्य समाज रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली–59
8586896357

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## डॉ.प्रमोद पहारिया को प्राइड ऑफ एमपी अवार्ड




**ग्वालियर।** डॉ.मोहन यादव, मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश ने डॉ.प्रमोद पहारिया को प्राइड ऑफ एमपी अवार्ड से सम्मानित किया। उनको यह उपलब्धि रीढ़ की हड्डी का उपचार बिना ऑपरेशन मात्र इंजेक्शन तकनीक से इलाज के क्षेत्र में अमूल्य योगदान के लिए प्राप्त हुई है। डॉ.पहारिया सर गंगाराम अस्पताल नई दिल्ली के पूर्व स्पाइन सर्जन रह चुके हैं।

## नई आवासीय आपूर्ति जनवरी और मार्च में 15 प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली।** देश के आठ प्रमुख शहरों में उच्च मांग के बावजूद जनवरी-मार्च में आवासीय संपत्तियों की नई इकाइयों की आपूर्ति 15 प्रतिशत गिरकर 69,143 इकाई रह गई। रियल एस्टेट सलाहकार कुशमैन एंड वेकफील्ड ने आठ प्रमुख शहरों की प्राथमिक (पहली बिक्री) में नई आवासीय संपत्तियों की आपूर्ति से जुड़े आंकड़े शुक्रवार को जारी किए। आंकड़ों के अनुसार, नई इकाइयों की आपूर्ति बेंगलुरु और मुंबई में बढ़ी, लेकिन दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), चेन्नई, हैदराबाद, पुणे, कोलकाता तथा अहमदाबाद में इसमें गिरावट आई। इस तिमाही (जनवरी-मार्च) में आवासीय संपत्तियों की कुल आपूर्ति में 'हाई-एंड एंड लग्जरी' खंड की हिस्सेदारी 34 प्रतिशत रही। चालू तिमाही में कुल पेशकश में सूचीबद्ध, बड़े तथा क्षेत्रीय रूप से प्रतिष्ठित डेवलपर्स की हिस्सेदारी 38 प्रतिशत से अधिक रही।

# विदेशी निवेशकों ने शेयरों में दो लाख करोड़ से अधिक डाले

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



- देश की मजबूत आर्थिक बुनियाद के कारण बढ़ा निवेश

चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल के बीच देश की मजबूत आर्थिक बुनियाद के चलते विदेशी निवेशकों ने वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय शेयर बाजार में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। मजार्स इन इंडिया के प्रबंध भागीदार भारत धवन ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पूर्वानुमान सर्तकता के साथ आशावादी है। प्रगतिशील नीतिगत सुधारों, आर्थिक स्थिरता और आकर्षक निवेश अवसरों के चलते एफपीआई प्रवाह जारी रहने की उम्मीद है। धवन ने कहा, 'हालांकि, हम वैश्विक भू-राजनीतिक प्रभाव को लेकर सचेत हैं, जिनके चलते बीच-बीच में अस्थिरता आ सकती है, लेकिन हम बाजार के उतार-चढ़ाव से निपटने में रणनीतिक योजना और तत्परता के महत्व पर जोर देते हैं।'विंडमिल कैपिटल के स्मॉलकेस प्रबंधक और वरिष्ठ निदेशक नवीन केआर ने कहा कि एफपीआई के नजरिये से 2024-25 की संभावनाएं मजबूत बनी हुई हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष 2023-24 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय इक्विटी बाजारों में लगभग 2.08 लाख करोड़ रुपये और ऋण या बॉन्ड बाजार में 1.2 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। उन्होंने कुल मिलाकर पूंजी बाजार में 3.4 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया। पिछले दो वित्त वर्षों में शेयरों से शुद्ध निकासी के बाद यह जोरदार वापसी देखने को मिली है।

### अमेरिका व ब्रिटेन के बाजार में रही हलचल

मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक - शोध प्रबंधक हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि अमेरिका और ब्रिटेन जैसे विकसित बाजारों में मुद्रास्फीति और ब्याज दर की दिशा, मुद्रा की स्थिति, कच्चे तेल की कीमतों, भू-राजनीतिक परिदृश्य और घरेलू अर्थव्यवस्था की मजबूती जैसे कारकों से एफपीआई प्रवाह सकारात्मक रहा।

## राशिफल

**मेष** — कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

**वृष** — कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

**मिथुन** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी।

**कर्क** — अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद की स्थिति बन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कन्या** — कुटुम्ब–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

**वृश्चिक** — आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।


**धनु** — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। पठन–पाठन में रुचि रहेगी।

**मकर** — वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के लिए वदिश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

## शब्द पहेली - 5466



**बाएँ से दाएँ**
1.महर्षि वेदव्यास द्वारा रचित महाकाव्य–5
4.आज्ञापत्र, पतंगा–4
7.शरीर, बदन–2
8.होशियार, हुनरमंद–3
9.नस, नाड़ी–2
10.तीर रखने का पात्र–4
11.गधा, गर्दभ–2
13.जो बंदी हो–3
14.पत्नी, भार्या–2
15.दृष्टि, निगाह–3
17.खैरात, दक्षिणा–2
19.अपने ही घर में कैद होना–5
22.भाग्यवाला–5
25.जी, इच्छा–2
26.तन, काया–3
28.दुनिया, संसार–2
29.वेतन–3
30.भीगा हुआ–2
32.सागौन, एक प्रकार की मूल्यवान लकड़ी–4
34.परिणाम,हल,फ्रूट–2
36.सचेग–3
37.राजकपूर,नरगिस की फिल्म–2
38.चाणक्य के समय मगध की राजधानी–4
39.निरस्त करना–2,3

**ऊपर से नीचे**
1.आमिर,मनीषा कोइराला की फिल्म–2
2.रवि, सूर्य–3
3.तमाशा देखनेवाले–5
4.परीक्षण,जांच–3
5.सप्ताह का दिन–2
6.जो नापसंद हो (उर्दू–4)
7.गोविंदा व खुशबू की फिल्म–2,3
10.भाग्य,किस्मत–4
12.क्रिकेट में बनते हैं–2
16.नसीरुद्दीन शाह की एक फिल्म –3
17.खुजली–2
18.रस्सी पर अपराधी को लटकाना–2
20.आवश्यक–3
21.कैदी, बंधक–2
22.इसाई साध्वी–2
23.बालकपन–4
24.असावधान–5
25.महासमुद्र–5
26.सज्जनता, भद्रता–4
27.अभिषेक की फिल्म–2
31.मुद्दा (उर्दू–3)
33.वाचन करनेवाला–3
35.उद्देश्य–2
37.आगमन,आने का भाव–2

### शब्द पहेली- 5465 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | थ | ल | पु | थ | ल | | मा | न | व | ता |
| त | न | | ल | | ल | म्बा | ई | | श | र |
| य | | आ | क | र्ष | क | | न | स | | को |
| धि | क्का | र | ना | | | अ | | च | प | ल |
| का | | क्ष | | भा | गी | दा | र | | र | |
| र | म | ण | यो | ग्य | | व | ज | न | दा | र |
| | ह | | ग | फ | ल | त | | म | | ह |
| द | ल | ना | | ल | | | य | की | न | न |
| श | | का | व्य | | त | न | म | न | | स |
| ह | रा | | स | ला | मी | | य | | य | ह |
| य | ह | ज | न | | ज | हा | ज | चा | ल | न |

## सूडोकु नवताल- 5477

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5476 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| चेन्नई | 2 | 2 | 0 | 4 |
| कोलकाता | 2 | 2 | 0 | 4 |
| राजस्थान | 2 | 2 | 0 | 4 |
| हैदराबाद | 2 | 1 | 1 | 2 |
| पंजाब | 2 | 1 | 1 | 2 |
| बेंगलोर | 3 | 1 | 2 | 2 |
| गुजरात | 2 | 1 | 1 | 2 |
| दिल्ली | 2 | 0 | 2 | 0 |
| मुंबई | 2 | 0 | 2 | 0 |
| लखनऊ | 1 | 0 | 1 | 0 |

ऑरेंज कैप



हेनरिक क्लासेन
143 रन
सनराइजर्स हैदराबाद

पर्पल कैप



मुस्तफिजुर रहमान
06 विकेट
चेन्नई सुपर किंग्स

## खबर संक्षेप




### आलोचनाओं पर ध्यान नहीं दें हार्दिक, यह अप्रासंगिक

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने हार्दिक पंड्या को सलाह दी है कि वह मुंबई इंडियंस का नया कप्तान बनाए जाने के बाद हो रही हूटिंग पर ध्यान नहीं दें क्योंकि यह सभी 'अप्रासंगिक' हैं। इस सत्र की शुरुआत से पहले पांच बार के आईपीएल विजेता कप्तान रोहित शर्मा की जगह मुंबई की कप्तानी संभालने वाले हार्दिक के कप्तानी कार्यकाल की शुरुआत निराशाजनक रही क्योंकि मुंबई की टीम ने शुरुआती दोनों मैच गंवा दिए हैं। दो हार के अलावा गुजरात टाइटंस के पूर्व कप्तान हार्दिक की मुंबई के पहले दो मुकाबलों के आयोजन स्थल अहमदाबाद और हैदराबाद में प्रशंसकों ने खूब हूटिंग की क्योंकि वे रोहित को कप्तानी से हटाने के तरीके से स्पष्ट रूप से नाखुश थे।

### यह संभवतः मेरा सर्वश्रेष्ठ अंतिम ओवर




**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज आवेश खान को लगता है कि इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा चरण में उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जो अंतिम ओवर डाला था, वह 'डेथ ओवरों' में संभवतः उनका सर्वश्रेष्ठ प्रयास था। आवेश को गुरुवार रात को अंतिम ओवर में 17 रन का बचाव करना था और वह आराम से ऐसा करने में भी सफल रहे जिसमें उन्होंने एक के बाद एक यार्कर डालकर प्रतिद्वंद्वी टीम को महज चार रन ही दिए। इससे राजस्थान ने दिल्ली कैपिटल्स पर 12 रन से जीत हासिल की। उन्होंने कहा, ''ऐसा नहीं है कि मैंने पहली बार अंतिम ओवर डाला है। पिछले साल मैंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ ऐसा किया था। जब मैं दिल्ली के लिए खेलता था तो वहां भी अंतिम ओवर डाला था।

### अनुजा के शतक से मध्य क्षेत्र पर पश्चिम क्षेत्र भारी



**पुणे।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर अनुजा पाटिल के आक्रामक शतक से पश्चिम क्षेत्र ने यहां महिला अंतरक्षेत्रीय बहुदिवसीय कप के दूसरे दिन मध्य क्षेत्र के खिलाफ पहली पारी में 111 रन की बढ़त हासिल कर ली। मध्य क्षेत्र के पहली पारी में 245 रन के जवाब में पश्चिम क्षेत्र ने अनुजा की 120 गेंद में 122 रन की पारी के अलावा जेमिमा रोड्रिग्ज (69 रन) के साथ उनकी पांचवें विकेट की 155 रन की साझेदारी से पहली पारी में 356 रन बनाए। मध्य क्षेत्र ने दूसरी पारी में बेहतर शुरुआत करते हुए बिना विकेट खोए 68 रन बना लिए हैं। टीम अब सिर्फ 43 रन से पिछड़ रही है जबकि उसके सभी 10 विकेट शेष हैं। दिन का खेल खत्म होने पर पूनम राउत 32 जबकि नुजहत परवीन 35 रन बनाकर खेल रहीं थी।

# उन्मुक्त चंद आउट, अमेरिका ने 15 सदस्यीय टी-20 टीम का किया ऐलान

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

कनाडा के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए अमेरिका ने अपनी 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। मोनंक पटेल के हाथों में टीम की बागडोर सौंपी गई है। वहीं, एरोन जोन्स को उकप्तानी की जिम्मेदारी मिली है। न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर कोरी एंडरसन को भी टीम में शामिल किया गया है। हालांकि, उन्मुक्त चंद टीम में जगह बनाने में असफल रहे हैं।

अमेरिका की 15 सदस्यीय टीम में कई चौंकाने वाले नाम शामिल हैं। साल 2012 में भारत की अंडर 19 चैंपियन टीम का हिस्सा रहे हरमीत सिंह को भी टीम में शामिल किया गया है। इसके साथ ही आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेल चुके मिलिंद कुमार को भी टीम में रखा गया है।



### अंडर-19 चैंपियन को नहीं मिली जगह

भारत को अंडर-19 चैंपियन बनाने वाले कप्तान उन्मुक्त चंद को अमेरिका की 15 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया है। टी-20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले इस सीरीज को अमेरिका के लिहाज से काफी अहम माना जा रहा है। ऐसे में उन्मुक्त का टीम में ना होना उनके लिए खतरे की घंटी है। साल 2011 विश्व कप में कनाडा की कप्तानी करने वाले नीतिश कुमार की भी इस सीरीज से इंटरनेशनल क्रिकेट में वापसी होने जा रही है। हालांकि, वह अमेरिका की ओर से खेलते हुए नजर आएंगे।

### सीरीज का शेड्यूल

अमेरिका और कनाडा के बीच होने वाली टी-20 सीरीज का आगाज 7 अप्रैल से होगा। दूसरा मुकाबला 9 अप्रैल को खेला जाएगा। वहीं, तीसरा 10 और चौथा मुकाबला 12 अप्रैल को खेला जाना है। सीरीज का अंतिम मैच 13 अप्रैल को खेला जाएगा। सभी मैच टेक्सास में खेले जाने हैं।

### यूएसए टी-20 टीम

मोनांक पटेल (कप्तान), एरोन जोन्स (उप-कप्तान), एंड्रीज गौस, कोरी एंडरसन, गजानंद सिंह, हरमीत सिंह, जेसी सिंह, मिलिंद कुमार, निसर्ग पटेल, नितीश कुमार, नोशतुश केनजिगे, सौरभ नेत्रावलकर, शैडली वान शल्कविक, स्टीवन टेलर, उस्मान रफीक।

### चयन नहीं होने पर भड़के उन्मुक्त

उन्मुक्त चंद ने बांग्लादेश प्रीमियर लीग मेजर लीग क्रिकेट और ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग सहित दुनिया भर की विभिन्न टी20 लीगों अपना जलवा बिखेरा है। वह एमएलसी के इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी हैं। उन्मुक्त ने 45 पारियों में 1500 रन बनाए हैं। हालांकि इसके बाद भी उन्मुक्त का सिलेक्शन यूएसए टीम में नहीं हुआ। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उन्होंने अपनी भड़ास निकाली है। टीम में नहीं चुने जाने के बाद उन्मुक्त चंद ने खराब सिस्टम का का हवाला देकर यूएसए क्रिकेट की आलोचना की है। साथ ही इसे बदलने की सलाह भी दे दी। उन्होंने लिखा, जीवन की विडंबना, मैं लोगों को खराब व्यवस्था और सही परिवर्तनों की आवश्यकता के बारे में शिकायत करते हुए सुनता रहता हूं, लेकिन जब वही लोग सत्ता में आते हैं, तो वे भी वही अन्यायपूर्ण तरीके अपनाते हैं। अब समय आ गया है कि हम अपने अंदर बदलाव लाएं और जो सही है उसके लिए मजबूती से खड़े हों।

## कोलकाता की लगातार दूसरी जीत, वेंकटेश की फिफ्टी

# वेंकटेश और नारायण के तूफान में उड़ा आरसीबी, केकेआर सात विकेट से जीता

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरू

वेंकटेश अय्यर के अर्धशतक और सुनील नारायण की तूफानी पारी से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग में शुक्रवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को सात विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। आरसीबी के 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नाइट राइडर्स ने वेंकटेश (50 रन, 30 गेंद, चार छक्के, तीन चौके) और नारायण (47 रन, 22 गेंद, पांच छक्के, दो चौके) की तूफानी पारियों से 19 गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 186 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। नारायण और फिल सॉल्ट (30 रन, 20 गेंद, दो छक्के, दो चौके) ने पहले विकेट के लिए 6.3 ओवर में 86 रन जोड़कर टीम को ताबड़तोड़ शुरुआत दिलाई जबकि वेंकटेश ने कप्तान श्रेयस अय्यर (नाबाद 39 रन, 24 गेंद, दो चौके, दो छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिए 75 रन जोड़कर जीत की राह आसान की। केकेआर इस तरह मौजूदा सत्र में मेजबान टीम को हराने वाली पहली टीम बना। आरसीबी ने इससे पहले कोहली की 59 गेंद में चार छक्कों और चार चौकों से नाबाद 83 रन की पारी की बदौलत छह विकेट पर 182 रन बनाए। कोहली ने कैमरन ग्रीन (33) के साथ दूसरे विकेट के लिए 65 और ग्लेन मैक्सवेल (28) के साथ तीसरे विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी भी की। दिनेश कार्तिक ने अंत में आठ गेंद में तीन छक्कों की मदद से 20 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे केकेआर को नारायण और सॉल्ट ने तूफानी शुरुआत दिलाई। सॉल्ट ने सिराज के पहले ओवर में दो छक्कों और एक चौके से शुरुआत की जबकि नारायण ने तीसरे ओवर में अल्जारी जोसेफ पर दो छक्के मारे। नारायण ने छठे ओवर में यश दयाल को निशाना बनाते हुए उनके ओवर में दो छक्कों और एक चौके से 21 रन जुटाए। केकेआर ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 85 रन बनाए जो मौजूदा सत्र में शुरुआती छह ओवर में किसी टीम का सर्वाधिक स्कोर है। मयंक डागर ने सातवें ओवर में नारायण को बोल्ड करके आरसीबी को पहली सफलता दिलाई। विजय कुमार विशाख ने अगले ओवर में सॉल्ट को डीप स्क्वायर लेग पर ग्रीन के हाथों कैच कराके नाइट राइडर्स का स्कोर दो विकेट पर 92 रन किया। वेंकटेश ने नौवें ओवर में डागर पर छक्के के साथ टीम के रनों का शतक पूरा किया और फिर जोसेफ के ओवर में दो छक्के और दो चौके मारे। वेंकटेश ने सिराज पर छक्के और एक रन के साथ 29 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। केकेआर को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए सिर्फ 16 रन की दरकार थी। वेंकटेश ने दयाल की गेंद पर कोहली को कैच थमाया लेकिन अय्यर और रिंकू सिंह (नाबाद 05) ने टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचा दिया। कोहली ने इस बीच वेंकटेश के कैच के साथ आईपीएल में सर्वाधिक 109 कैच के सुरेश रैना के रिकॉर्ड की बराबरी की। अय्यर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। कोहली ने मिशेल स्टार्क (बिना विकेट के 47 रन) की पारी की पहली गेंद पर चौके से खाता खोला जबकि कप्तान फाफ डुप्लेसी (08) ने हर्षित राणा पर छक्का मारा लेकिन इस तेज गेंदबाज की अगली गेंद को शॉर्ट थर्ड मैन पर स्टार्क के हाथों में खेल गए। कोहली ने अगले ओवर में स्टार्क की लगातार गेंदों पर छक्का और चौका मारा जबकि ग्रीन ने भी चौके से खाता खोला। ग्रीन ने 500वां टी20 खेल रहे सुनील नारायण का स्वागत छठे ओवर में लगातार दो चौकों और एक छक्के के साथ किया जिससे आरसीबी ने पावर प्ले में एक विकेट पर 61 रन बनाए। कोहली ने भी इस ऑफ स्पिनर पर छक्का जड़ा।




### बेंगलोर-182/6 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| विराट कोहली नाबाद | 83 |
| डुप्लेसी का स्टार्क बो हर्षित | 08 |
| कैमरन ग्रीन बो रसेल | 33 |
| मैक्सवेल का रिंकू बो नारायण | 28 |
| रजत पाटीदार का रिंकू बो रसेल | 03 |
| अनुज का सॉल्ट बो हर्षित | 03 |
| दिनेश कार्तिक रन आउट | 20 |

अतिरिक्त: 04
कुल:20 ओवर में छह विकेट पर: 182 रन
विकेट पतन: 1-17, 2-82, 3-124, 4-144, 5-151, 6-182
गेंदबाजी: स्टार्क 4-0-47-0, हर्षित 4-0-39-2, अनुकूल 2-0-6-0, नारायण 4-0-40-1, रसेल 4-0-29-2, चक्रवर्ती 2-0-20-0

### कोलकाता-186/3 (16.5)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| फिल सॉल्ट का ग्रीन बो विशाख | 30 |
| सुनील नारायण बो डागर | 47 |
| अय्यर का कोहली बो दयाल | 50 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 39 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 05 |

अतिरिक्त: 15
कुल: 16.5 ओवर में तीन विकेट पर: 186 रन
विकेट पतन: 1-86, 2-92, 3-167
गेंदबाजी: सिराज 3-0-46-0, दयाल 4-0-46-1, जोसेफ 2-0-34-0, डागर 2.5-0-23-1, विशाख 4-0-23-1, ग्रीन 1-0-7-0

टेनिसः ग्रैनोलर्स-जेबालोस की जोड़ी को दी करारी मात

# बोपन्ना-इबडेन मियामी खिताब से एक कदम दूर



एजेंसी ▶▶| मियामी

भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके आस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू इबडेन की जोड़ी ने यहां मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस पर सीधे सेट में जीत से मियामी ओपन के पुरुष युगल फाइनल में प्रवेश किया। आस्ट्रेलियाई ओपन के विजेता बोपन्ना और इबडेन को गुरुवार रात सेमीफाइनल में स्पेन के ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के जेबालोस की जोड़ी पर 6-1, 6-4 की जीत के दौरान जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा। फाइनल में बोपन्ना और इबडेन का सामना क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिसेक की जोड़ी से होगा जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में जर्मनी के केविन क्रावेट्ज और टिम पुट्ज की जोड़ी को 6-4, 6-7(7), 10-7 से मात दी। बोपन्ना दुबई चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में मिली हार और इंडियन वेल्स मास्टर्स के राउंड 32 से बाहर होने से युगल रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गए थे लेकिन इस जीत से उन्हें सोमवार को अपडेट होने वाली रैंकिंग में फिर से शीर्ष स्थान पर पहुंचने में मदद मिलेगी।

### दिमित्रोव ने शीर्ष वरीय अल्काराज को हराया

आठवें वरीय ग्रिगोर दिमित्रोव ने मियामी ओपन के क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीय कार्लोस अल्काराज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए 6-2, 6-4 से जीत हासिल की। दिमित्रोव की यह करीब पांच वर्ष में शीर्ष पांच रैंकिंग के खिलाड़ी पर पहली जीत है। अब वह शुक्रवार को सेमीफाइनल में चौथे वरीय एलेक्जैंडर ज्वेरेव से भिड़ेंगे जिन्होंने गुरुवार रात को गैर वरीय फैबियन मारोजसान पर 6-3, 7-5 से जीत हासिल की। दूसरे वरीय यानिक सिनर का सामना दूसरे सेमीफाइनल में तीसरी रैंकिंग के खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव से होगा जो पिछले साल के फाइनल का दोहराव होगा जिसमें मेदवेदेव विजेता रहे थे।

# नियमों को लेकर जंग, पोंटिंग-गांगुली की वजह से बीच में रोका गया मैच

एजेंसी ▶▶| जयपुर

आईपीएल के नौवें लीग मैच में दिल्ली कैपिटल्स के हेड कोच रिकी पोंटिंग और टीम के डॉयरेक्टर सौरव गांगुली ने बवाल मचा दिया। दोनों की वजह से इस मैच को कुछ देर के लिए रोकना पड़ा। हालांकि, अंपायर नितिन मेनन ने दोनों को समझाकर मामला शांत कराया और मैच दोबारा शुरू हुआ। दरअसल, यह घटना दिल्ली की पारी के पहले ओवर की है। दो गेंदों के बाद अचानक मैच रोक दिया गया। पोंटिंग और गांगुली ने रोवमैन पॉवेल के मैदान पर पहुंचने पर आपत्ति जताई। उन्होंने डगआउट से ही अंपायर्स से बहस करना शुरू कर दिया। राजस्थान ने शिमरोन हेटमायर की जगह नांद्रे बर्गर को इम्पैक्ट सब के रूप में चुना था। टीम ने उन्हें प्लेइंग 11 का हिस्सा दिल्ली की पारी शुरू होने से पहले बना लिया। रिकी पोंटिंग और गांगुली इंपैक्ट सब के नियम को ठीक ढंग से समझने में नाकाम दिखे, क्योंकि राजस्थान की टीम ने अपनी प्लेइंग 11 में सिर्फ तीन विदेशी खिलाड़ियों को जगह दी थी।



ऐसे में पॉवेल को मैदान पर देखते ही दिल्ली का मैनेजमेंट बौखला गया, उन्हें लगा कि पॉवेल पांचवें विदेशी खिलाड़ी हैं जबकि हेटमायर को पारी की शुरुआत में बर्गर से बदल दिया गया था। ऐसे में राजस्थान की टीम पॉवेल सहित सिर्फ चार विदेशी खिलाड़ियों के साथ मैदान पर खेल रही थी। इनमें पॉवेल, नांद्र बर्गर, जोस बटलर और ट्रेंट बोल्ट शामिल थे। उन्हें कुछ देर के लिए सब्स्टीट्यूट फील्डर के तौर पर रखा था।

### फ्रांस ने ओलंपिक के लिए मांगी विदेशी पुलिस और सैन्य मदद

*पेरिस। फ्रांस का कहना है कि उसने 46 देशों से पूछा है कि क्या वे इन गर्मियों में पेरिस ओलंपिक की सुरक्षा में मदद के लिए दो हजार से अधिक पुलिस अधिकारी मुहैया कराने के लिए तैयार हैं। आयोजक संभावित हमलों के खिलाफ कड़ी सतर्कता बरतते हुए एक सदी में फ्रांसीसी राजधानी के पहले खेलों के लिए सुरक्षा योजना को अंतिम रूप दे रहे हैं। आंतरिक मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि विदेशी सुरक्षा सहायता के लिए अनुरोध जनवरी में किया गया था जिसमें लगभग दो हजार 185 सुरक्षाकर्मियों की मांग की गई थी। मंत्रालय ने कहा कि अधिकारियों से खेलों की सुरक्षा और 'दर्शकों के अनुभव' तथा 'अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने' में मदद मांगी गई है।*

## इंग्लैंड ने 4-1 से जीती सीरीज...




**वेलिंग्टन।** इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम ने पांच मैचों की सीरीज 4-1 से जीत लिया। शुक्रवार को पांचवे मैच में मेजबान न्यूजीलैंड को 5 विकेट से शिकस्त मिली। पहले बललेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने 6 विकेट पर 136 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम ने 18 .5 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 138 रन बनाकर लक्ष्य को हासिल कर लिया।

पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबला आज शाम 7.30 बजे

# जीत के लिए आलराउंड प्रयास करेंगे सुपर जायंट्स

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

केएल राहुल की अगुआई वाली लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम जब शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग के दूसरे मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी तो उसकी निगाहें हर विभाग में बेहतर प्रदर्शन करने पर लगी होंगी। लखनऊ सुपर जायंट्स को चंडीगढ़ में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में 20 रन से हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में क्रुणाल पंड्या को छोड़कर लखनऊ के सभी गेंदबाजों ने रन लुटाए थे और वे प्रभावित नहीं कर सके। मार्क वुड और डेविड विली की अनुपस्थिति में एलएसजी के तेज गेंदबाज कमजोर दिखे जिसमें मोहसिन खान, नवीन उल हक और यश ठाकुर से जिम्मेदारी उठाने की उम्मीद थी। आगामी टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाने की मुहिम में जुटे रवि बिश्नोई टीम के आईपीएल में शुरुआती मैच में साधारण दिखे। कप्तान राहुल ने भी टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका निभाने का फैसला किया और वापसी वाले मैच में 58 रन की पारी खेली जिससे वह अगले मैच में इससे और बेहतर करना चाहेंगे। साथ ही वह उम्मीद करेंगे कि उनकी सलामी जोड़ीदार क्विंटन डिकॉक पंजाब किंग्स के खिलाफ अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापसी करे। टीम को देवदत्त पडीक्कल, आयुष बडोनी, दीपक हुड्डा और क्रुणाल से भी निचले क्रम में अच्छे प्रदर्शन की आस होगी।




### पावरप्ले में रन गति में तेजी लाने की जरूरत

पंजाब किंग्स ने अभी तक दो में एक में जीत हासिल की जबकि एक में उसे हार मिली। शिखर धवन की अगुवाई वाली टीम को पावरप्ले में रन गति में तेजी लाने की जरूरत है और ऐसा तभी होगा जब पहले दो मैच में विफल रहने वाले जॉनी बेयरस्टो धमाकेदार बल्लेबाजी करें। सिर्फ आईपीएल में खेलने वाले धवन को भी आगे अपने स्ट्राइक रेट में तेजी लाने की जरूरत है। उन्होंने खुद ही स्वीकार किया था कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ बल्लेबाजी धीमी रही थी। प्रभसिमरन सिंह अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए हैं।

# सिंधू हारी, सिक्की-सुमित स्पेन मास्टर्स के सेफा में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत की पीवी सिंधू कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूव शुक्रवार को यहां मैड्रिड स्पेन मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की सुपानिदा केटथोंग के खिलाफ शिकस्त के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। पिछले साल इस टूर्नामेंट की उप विजेता रहीं सिंधू ने पहले गेम में कई गेम प्वाइंट बचाए लेकिन इसके बावजूद उन्हें थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 24-26 21-17 22-20 से हरा दिया। स्पेन की कैरोलिना मारिन के हटने के बाद खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रहीं दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने अंत में धैर्य खो दिया और कोर्ट पर अपना रैकेट दे मारा जिसके लिए चेयर अंपायर ने उन्हें पीला कार्ड दिखाया। पीला कार्ड गलत आचरण की चेतावनी के लिए दिया जाता है। एन सिक्की रेड्डी और बी सुमित रेड्डी की दंपत्ति जोड़ी ने रेहान नोफल कुशारजंतो और लिसा आयु कुसुमावती की इंडोनेशिया की चौथी वरीय जोड़ी को कड़े मुकाबले में 14-21 21-11 21-17 से हराकर मिश्रित युगल सेमीफाइनल में जगह बनाई। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की तीसरी वरीय महिला युगल जोड़ी को हालांकि क्वार्टर फाइनल में ली चिया सिन और टेंग चुन सुन की चीनी ताइपे की छठी वरीय जोड़ी के खिलाफ 13-21 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधू ने दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी सुपानिदा के खिलाफ आठ में से पांच मुकाबले जीते हैं और दोनों खिलाड़ियों के बीच पिछले दो साल में कुछ रोमांचक मुकाबले खेले गए हैं। सिंधू की शुरुआती धीमी रही और वह जल्द ही 3-7 से पिछड़ गईं। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि इसके बाद वापसी करते हुए स्कोर 14-10 किया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109




## अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत जता चुका है अपना कड़ा विरोध

# अमेरिका और जर्मनी के बाद यूएन ने की केजरीवाल की गिरफ्तारी पर टिप्पणी

*केजरीवाल की गिरफ्तारी पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस के प्रवक्ता ने उम्मीद जताई कि भारत और जिस भी देश में चुनाव हो रहे है वहां के लोगों के राजनीतिक और नागरिक अधिकारों की रक्षा हो।*

एजेंसी ▶▶ न्यूयार्क

भारत की राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस पार्टी के अकांउट फ्रीज किए जाने के सवाल पर जर्मनी, अमेरिका के बाद अब संयुक्त राष्ट्र ने भी टिप्पणी की है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि उसे उम्मीद है कि हर कोई स्वतंत्र और निष्पक्ष माहौल में भारत में होने वाले लोकसभा चुनावों में मतदान कर सकेगा।

पूर्व में जर्मनी और अमेरिका ने भी प्रतिक्रिया दी थी। जिसके बाद भारत ने कड़ा एतराज जताते हुए जर्मन और अमेरिकी डिप्लोमैट को तलब किया था। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने उम्मीद जताई कि भारत और जिस भी देश में चुनाव हो रहे हैं वहां के लोगों के राजनीतिक और नागरिक अधिकारों की रक्षा हो।

### खास बातें

- भारत के मामलों का विदेश में हो रहा दुष्प्रचार, तनाव बढ़ने के आसार
- दो दिन पहले ही भारत ने अमेरिका को सुनाई थी खरी-खोटी



### खास बातें

- संयुक्त राष्ट्र में महासचिव ने उठाया भारत का मुद्दा, की टिप्पणी
- भारत बोला- हमारी न्यायपालिका पर सवाल उठाना अनुचित

### जर्मन डिप्लोमैट को भी भारत ने किया था तलब

जर्मनी के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि हमने इसे नोट किया है। भारत एक लोकतांत्रिक देश है। हमें उम्मीद है कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता और बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांतों से संबंधित सभी मानकों को इस मामले में भी लागू किया जाएगा। केजरीवाल को निष्पक्ष सुनवाई का पूरा अधिकार है। निर्दोष होने के अनुमान कानून के शासन का एक प्रमुख तत्व है और वो इस केस में भी लागू होना चाहिए। इस टिप्पणी पर भारत ने कड़ा एतराज जताते हुए कहा था कि हम ऐसी टिप्पणियों को हमारी न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप और न्यायपालिका की स्वतंत्रता को कमजोर करने के रूप में देखते हैं। जिस तरह भारत और अन्य लोकतांत्रिक देशों में कानून अपना काम करता है, इस मामले में भी कानून अपना काम करेगा। इस मामले में पक्षपातपूर्ण धारणाएं बनाना अनुचित है।

### बाहरी ताकत के प्रभाव से बचाने के लिए प्रतिबद्धः विदेश मंत्रालय

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्रालय की हालिया टिप्पणी अनुचित है। हमारी चुनावी और कानूनी प्रक्रियाओं को लेकर की गई बाहरी टिप्पणी स्वीकार्य नहीं है। भारत में कानूनी प्रक्रियाएं सिर्फ कानून से चलती है। कोई भी सहयोगी देश और खासकर लोकतांत्रिक देशों को इस प्रक्रिया की सराहना करने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। भारत को अपने स्वतंत्र और मजबूत लोकतांत्रिक संस्थानों पर गर्व है और हम इन्हें किसी भी बाहरी ताकत के प्रभाव से बचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

#### इस आरोप में हुई जेल

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दिल्ली शराब नीति में घोटाले के आरोप में अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज करने के आरोपों पर अमेरिका ने दो बार टिप्पणी की है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता ने सोमवार को भी कहा कि अमेरिका अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की रिपोर्ट पर बारीकी से नजर रख रहा है और एक निष्पक्ष कानूनी प्रक्रिया का बढ़ावा देता है। अमेरिका की इस टिप्पणी पर विदेश मंत्रालय ने कहा था कि भारत की कानूनी प्रक्रियाएं एक स्वतंत्र न्यायपालिका पर आधारित हैं, जो ऑब्जेक्टिव और समय पर फैसलों के लिए प्रतिबद्ध है। भारतीय न्यायपालिका पर सवाल उठाना अनुचित है।

बाल्टीमोर में ब्रिज गिरने से पहले मच गया था हड़कंप

## मिल गया जहाज के ब्लैक बॉक्स का ऑडियो, अब खुलेंगे राज

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



अमेरिका के बाल्टीमोर में सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात एक दर्दनाक हादसा हुआ था। यहां पर एक मालवाहक जहाज एक पुल से टकरा गया। टक्कर लगने के बाद पुल ताश के पत्तों की तरह बिखर गया। कंटेनर जहाज पर सवार चालक दल के सभी सदस्य भारतीय थे। इस घटना से पूर्वोत्तर अमेरिका में सबसे जरूरी बंदरगाहों में से एक पर कामकाज ठप हो गया है। जानकारों का मानना है कि पुल को दोबारा बनाने में तकरीबन दो साल का समय लग सकता है। इसे फिर से तैयार करने में करीब 350 मिलियन डॉलर का खर्च आएगा। इस मामले की जांच कर रही टीम के हाथ एक जरूरी चीज हाथ लगी है। जांच करने वाले एक अधिकारी मार्सेल मुइज का कहना है कि तटरक्षक बल ने मंगलवार को ब्लैक बॉक्स के वीडीआर से ऑडियो बरामद किया है। इस ऑडियो को एनटीएसबी अधिकारियों को दे दिया गया है।

### ब्लैक बॉक्स से मिली जानकारी

*इस ब्लैक बॉक्स से यह जानकारी मिली है कि सोमवार रात 12.30 बजे डाली को दो बड़ी नावों की मदद से बंदरगाह से रवाना कर दिया गया था। इस जहाज में भारत के 21 चालक दल मौजूद थे और सभी श्रीलंका की लंबी यात्रा पर जा रहे थे। करीब 1 बजे के आसपास जहाज मैकहेनरी के चैनल में घुस चुका था। 1.30 बजे वीडीआर ने जहाज के सिस्टम के डेटा को रिकॉर्ड करना शुरू कर दिया था। इसके कुछ समय बाद जहाज के पायलट ने एक रेडियो कॉल को प्रसारित किया और मदद मांगनी शुरू की। पायलट ने रेडियो पर बताया कि डाली पर नियंत्रण खो रहा है और फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज की तरफ जा रही है। डेढ़ बजे ही डाली के पुल से टकराने की आवाज सुनाई दीं। फिर पायलट ने ब्रिज के गिरने की जानकारी दी।*

### मीना होंगे नाइजर में भारत के अगले राजदूत

**नई दिल्ली।** सीता राम मीना को नाइजर गणराज्य में भारत के अगले राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है। वर्तमान में वे विदेश मंत्रालय में निदेशक है। यह एक घोषित धर्मनिरपेक्ष राज्य है। नाइजर में यूरेनियम, सोना, लौह अयस्क, फॉस्फेट, लिथियम, नैट्रम, तेल और गैस जैसे खनिज संसाधन हैं।

